शिवपुरी ■ शनिवार 25 जनवरी 2025 ■ वर्ष -25 ■ अंक-236 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज



# शराबबंदी



# पहली बार... एक अप्रैल से मध्यप्रदेश के धार्मिक नगरों में नहीं बिकेगी शराब

**सबसे खास बात :** जो दुकानें बंद होंगी, उनके बदले दूसरी नहीं खुलेगी

**निर्णय का दायरा :** एक ननि, 6 नपा, 6 नगर परिषद और 6 पंचायत शामिल

## मोहन राज में लिया गया अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक फैसला

**प्रमुख स्थल :** उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मंडला, मुलताई, मंदसौर, अमरकंटक, सलकनपुर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना सहित 19 नगर होंगे शराब मुक्त

- विशेष परिस्थिति में मंत्रियों को ट्रांसफर करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी
- मोहन कैबिनेट ने नारी सशक्तिकरण मिशन को दी मंजूरी
- कैबिनेट लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की नगरी महेश्वर में आयोजित कैबिनेट बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस बैठक में सीएम ने महिलाओं-किसानों-छात्रों को भी बड़ी सौगात दी है।

सरकार ने खरगोन के महेश्वर में मध्य प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों में शराबबंदी करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक अप्रैल से अब प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों में शराब दुकानें बंद होंगी। कैबिनेट ने फैसला लिया है कि जो दुकानें बंद की जाएंगी, उन दुकानों के बदले कोई और दुकान नहीं खोली जाएगी। सीएम ने बताया कि मप्र के शहरों में धार्मिक महत्व को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। नर्मदा नदी के दोनों किनारों के पांच-पांच किमी के दायरे में कोई शराब दुकान नहीं रहेगी।

### उज्जैन में अब पूर्ण शराबबंदी

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महाकाल ज्योतिर्लिंग होने के कारण उज्जैन को शराब से मुक्त किया जा रहा है। यहां कि सभी दुकानें बंद की जाएंगी। यानी कि उज्जैन नगर निगम का दायरा शराब से मुक्त रहेगा। इसके अलावा अलग-अलग नगर पालिकाएं, नगर पंचायतें भी पूरी तरह से शराब मुक्त की गई हैं।

## सीएम के सामने टेबल पर रखी गई अहिल्या माता की मूर्ति



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा और गादी पूजन कर नमन किया।

**दतिया-मैहर में पूरी तरह बैन:** बड़ी जगह जहां पर धार्मिक कारणों से शराब बंदी लागू की गई है, उनमें दतिया मुख्य है। पीतांबरा पीठ होने की वजह से शराब बंदी की गई है। अमरकंटक नर्मदा का उद्गम स्थल है। मंदसौर में पशुपतिनाथ का मंदिर है। मैहर में माता शारदा विराजित हैं, इसलिए यहां भी शराबबंदी की गई है। सीएम ने कहा कि मां नर्मदा के दोनों तटों के पांच किमी में शराबबंदी की नीति फिलहाल यथावत जारी रहेगी।

- **विधवा महिलाओं को विवाह करने पर मिलेंगे 2 लाख रुपए**
- **महू के आंबेडकर विश्वविद्यालय के लिए 25 करोड़ दिए जाएंगे**

### दूसरी जगह शिफ्ट भी नहीं करेंगे

सीएम ने बताया कि राज्य शराबबंदी की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। हमने तय किया है कि राज्य धीरे धीरे शराबबंदी की तरफ बढ़े। इसी क्रम में नीतिगत निर्णय हुआ है। इसके लिए पहले चरण में 19 धार्मिक नगरों को चुना गया है। इनमें नपा, नगर परिषद और नपं क्षेत्रों में शराब की दुकानें बंद कर दी जाएंगी, और इन दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट भी नहीं किया जाएगा। यह निर्णय हमेशा के लिए शराबबंदी के लिए लिया गया है।

### यहां की शराब दुकानों पर लगेगा ताला

उज्जैन नगर निगम, मंडला-नगर पालिका, मुलताई नगर पालिका, मंदसौर नगर पालिका, अमरकंटक नगर पालिका, सलकनपुर ग्राम पंचायत, बरमानकलां, लिंगा, बरमानखुर्द ग्राम पंचायत, कुंडलपुर ग्राम पंचायत, बांदकपुर ग्राम पंचायत, ओंकारेश्वर नगर पंचायत, महेश्वर नगर पंचायत, मंडलेश्वर नगर पंचायत, ओरछा नगर पंचायत, मैहर नगर पालिका, चित्रकूट नगर पंचायत, दतिया नगर पालिका और पन्ना नगर पालिका शामिल हैं।

### किसानों को बड़ी सौगात

किसानों के लिए भी मप्र सरकार ने निर्णय किया है कि जो किसान अस्थाई विद्युत पंप पर निर्भर रहते हैं ऐसे लगभग 2 लाख किसानों को 3 हॉर्स पावर से लेकर 7.5 हॉर्स पावर तक 10 फीसदी की राशि वह देंगे तो उन्हें पूरा पंप सरकार की तरफ से दिया जाएगा। एक तरह से बिजली फ्री हो जाएगी। महू में स्थापित आंबेडकर विश्वविद्यालय के लिए 25 करोड़ दिए जाएंगे। इसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा।

### मंत्री अपने विभाग में कर सकेंगे तबादला

**अप्रैल में लागू होगी ट्रांसफर पॉलिसी**

कैबिनेट में मंत्रियों को उनके विभाग में विशेष परिस्थिति में ट्रांसफर करने की मंजूरी दी गई है। अप्रैल में ट्रांसफर पॉलिसी के लागू होने तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। मंत्री गंभीर बीमारी या शारीरिक/ मानसिक दिव्यांगता के आधार पर। कोर्ट आदेश के तहत, यदि सरकार के पास कोई अन्य कानूनी विकल्प न हो। गंभीर शिकायतें, अनियमितताएं, या लापरवाही के मामलों में। लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू, या पुलिस द्वारा आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने पर। निलंबन, त्यागपत्र, सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, या मृतक कर्मचारी की रिक्ति पर तबादला किया जा सकेगा। यदि किसी प्रोजेक्ट के लिए पदस्थ अधिकारी का कार्य पूरा हो चुका है तो उसका भी तबादला किया जा सकेगा।

### कल्याणी विवाह को प्रोत्साहन

नारी सशक्तिकरण की दिशा में नई योजना बनाई गई है। महिलाओं को शिक्षा-स्वास्थ्य-पोषण-सुरक्षा-वित्त सहित हर तरह से सशक्त बनाएंगे। विधवा बहनों के लिए कल्याणी योजना शुरू की गई है। इसके तहत अगर कोई विधवा बहन विवाह करके जीवन को बेहतर बनाना चाहती है तो उसे दो लाख की आर्थिक मदद की जाएगी।

### होल्कर साम्राज्य की संस्कृति को किया याद

सीएम मोहन यादव ने होल्कर साम्राज्य की संस्कृति को भी याद किया। उन्होंने कहा कि होल्कर साम्राज्य का सांस्कृतिक क्षेत्र तो बड़ा था ही, उनका भौगोलिक क्षेत्र भी बड़ा था। हम लोकमाता मां अहिल्याबाई के आदर्शों को चरितार्थ करने का प्रयास कर रहे हैं। मां नर्मदा का आशीर्वाद हमारे साथ है।

---

## ब्रीफ न्यूज

### टेस्ट टीम ऑफ ईयर में रोहित कोहली और गिल नहीं

**नई दिल्ली।** आईसीसी की टेस्ट टीम ऑफ ईयर में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल को जगह नहीं मिली है। यशस्वी जायसवाल, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को जगह दी गई है। पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है।

### सैफ की मेडिकल रिपोर्ट में पांच चोटों का उल्लेख

**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान को पांच जगहों पर चाकू घोंपा गया था। पीठ, कलाई, गर्दन, कंधे और कोहनी पर चोटें लगी थीं। सैफ की मेडिकल रिपोर्ट से यह पता चला है। चोटों का आकार 0.5 सेंमी से लेकर 15 सेमी तक है।

### विक्की कौशल की फिल्म छावा को लेकर विरोध

**मुंबई।** विक्की कौशल की अपकमिंग फिल्म छावा को लेकर विरोध हो रहा है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इसमें छत्रपति संभाजी के किरदार में नजर आए विक्की कौशल डांस करते दिखे हैं। इस पर पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे छत्रपति ने नाराजगी जाहिर की है।

### आप विधायक के बेटे की बुलेट जब्त-चालान

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने चेकिंग के दौरान बहस होने पर आप के विधायक अमानतुल्लाह के बेटे मो. अनस की बाइक जब्त कर ली और 20 हजार जुर्माना लगाया। पुलिस टीम ओखला इलाके में गुरुवार रात रिपब्लिक डे के चलते चेकिंग कर रही थी।

## ऑर्डनेंस फैक्ट्री में धमाका आठ लोगों की मौत

7 लोग गंभीर 5 का रेस्क्यू 15 के फंसने की आशंका

### महाराष्ट्र के भंडारा में 5 किमी तक गूंजी धमाके की आवाज

एजेंसी ■ मुंबई

महाराष्ट्र के भंडारा में सेना की हथियार फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह 10:30 बजे धमाका हुआ। हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, 7 गंभीर घायल हैं। भंडारा कलेक्टर संजय कोलते ने बताया कि धमाके से फैक्ट्री की छत गिर गई, जिसमें 15 लोगों के फंसे होने की आशंका है।

धमाका इतना तेज था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। धमाके के बाद लोहे और पत्थर के टुकड़े दूर-दूर बिखरे हुए दिखाई दिए। विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्ट्री के एलटीपी सेक्शन में हुआ। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने भी हादसे में गिरी छत के नीचे 15 लोगों के फंसे होने की जानकारी दी। जवाहरनगर स्थित ऑर्डनेंस फैक्ट्री में यह ब्लास्ट हुआ है। यहां आरडीएक्स बनाने के लिए किया जाता है। इसी में यह विस्फोट हुआ। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। जिस इमारत में विस्फोट हुआ, वह पूरी तरह नष्ट हो गई है।



## ममता कुलकर्णी बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले में अब जानी मानी फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी की एंट्री हो गई है। ममता गृहस्थ जीवन से संन्यास लेकर अब संतों का जीवन व्यतीत करेंगी। दरअसल, वो महामंडलेश्वर बन गई हैं। शुक्रवार को ममता कुलकर्णी भगवा वस्त्र धारण कर महाकुंभ के सेक्टर नंबर-16 में स्थित किन्नर अखाड़े के शिविर में पहुंचीं। यहां पर उनका पट्टाभिषेक किया गया। किन्नर अखाड़े की के अनुसार अभिनेत्री कुलकर्णी अब किन्नर अखाड़ा में महामंडलेश्वर बन गई हैं। संगम पर पिंडदान के बाद उनका पट्टाभिषेक किन्नर अखाड़े में सायं छह बजे किया गया। उनका नाम अब श्री यामिनी ममता नंद गिरि होगा।



यामिनी ममता नंद गिरि अब कहलाएंगी

## जेपीसी की बैठक में हंगामा: दस सांसद एक दिन के लिए सस्पेंड

- टीएमसी सांसद बनर्जी और कांग्रेस नसीर हुसैन को निकाल दिया बाहर
- वक्फ संशोधन बिल : भड़के कल्याण बनर्जी बोले-समिति बन गई तमाशा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी की बैठक जमकर हंगामा हुआ। कल्याण बनर्जी ने कहा कि समिति की कार्यवाही एक तमाशा बन गई है। वहीं टीएमसी सांसद बनर्जी और कांग्रेस सदस्य नसीर हुसैन को बैठक से बार निकाल दिया गया। फिर समिति ने 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया है। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। इससे पहले बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी। बैठक में हुए हंगामे के बाद वक्फ विधेयक पर जेपीसी की बैठक से सभी 10 विपक्षी सांसदों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल हैं।



## अब अमूल दूध एक रुपए मिलेगा सस्ता

**दूध की घटाई कीमत, जनता को राहत**

**अहमदाबाद।** अमूल दूध की कीमतों में कमी की गई है। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयन मेहता ने कहा है कि उसके तीन प्रमुख दूध उत्पादों की कीमत में एक रुपए की कमी की गई है। इनमें अमूल गोल्ड, अमूल टी स्पेशल और अमूल फ्रेश शामिल है। एक लीटर की कीमत में एक रुपए की कमी की गई है। घोषणा के बाद 66 रुपए लीटर के भाव पर बिकले वाला अमूल गोल्ड 65 रुपए में उपलब्ध होगा। वहीं, अमूल ताजा की कीमत 54 से घटकर 53 रुपए रह जाएगी। जबकि, अमूल टी स्पेशल दूध के एक लीटर के पैक की कीमत 62 से 61 रुपए हो जाएगी।

**सख्ती** डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही शुरू हो गया एक्शन, एक आतंकी को भी किया डिपोर्ट

## अमेरिका में 538 अवैध प्रवासियों को किया गया गिरफ्तार

एजेंसी ■ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन लगातार अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी बीच अमेरिका में सैकड़ों अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया और उन्हें निर्वासित किया गया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों ने 538 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया है और सैन्य विमान का उपयोग करके सैकड़ों को निर्वासित किया है। कैरोलिन लेविट ने कहा-ट्रम्प प्रशासन ने 538 अवैध अप्रवासी अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक संदिग्ध आतंकवादी, ट्रेन डी अरागुआ गिरोह के चार सदस्य और नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के दोषी कई अवैध अपराधी शामिल हैं। उन्होंने कहा- ट्रंप प्रशासन ने सैकड़ों अवैध अप्रवासी अपराधियों को सैन्य विमानों के जरिए निर्वासित भी किया। इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान अच्छी तरह से चल रहा है। वादे किए गए। वादे पूरे किए गए। व्हाइट हाउस ने आगे कहा कि हमारे देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए सरकार द्वारा यह एक छोटी सी झलक है।



### अमेरिका के साथ हमारे संबंध मजबूत



अमेरिका समेत किसी भी जगह निर्धारित समय से अधिक और बिना उचित दस्तावेज के रहने वाले भारतीय नागरिकों को हम वापस लाएंगे। मगर शर्त यह है कि उनकी राष्ट्रीयता को सत्यापित करने वाले आवश्यक दस्तावेजों को हमारे साथ साझा किया जाए। भारत-अमेरिका संबंध बहुत मजबूत और बहुआयामी हैं। दोनों देशों के आर्थिक संबंध बहुत खास हैं। **रणधीर जायसवाल,** प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय, भारत

## सावधान! अफवाह फैलाने वालों पर गिरेगी सीबीएसई की गाज

- 10वीं-12वीं परीक्षा के लिए गाइडलाइंस जारी
- 10वीं-12वीं परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी
- 44 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए कराया रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही है। बोर्ड और स्कूलों के स्तर पर फिलहाल, एग्जाम की तैयारियां जोरों पर है। इसी क्रम में बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के लिए गाइडलाइंस जारी कर दी गई है। बोर्ड की ओर से जारी किए गए इन दिशा-निर्देशों में स्कूलों और स्टूडेंट्स दोनों को ही इंस्ट्रक्शन दिए गए हैं। नोटिस के अनुसार, स्कूलों से कहा गया है कि यूएफएम के दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढ़ें। साथ ही, छात्र व अभिभावकों को परीक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दें। उन्हें समझाएं कि अफवाहों पर विश्वास न करें। न ही अफवाह फैलाने वालों के साथ शामिल हों। परीक्षा केंद्र में कोई भी प्रतिबंधित वस्तु न लेकर जाएं। अगर कोई अफवाह फैलाता है तो उसकी करेंट और अगले वर्ष की परीक्षा रद्द कर दी जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### संस्कृति विभाग का राष्ट्रीय सम्मान अलंकरण कल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित राष्ट्रीय सम्मानों की घोषणा बीते दिनों की गई थी। इन सम्मानों का अलंकरण समारोह 26 जनवरी को शाम 7 बजे से रवीन्द्र भवन परिसर में आयोजित होगा। इन सम्मानों में राष्ट्रीय इकबाल सम्मान, राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान, राष्ट्रीय कबीर सम्मान, राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, राष्ट्रीय देवी अहिल्या बाई सम्मान, राष्ट्रीय शरद जोशी सम्मान, राष्ट्रीय तुलसी सम्मान, राष्ट्रीय नानाजी देशमुख सम्मान प्रदान किए जाएंगे। संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के प्रतिष्ठित सम्मान साहित्य, कला, संस्कृति के क्षेत्र में सुदीर्घ साधना एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किए जाते हैं।

### आनंद उत्सव गतिविधियों के फोटो पर मिलेगा पुरस्कार

**भोपाल।** प्रदेश के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत सांस्कृतिक और परम्परागत खेलकूद की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कार्यक्रमों के फोटो एवं वीडियो के चयन के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की गई है। कोई भी व्यक्ति राज्य आनंद संस्थान की वेबसाईट पर 5 फरवरी 2025 तक आयोजन के फोटो और वीडियो अपलोड कर सकता है। इनमें से तीन उत्कृष्ट फोटो एवं तीन उत्कृष्ट वीडियो का चयन कर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी 3 फोटो एवं 2 वीडियो अपलोड कर सकेगा। वीडियो 2 मिनिट और फोटो का साईज 3 एमबी तक का हो सकता है।

### पीएम जनमन योजना में हजारों जनजातीय घर हुए रोशन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान में आरडीएसएस के तहत कंपनी कार्यक्षेत्र के 10 जनजातीय बहुल जिलों में अब तक 5 हजार 394 घरों को रोशन किया है। गौरतलब है कि कंपनी कार्यक्षेत्र के इन दस जिलों में ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन, मुरैना और भिण्ड शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अब शेष 9,424 जनजाति हितग्राहियों के घरों को शीघ्र ही विद्युतीकृत कर रोशन किया जाएगा। यह योजना पीएम मोदी की प्रमुख योजनाओं में शामिल है, जिस पर तीव्र गति से काम किया जा रहा है। योजना में जनजातीय बहुल गावों एवं मजराटोलों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है।

### रुक जाना नहीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के वर्ष-2024 के द्वितीय सत्र की परीक्षाएं 18 दिसंबर 2024 से 6 जनवरी 2024 तक आयोजित हुई। कक्षा 10 एवं 12 की रुक जाना नहीं योजना की परीक्षा में कुल 81749 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 24 जनवरी 2025 को रुक जाना नहीं योजना की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 10 में 21052 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 52.71 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। कक्षा 12 में 23187 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा परीक्षा परिणाम 55.45 प्रतिशत रहा।



### सीएम डॉ. मोहन यादव ने केबिनेट बैठक के पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों को किया संबोधित

# मध्यप्रदेश में सबसे पहले लागू की 'ई-समन' व्यवस्था

- न्यायालयीन प्रक्रिया में बंदी जेल से ही होंगे शामिल, डॉक्टर अस्पताल से देंगे बयान
- सामाजिक विज्ञान विवि को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में करेंगे विकसित
- देवी अहिल्या और रानी दुर्गावती ने महिला सशक्तिकरण के उदाहरण प्रस्तुत किए

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन मां नर्मदा के किनारे होल्कर शासकों की राजधानी रहे महेश्वर में किया गया। देवी अहिल्या माता हों या रानी दुर्गावती, दोनों ने ही विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष के साथ सुशासन स्थापित करते हुए नारी सशक्तिकरण के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए।

उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले ई-समन व्यवस्था लागू की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के संबंध में नई दिल्ली में ली गई बैठक में नए कानूनों के क्रियान्वयन की



दृष्टि से मध्यप्रदेश की अग्रणी व आदर्श राज्य के रूप में सराहना हुई। इस व्यवस्था से पुलिस बल के समय और संसाधनों की बचत होगी। सीएम मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की उपस्थिति में 24-25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ पुणे में गत दिवस हुए इंटरैक्टिव सेशन के संबंध में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रख्यात विधि विशेषज्ञ थे। उनकी जन्म स्थली महू में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में भी विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि भोपाल में 23 जनवरी को लोकार्पित सबसे लंबे सेतु का नामकरण डॉ. अंबेडकर के नाम पर किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि बंदी जेल में विद्यमान क्यूबिक से ही न्यायालयीन प्रक्रिया में शामिल होंगे। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि उन्हें न्यायालय न जाना पड़े। इसी प्रकार चिकित्सकों द्वारा अस्पताल से ही बयान दर्ज कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इन नवाचारों से पुलिस बल को कई प्रक्रियागत कार्यों में सुविधा मिलेगी और पुलिस के लगभग 30त्न कार्य व समय की बचत होगी। राज्य सरकार समय-सीमा में प्राथमिकता से इसे लागू करने के लिये प्रतिमाह बैठक कर प्रगति की समीक्षा करेगी।

### सीएम ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेटियां परिवार, समाज और देश की समृद्धि का मुख्य आधार हैं। बेटियां सशक्त होंगी तो समाज और देश तीव्र गति के साथ प्रगति करेंगे, उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता में सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना सबका कर्तव्य है।

### मां नर्मदा के आशीर्वाद से प्रगति के पथ पर अग्रसर है मध्यप्रदेश



#### मुख्यमंत्री ने महेश्वर में मां नर्मदा के घाट पर की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को लोकमाता अहिल्याबाई की पावन नगरी महेश्वर में नर्मदा के घाट पर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मां नर्मदा से प्रदेश की समृद्धि और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिये कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों के साथ मां नर्मदा को चुनरी अर्पित कर दुग्ध अभिषेक भी किया। नर्मदा पूजन में 20 स्थानीय पंडितों द्वारा नर्मदाष्टक का उच्चारण कर विधि-विधान से पूजन कराया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्रि-परिषद के सदस्य शुक्रवार को केबिनेट बैठक के लिए महेश्वर पहुंचे थे।

# सीएम इंदौर में तो राज्यपाल भोपाल में फहराएंगे तिरंगा

### मंत्रि-परिषद के सदस्य भी अलग-अलग जिलों के समारोह में होंगे शामिल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल गणतंत्र दिवस-26 जनवरी को भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वज फहराएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में ध्वज फहराएंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना जिले में और जिला मुख्यालयों पर मंत्रीगण एवं कलेक्टर ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा देवास, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा, पंचायत और ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सागर, जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह झाबुआ, नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय धार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह छिंदवाड़ा, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा सिवनी, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रतापसिंह कटनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उईके अलीराजपुर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ग्वालियर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना दतिया, महिला बाल विकास



मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया नीमच, खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग हरदा, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह निवाडी, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान उमरिया, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला श्योपुर, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप रतलाम, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार पन्ना में ध्वज फहराएंगे। वहीं पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर टीकमगढ़, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल सीधी, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल उज्जैन, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन सिंह पटैल दमोह, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार रायसेन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल बैतूल, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सतना, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर एवं पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह मैहर में ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

जिला मुख्यालय जबलपुर, खरगौन, बड़वानी, सिंगरौली, बुरहानपुर, गुना, अशोकनगर, भिंड, मऊगंज, छतरपुर, सीहोर, खंडवा, राजगढ़, नर्मदापुरम, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर, शहडोल, विदिशा और डिंडौरी में जिला कलेक्टर ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

### प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर आज मनाया जाएगा मतदाता दिवस

**भोपाल।** प्रदेश के सभी 65 हजार 14 मतदान केंद्रों पर शनिवार को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में स्टेट आइकॉन राजीव वर्मा, गोविंद नामदेव, दिव्यांका त्रिपाठी दाहिया, संजना सिंह और देशना जैन उपस्थिति रहेंगी। सिंह ने बताया कि 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेश के सभी 55 जिलों में कार्यक्रम होंगे। प्रदेश की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सिंह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के संचालन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी सत्यनारायण दर्रो झाबुआ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश बाथम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव जिला रतलाम, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा जिला अशोकनगर होंगे सम्मानित।

# मप्र और गुजरात के बीच नहीं सुलझ रहा सरदार सरोवर बांध मुआवजे का मामला



### दोनों ही राज्यों के अफसरों के बीच हो चुकी हैं दर्जनों बैठकें

सत्ता सुधार ■ भोपाल

दशकों बाद भी मध्यप्रदेश और गुजरात के बीच जारी सरदार सरोवर बांध के मुआवजे का मामला सुलझ नहीं पा रहा है। इसके लेकर अब तक दर्जनों बार दोनों ही राज्यों के अफसरों के बीच बैठकें हो चुकी हैं। अब इस मामले को प्रदेश की मोहन सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है। यही वजह है कि पहले कई-कई माह बाद होने वाली बैठकों का दौर अब लगभग हर माह चल रहा है। सरकार इस मसले का जल्द से जल्द निदान चाहती है। यही वजह है कि बीते दस माह में अब तक दोनों राज्यों के अफसरों के बीच सात बार बैठकें हो चुकी है, हालांकि इनमें भी अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है। आखिरी बार बीते हफ्ते दो दिनों तक 16 और 17 जनवरी को नई दिल्ली में बैठक हुई है। प्रदेश सरकार इस मामले में गुजरात सरकार से मुआवजे के तौर पर 7600 करोड़ रुपए मांग रही है, जबकि गुजरात सरकार महज 300 करोड़ रुपए ही देना चाहती है। हालांकि इन बैठकों का नतीजा ही है कि अब गुजरात सरकार का रुख कुछ सकारात्मक हुआ है। मुआवजे को लेकर उन्होंने एक सप्ताह में जवाब देने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक मप्र ने गुजरात सरकार से नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर बांध के बैकवाटर में डूबी चार जिलों की सरकारी खदानों, राजस्व और वन भूमि के एवज में मांगा है। इसके लिए भोपाल में पहली बार आर्बिट्रेशन 21 और 22 मार्च को हुआ था। इसके बाद 6 बार आर्बिट्रेशन हो चुका है। इस तरह मप्र और गुजरात के बीच मुआवजे के मुद्दे पर औसत हर डेढ़ महीने में आर्बिट्रेशन हो रहा है। हर आर्बिट्रेशन में मप्र सरकार के अधिकारी तथ्यों के आधार पर 7600 करोड़ का मुआवजा देने की बात रखते हैं, लेकिन गुजरात के अधिकारी इसके लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध के लिए अधिग्रहित और डूब क्षेत्र की भूमि के मुआवजे को दो श्रेणियों में बांटा गया था। निजी भूमि, घरों और अन्य संरचनाओं के अधिग्रहण के लिए मुआवजे का भुगतान किया गया है, लेकिन मप्र के निमाड़ क्षेत्र में खदानों, राजस्व और वन भूमि के डूब क्षेत्र के लिए अभी तक कोई भुगतान नहीं किया गया है।

**कार्यक्रम** | प्रशासन ने सिर्फ अनुमति दी...व्यवस्था कांग्रेसियों को ही करनी होगी

# राहुल व प्रियंका गांधी की सभा में राजनीतिक भाषण देने पर लगा बैन

सत्ता सुधार ■ भोपाल

कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की 27 जनवरी को महू में होने वाली सभा के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी की गई अनुमति में प्रशासन ने सभा में राजनीतिक भाषण पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि कांग्रेस द्वारा अपने राजनीतिक मुद्दे पर ही इस सभा का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस द्वारा 27 जनवरी को महू में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान का समापन इस कार्यक्रम में किया जाना है।

इस कार्यक्रम के जरिए कांग्रेस अपनी राजनीति का फोकस संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर पर केंद्रित करने जा रही है। बाबा साहब के मुद्दे पर संसद में लड़ाई लड़ने के बाद अब कांग्रेस सड़क पर उतरी है। इस लड़ाई के जरिए कांग्रेस का लक्ष्य अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का समर्थन हासिल करना है। बाबा साहब आंबेडकर के जन्म स्थल महू के इस



कार्यक्रम के साथ ही कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ पदयात्रा भी शुरू की जाएगी। इस पदयात्रा को एक साल तक चलाया जाएगा। इस तरह से राजनीतिक मकसद से ही कांग्रेस द्वारा 27 जनवरी को महू का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

वेटरनरी कॉलेज मैदान रसलपुरा में आयोजित की जाने वाली सभा के लिए मांगी गई अनुमति में प्रशासन ने आठ शर्तें जोड़ दी हैं, जिसमें प्रमुख शर्त यह है कि कार्यक्रम के समय अनाउंसमेंट के दौरान कोई भी राजनीतिक व धर्म विरोधी भाषण प्रतिबंधित रहेंगे। इस तरह से जिला प्रशासन द्वारा राहुल गांधी-प्रियंका गांधी की सभा में किसी भी तरह के राजनीतिक भाषण पर प्रतिबंध लगा दिए जाने के कारण अब विचित्र स्थिति बन गई है। ऐसे में अब आने वाले वक्त पर सभी की नजर लग गई है। अब कांग्रेसी हैरान हैं कि यदि राजनीतिक भाषण नहीं होगा तो कार्यक्रम का मकसद कैसे सफल होगा।

प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति में आठ शर्तों में पहली शर्त यह है कि किसी प्रकार का विवाद नहीं हो इसकी व्यवस्था करें एवं स्वयं के 10 प्रतिशत वॉलेंटियर रखें। कार्यक्रम में कोई भी दुर्घटना होने पर आयोजक खुद जिम्मेदार होंगे। कार्यक्रम में किसी प्रकार का व्यवधान न हो इसकी भी व्यवस्था रखना होगी। कार्यक्रम के दौरान यातायात और पार्किंग स्थल पर भी किसी प्रकार का व्यवधान नहीं होना चाहिए।

### शर्तों का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

कार्यक्रम में ज्वलनशील पदार्थ, धारदार हथियार, नशा और आतिशबाजी प्रतिबंधित रहेगी। कार्यक्रम के समय अनाउंसमेंट के दौरान कोई भी राजनीतिक व धर्म विरोधी भाषण प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियमों का पूर्ण पालन करना होगा। ऐसा नहीं करने पर आयोजक के विरुद्ध उक्त अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यक्रम में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। इन शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में उक्त अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त मानी जाएगी।

# संविधान सिखाता है कि पिछड़ों को आगे लाओ, सभी धर्मों का सम्मान करो

### दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस की महू रैली की तैयारियों का लिया जायजा

**भोपाल।** मप्र के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह शुक्रवार को 27 जनवरी को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी महू (इंदौर) आ रहे हैं। उनके आने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए वह यहां पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संविधान हमें सिखाता है कि पिछड़ों को आगे लाओ और सभी धर्मों का सम्मान करो लेकिन आरएसएस वाले इससे हटकर नफरत का माहौल कायम करते हैं। दिल्ली चुनाव में इंडिया गठबंधन को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि, ये लोकल चुनाव है। स्थानीय मुद्दों पर लड़ रहे हैं। पहली बार हमने आम आदमी को सरकार बनाने में मदद की।

उन्होंने कहा कि जय बापू जय भीम जय संविधान यात्रा में दो लाख से अधिक लोगों के जुटने का अनुमान है। यहां खड़गे, राहुल और प्रियंका तीनों संबोधित करेंगे। धार्मिक शहरों में शराब बंदी पर बोले कि इन शहरों में जुआ, सट्टा और स्मैक पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। भाजपा पार्षद विवाद पर बोले कि दोनों ही पार्षद भाजपा के हैं, ये उनका अंदरूनी मामला है। जिसने पीटा उसके आका मजबूत होंगे और जो पिटाया उसके आका कमजोर होंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा भारत पर्व का आयोजन

**शिवपुरी।** स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के समन्वय से 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन होगा। यह कार्यक्रय स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि.कमांक-01 शिवपुरी में सांय 07 बजे से शुरू होगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने बताया कि गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जा रहा है। स्वराज संस्थान संचालनालय म.प्र. भोपाल द्वारा नामित कलाकारों, अशोक कुमार कोरी गुना कबीर गायन एवं प्रदीप कुर्मी सागर के कलाकारों द्वारा प्रसिद्ध बुंदेली लोकनृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। यह प्रसिद्ध कलाकर अपने साथियों के साथ रंगारंग कार्यकम प्रस्तुत करेंगे। भारत पर्व में कार्यक्रम स्थल शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि.कमांक-01 शिवपुरी मे पहुंचकर लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आनंद लें।

### इन स्थानों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी।** आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 के.व्ही.नीलगर चौराहा फीडर पर 25 जनवरी को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त 11 के.व्ही. नीलगर चौराहा फीडर के बंद रहने से 25 जनवरी को प्रातः 08 बजे से दोपहर 2 बजे तक जवाहर कालोनी, नीलगर चौराहा, सुभाष पार्क, काली माता, गोविन्द नगर, तलैया मोहल्ला एवं राजपुरा रोड से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

### आज मनाया जाएगा 15 वां मतदाता दिवस

**शिवपुरी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिला स्तरीय मतदाता दिवस समारोह शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी के विवेकानंद सभागार में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन चौबे ख्याति प्राप्त शिक्षाविद होंगे। कार्यक्रम में मतदाता दिवस के उपलक्ष में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं क्रमशः रोशनी खांन, हिना शर्मा एवं कौशल्या लोधी को सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 तथा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में जिले की विधानसभाओं के समस्त मतदान केन्द्रो पर पूर्ण गरिमा के साथ मनाया जायेगा जिसमें युवा मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र प्रदान कर तथा वैज लगाकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही उपस्थित जन समुदाय को शपथ दिलाई जायेगी।

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पोर्टल पर लॉगिन कर बनायें

**शिवपुरी।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के निर्देशानुसार वर्तमान में यह संज्ञान में आया है कि कई फेक पोर्टल या वेबसाइट के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है, जिसके कारण जन-साधारण भ्रमित हो रहे हैं। जो कि वैधानिक नहीं है। प्रमाण पत्र नकली प्रमाण पत्र है, इसे बनवाने से बचें। यदि किसी आवेदक को ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई आ रही है तो वह जहां पर घटना घटित हुई है, उससे संबंधित पंजीयन इकाई में आवेदन करे। जैसे कि यदि प्रायवेट अस्पताल में जन्म अथवा मृत्यु हुई है तो वहां की नगर पालिक निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत में आवेदन करें और यदि ग्रामीण क्षेत्र में जन्म मृत्यु हुई है, तो वहां की ग्राम पंचायत में आवेदन करने पर प्रमाण पत्र बनेगा। फैक्ट्री जिन्हें पंजीयन इकाई घोषित किया गया है, वहां के परिसर में होने वाली जन्म-मृत्यु का पंजीयन वहीं होगा। उक्त के अतिरिक्त किसी भी पोर्टल अथवा बेवसाइटस से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिये लॉगिन न करें, न ही आवेदन करें, यहां से बनाये गये प्रमाण पत्र किसी भी जन-कल्याणकारी योजना में स्वीकार्य अथवा मान्य नहीं होंगे।

# मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत 2 दिवसीय जिला स्तरीय परामर्शदाता कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

## समग्र ग्राम विकास के लक्ष्य में सहयोग करें परामर्शदाता एवं छात्र': पवन शर्मा

### युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कार्य कर रहे परामर्शदाता-सुशील वरुआ

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

म.प्र.जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत चयनित परामर्शदाता का दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ विद्यापीठ के प्रबंधक पवन शर्मा एवं संभागीय समन्वयक सुशील बरुआ, उपसंचालक सामाजिक न्याय नम्रता गुप्ता जिला समन्वयक डॉ



रीना शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया

### प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार पोहरी रोड शिवपुरी में आयोजित किया गया

प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विविध प्रावधान विषय पर पवन शर्मा जी द्वारा विषय प्रबोधन किया और बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को स्वावलंबी कौशलवान साहसी चारित्रिक रूप से योग्य बनाना है।

डॉ दिग्विजय सिंह सिकरवार द्वारा सतत विकास लक्ष्य अवधारणा और उद्देश्य विषय पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि यु.एन.डी.पी. द्वारा 17 लक्ष्य में वितरित किया गया है इसे एजेण्डा 20-30 के नाम से भी जाना जाता है।

हरि शरण अवस्थी द्वारा समाजकार्य की अवधारणा एवं व्यावसायिक समाज कार्यकर्ता की भूमिका विषय पर विस्तार से प्रशिक्षित किया।

संभाग समन्वयक द्वारा चित्रकूट विश्वविद्यालय और पाठ्यक्रम के बारे में बताया गया। जिला समन्वयक डॉ रीना शर्मा द्वारा परामर्शदाता द्वारा प्रयोगशाला ग्रामों में किया जा रहे कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# कृषि छात्रों ने नये स्टार्टअप की संभावनाओं के लिए किया भ्रमण

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर से बी.एस.सी. कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी के समन्वय में शिवपुरी जिले की फसल विविधता, जलवायु अनुकूलता एवं मृदा और मौसम की संभावनाओं के साथ-साथ जिले में चल रहे कृषि उद्यमों एवं नये स्टार्टअप शुरू होने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए ग्वालियर दुग्ध संघ के मिल्क चिलिंग प्लांट, सुदाना पशु आहार संयंत्र, कृषि अभियांत्रिकी, बीज उत्पादन में जिले की अग्रणी संस्था हरदौल एग्रीकल्चर मार्केटिंग प्रोड्यूसर कंपनी, बीज एवं फार्म विकास निगम मनियर एवं प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्रों पर भी विगत दिनों भ्रमण किया। कृषि अभियांत्रिकी से कस्टम हायरिंग सेवाएं, बीज उत्पादन एवं स्वावलंबन, संतुलित पशु आहार निर्माण, दूध शीतगृह, भदावरी भैंस संरक्षण संवर्धन, भेड़ एवं बकरी का व्यावायिक पालन एवं उद्यमिता दृष्टिकोण से भ्रमण करते हुए वहां के विशेषज्ञों एवं प्रभारियों से विस्तार से जानकारी के साथ व्यावहारिक गतिविधियों को भी जाना जिससे कृषि छात्र आत्म निर्भरता एवं नये स्टार्टअप की संभावनाएं भी तलाश करते हुए वोकल फॉर लोकल ब्राण्ड के साथ अपने शिक्षा ज्ञान को सेवा और व्यावसायिक क्षेत्र में उपयोग कर सकें।

कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पुनीत कुमार के निर्देशन में यह भ्रमण केन्द्र के रावे कार्यक्रम प्रभारी डॉ. एम. के. भार्गव एवं सह रावे प्रभारी डॉ. नीरज कुमार कुशवाहा के समन्वय में जिले के विभिन्न संस्थाओं में कराया गया। भ्रमण एवं अध्ययन के दौरान हैम्पको से लोकेन्द्र सिंह, मनीष त्यागी, मदन शर्मा, कृषि अभियांत्रिकी से भगवान सिंह नरवरिया, इंजीनियर अंकित सेन, दुग्ध संघ से सुनील शर्मा, भेड़ प्रक्षेत्र पडोरा से डॉ. एस. के. एस. धाकड, उपसंचालक, पशु चिकित्सक डॉ. नितिन गुप्ता एवं अन्य संबंधित विशेषज्ञों की सहभागिता रही। कृषि छात्रों ने भी शैक्षणिक ज्ञान के साथ कृषि और कृषि से संबंधित विभागों एवं प्रगतिशील कृषकों के अनुभवों का लाभ लेते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और अपने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव एवं एग्रो इंडस्ट्री अटेचमेंट कार्यक्रम को 24 जनवरी 2025 को पूर्ण किया। इस अध्ययन एवं भ्रमण को शिवपुरी जिले में सफल और जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी बतलाया।

### आनंद उत्सव की गतिविधियों के उत्कृष्ट फोटो और वीडियो के चयन पर मिलेंगे पुरस्कार

**शिवपुरी।** प्रदेश के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मकर संक्रांति पर्व 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत सांस्कृतिक और परम्परागत खेलकूद की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कार्यक्रमों के फोटो एवं वीडियो के चयन के लिये एक प्रतियोगिता आयोजित की गई है। आनंद उत्सव कार्यक्रम से जुड़े आनंदक, नागरिक और आयोजक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। कोई भी व्यक्ति राज्य आनंद संस्थान की वेबसाईट पर 5 फरवरी 2025 तक आयोजन के फोटो और वीडियो अपलोड कर सकता है। इन अपलोड किये गये फोटो एवं वीडियो में से तीन उत्कृष्ट फोटो एवं तीन उत्कृष्ट वीडियो का चयन कर पुरस्कृत किया जायेगा। प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम 3 फोटो एवं 2 वीडियो ही अपलोड कर सकेगा। वीडियो लगभग 2 मिनिट और फोटो का साईज 3 एमबी तक का हो सकता है। जिस नाम से फोटो और वीडियो अपलोड किया जायेगा, चयनित होने पर पुरस्कार की राशि उसी व्यक्ति को देय होगी।

## शिवपुरी में करंट लगने से युवक की मौत

# खेत पर जाते समय झूलते बिजली के तार की चपेट में आया

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में शुक्रवार को करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना पोहरी थाना क्षेत्र में सुबह 10 बजे की है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अगर्रा गांव निवासी अतर सिंह के पुत्र अजय (22) के रूप में हुई है। हादसे के वक्त अजय अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में नीचे झूल रही बिजली की तार की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



### ग्रामीणों को खेत के रास्ते में मिला था

स्थानीय ग्रामीणों को अजय खेत के रास्ते में मिला। उन्होंने तुरंत गांव के कोटवार को सूचित किया। सूचना मिलते ही पोहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में ली गई शपथ

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय कार्यालयों में शपथ ली गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को अवकाश होने की वजह से 24 जनवरी को कलेक्ट्रेट सहित जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में प्रातः 11 बजे यह शपथ दिलाई गई।



शासकीय कार्यालयों में शासकीय सेवकों ने अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कलेक्ट्रेट में उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश चंद्र शुक्ला ने अधिकारियों- कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर यूनुस कुरैशी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजभवन अवलोकन के लिए प्रवेश गेट नंबर- 2 से मिलेगा, आमजन के लिए राजभवन खुलेगा 25 जनवरी से

**शिवपुरी।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन 25 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक आमजन के लिए खोला जा रहा है। 3 दिनों की अवधि में राजभवन प्रवेश गेट नंबर- 2 से निर्धारित किया गया है। आगंतुकों का निकास भी गेट नंबर- 2 से ही होगा। राजभवन अवलोकन के लिए आने वाले आगंतुकों के वाहनों की पार्किंग मिंटो हॉल परिसर में होगी। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता ने बताया कि नागरिकों को 25 और 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक और गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजभवन भ्रमण की अनुमति होगी। राजभवन अवलोकन के लिए निर्धारित अवधि में भ्रमण रूट, गेट नंबर- 2 से प्रवेश के साथ प्रारम्भ होगा। इस रूट पर सांदीपनि सभागार स्थित उपहार गैलरी, संविधान में आर्ट एन्ड कैलीग्राफी पर आधारित प्रदर्शनी, संविधान निर्माण सभा के प्रमुख व्यक्तित्व और संविधान सभा में मध्यप्रदेश की हस्तियों की परिचय प्रदर्शनी होगी। आगंतुक माण्डु पार्किंग के पास स्थित ऐतिहासिक तोप, प्रेस प्रकोष्ठ के पास पंचतंत्र उद्यान, वैक्केंट हॉल, और सुन्दर-सजीले उद्यान का अवलोकन कर सकेंगे। आगंतुकों के लिए ओपन थिएटर की व्यवस्था भी की गई है। जिसमें जनजातीय नायकों और अमर शहीदों की गौरव गाथा सहित विकास की झलक दिखाने वाली लघु फिल्म दिखाई जाएगी।

### किसानों को उपज बेचने में मदद करता है एमपी फार्म गेट ऐप

**शिवपुरी।** एमपी फार्म गेटफ्र मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विकसित एक मोबाइल ऐप है। यह किसानों को अपनी फसलों की बिक्री एवं बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद करता है। इस ऐप के माध्यम से किसान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों को आसानी से बेच सकते हैं। यह ऐप किसानों को उपज बेचने में सुरक्षित लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है। यह ऐप एमपी स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड और एनआईसी एमपी द्वारा विकसित किया गया है। गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से एप को मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है।

### दो सड़क हादसों में दो की मौत: अमोला पुल पर ट्रैक्टर से टकराई बाइक नेशनल पार्क के पास हुआ दूसरा हादसा

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में गुरुवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई। पहली दुर्घटना अमोला हाईवे चौकी क्षेत्र के अमोला पुल पर रात 8 बजे हुई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए। इसमें बदरवास के कुल्हाड़ी गांव निवासी महेश आदिवासी और कृष केवट (30) गंभीर घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां कृष केवट ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दूसरी दुर्घटना शिवपुरी-झांसी लिंक रोड पर नेशनल पार्क के गेट के पास हुई। एक अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में कोंच भिंड निवासी ट्रैक्टर चालक महाते (60) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें भी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मेडिकल कॉलेज की चौकी पुलिस और देहात थाना पुलिस ने दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शुक्रवार को दोनों मृतकों का पोस्टमॉर्टम मेडिकल कॉलेज में किया गया। पुलिस दोनों दुर्घटनाओं की जांच में जुटी हुई है और अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

जरूरी सूचना

शिवपुरी जिले में पिछोर, खनियाधाना, कोलारस, बदरवास, पोहरी, बैराड़, करेरा, नरवर, रन्नौद, लुकवासा में सत्ता सुधार की एजेंसी एवं रिपोर्टरों की नियुक्ति करना है।

संपर्क करें : दीपक अरोरा
मोबाइल नंबर: +918959194646

## भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत समारोह को लेकर विवाद

# नरवर में बार डांसर्स ने किया डांस, मगरौनी में विधायक के घर के सामने धमकी भरा गाना बजा

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

शिवपुरी में भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव के स्वागत कार्यक्रम ने विवादों को जन्म दे दिया है। 22 जनवरी को नरवर और मगरौनी में आयोजित स्वागत समारोह में हुई दो घटनाओं ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। मगरौनी में, जो करेरा विधायक रमेश खटीक का गृह ग्राम है, वहां जुलूस के दौरान धमकी भरा गाना बजाया गया। गाने के बोल थे जहां पर तेरा राज चले, वहां से तुझे उठवा लेंगे, बदमाशी क्या होती है आज तुझे बतला देंगे÷। विधायक रमेश खटीक ने जसवंत जाटव की जिलाध्यक्ष नियुक्ति का विरोध किया था।



**बार डांसर्स ने बुंदेली गाने में किया डांस-** वहीं नरवर में आयोजित स्वागत समारोह में मंच पर बार डांसर्स ने बुंदेली गाने कछु करौ लेन-देन पर डांस किया। इस कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिस पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। यह वीडियो नरवर जनपद पंचायत के अध्यक्ष के स्वागत मंच का बताया जा रहा है।

### मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई: जाटव

भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने स्वागत समारोह को लेकर कहा है कि मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई। यदि किसी जनप्रतिनिधि या संगठन के पदाधिकारी का इस प्रकार सम्मान होता है, तो यह उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उनके समर्थकों की पहल थी, जिसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

दैनिक सत्ता सुधार


विज्ञापन, एजेंसी, समाचार के लिए संपर्क करें

दीपक अरोरा, ब्यूरोचीफ शिवपुरी
मो. 8959194646

कपिल उपाध्याय, जिला संवाददाता
मो. 9893099934

### मायके पक्ष ने पति पर लगाया दहेज के लिए हत्या करने का आरोप

# पांचवीं मंजिल से गिरी आरक्षक की पत्नी की उपचार के दौरान मौत





**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

बहोड़ापुर इलाके में पांचवीं मंजिल से गिरी आरक्षक की पत्नी की देर रात हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष द्वारा उसके पति पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस शव का पीएम करवाने के उपरांत मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में लगी हुई है।

यहां बता दें कि बहोड़ापुर थाना क्षेत्रांतर्गत सागरताल स्थित शासकीय मल्टी में रहने वाली आरती पत्नी दिलीप राठौर पांच मंजिला बिल्डिंग की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसे आसपास के लोगों ने हॉस्पिटल में एडमिट करवाया था, जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आरती का पति दिलीप राठौर मप्र पुलिस में आरक्षक है, जो वर्तमान में थाटीपुर थाने में पदस्थ है। आरती के गिरने के बाद दिलीप ने बताया था कि वह मायके जाने की जिद कर रही थी, मैंने उसे अभी भेजने से मना किया, तो गुस्से में वह छत से कूद गई। उधर आरती के पिता ने उसके पति पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि दामाद द्वारा अक्सर उनकी बिटिया की दहेज को लेकर मारपीट की जाती थी, लेकिन हम पति-पत्नी का आपसी विवाद समझकर उसे ही समझाकर शांत करवा देते थे। आरती के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि दिलीप को दूसरी शादी में 15 लाख रुपए मिल रहे थे, इसलिए उसने अपनी पहली पत्नी यानि उनकी बिटिया को जान से खत्म कर रास्ते से हटा दिया। फिलहाल पुलिस द्वारा शव का पीएम करवाकर मर्ग कायम किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके मुताबिक आगामी कार्रवाई की जाएगी।

#### रोते हुए किया था कॉल

आरती के रिश्तेदार स्वतंत्र सिंह राठौर ने बताया कि दोपहर तीन बजे के लगभग उसके मोबाइल पर आरती ने रोते हुए कॉल कर पिता से बात करवाने को कहा था। मैंने उन्हें लाइन पर लेकर बात करवाई, तो आरती ने उन्हें बताया था कि दिलीप उसकी मारपीट कर रहा है। वहीं रात आठ बजे उसकी पांचवीं मंजिल से गिरने की सूचना दी गई।

#### थाने में भी कर चुकी थी शिकायत

आरती के परिजनों के मुताबिक दिलीप द्वारा आए दिन दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट की जाती थी। जब वह ओरछा में पोस्टेड था, तब उसके जुल्मों से तंग आकर बेटी ने पुलिस थाने में भी शिकायत की थी। वहीं बीते वर्ष भी दामाद की हरकतों से तंग आकर वह बिटिया को मायके ले गए थे, लेकिन करीब छह माह बाद उसे वापस पहुंचा दिया था।

#### बच्चों से छिनी मां की ममता

आरती मूलतः दिल्ली की रहने वाली है, जिसका दिलीप के साथ वर्ष 2017 में विवाह हुआ था, जिनके दो बच्चे भी हैं। जिनमें छह वर्षीय बिटिया निधि एवं दो साल का बेटा विहान है। आरती की मौत के बाद मासूम बच्चों से मां की ममता छिन गई है।

# आपसी विवाद पर मारपीट करने वाले दो फरार बदमाश दबोचे

■ घटना में शामिल दो आरोपियों को पूर्व में ही पकड़ चुकी है पुलिस

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

आपसी विवाद पर मारपीट करने वाले दो फरार बदमाशों को गिजौर्रा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया है। उक्त घटना में शामिल दो आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गिजौर्रा थाना पुलिस को शुक्रवार दोपहर मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि बीती 13 जनवरी को ग्राम किटोरा में रंजीत सिंह कुशवाह के साथ मारपीट करने वाले दो बदमाशों को किटोरा के पास सिसगांव रो पर देखा गया है। उक्त जानकारी एएसपी निरंजन शर्मा को लगने पर उन्होंने डबरा एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में गिजौर्रा थाने की टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया, तो वहां मौजूद दो संदिग्ध युवकों ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी, जिन्हें पहले से ही अलर्ट जवानों ने घेराबंदी कर धर दबोचा। जिन्होंने पूछताछ में खुद को ग्राम किटोरा का रहने वाला बताते हुए रंजीत सिंह के साथ मारपीट करना स्वीकार लिया। यहां बता दें कि उक्त वारदात में शामिल दो आरोपियों को पुलिस द्वारा पूर्व में ही पकड़ा जा चुका है। इस कार्रवाई में गिजोर्रा थाना प्रभारी सतीश यादव, प्रधान आरक्षक कुंवरभान सिंह, आरक्षक रामाशंकर गुर्जर, शिवपाल, पानसिंह व राजेंद्र गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।



#### इस वारदात को दिया था अंजाम

ग्राम किटोरा निवासी रंजीत पुत्र इंदर सिंह कुशवाह 26 वर्ष ने विगत दिनों गिजौर्रा थाने में शिकायत की थी, कि बीती 12 जनवरी को उसका प्रह्लाद सरपंच व एक अन्य व्यक्ति के साथ मुंहवाद हो गया था। जिसके चलते अगली रात यानि 13 जनवरी को जब वह अपने खेत पर गेहूं की फसल में पानी दे रहा था, तभी गांव में ही रहने वाले कुछ लोग आए और मुझसे गाली- गलौज करने लगे। जब मैंने उनका विरोध किया, तो उन्होंने लाठियों से मेरी मारपीट कर दी, जिससे मुझे मूंदी चोट आई है। फरियादी के मुताबिक जब रिंका कुशवाह और बलवंत ने उसे बचाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उनकी भी मारपीट कर दी। पुलिस द्वारा मामले में चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई थी।

### पांच लाख के सिंहासन पर विराजमान होंगे साईं बाबा

**ग्वालियर।** साईं भक्त मंडल ट्रस्ट विकास नगर द्वारा आनंदपुरम सैंथरी में स्थित साईं मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को 5 लाख 51 हजार की लागत से तैयार तांबे के सिंहासन ( गोल्ड प्लैटिट) पर साईं बाबा को विराजमान किया जाएगा। इस अवसर पर पीतांबरा पीठ दतिया के आचार्य राघव तिवारी एवं उनके साथियों द्वारा सुबह 10 बजे से वैदिक मंत्रो द्वारा जप, पाठ, अभिषेक एवं हवन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे पूर्ण आहूति दी जाएगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस अधिकारी व जवानों ने ली राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ



**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

25 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। चूंकि इस दिन शनिवार होने से शासकीय अवकाश है, जिससे एसपी धर्मवीर सिंह द्वारा अपने कार्यालय में पदस्थ पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को शुक्रवार प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एएसपी निरंजन शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवसः पुलिस व बीडीएस ने की सघन चेकिंग



**ग्वालियर।** गणतंत्र दिवस एवं शनिवार को होने वाले वीवीआईपी भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा खासी ऐहतियात बरती जा रही है। जिसके चलते एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, होटल, लॉज, धर्मशाला, नाकों तथा कार्यक्रम स्थल आदि पर सघन चेकिंग की गई। वहीं इस दौरान बीडीडीएस टीम ने भी कार्यक्रम स्थल सहित शहर के अन्य भीड़भाड़ वाले पॉइंट्स पर एंटी सबोटाज चेकिंग की।

### नमन पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी ने किया मातृशक्ति सम्मान



**ग्वालियर।** नमन पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मातृशक्ति सम्मान समारोह अक्कड़ की बगिया लदेड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रवि बाथम ने की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवराज यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रतिनिधि त्रिलोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश भदौरिया, पार्षद दीपक मांझी, समाजसेवी ज्योति अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, कोमल बाथम, रश्मि शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जो महिलाएं खुद काम करके मेहनत कर रही हैं और मजदूरी करके अपने बच्चों को शिक्षित कर रहीं हैं, ऐसी 21 महिलाओं को साड़ी और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन ज्योति अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सुनीता परमार, रिहाना खान, खुशी परमार, माधुरी राठौर एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### सबसे कम उम्र के युवा उद्यमी के रूप में सागर अग्रवाल का दिल्ली में हुआ सम्मान

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



सबसे कम उम्र के युवा उद्यमी के रूप में ग्वालियर के सागर अग्रवाल को दिल्ली में राष्ट्रीय युवा प्रेरणा पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और अथक कार्य के लिए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से भारती युवा कल्याण संघ की ओर से एलटीजी आडिटोरियम नई दिल्ली में दिया गया। सागर कई सफल उद्यमों के संस्थापक हैं। उद्यमशीलता जगत और सामाजिक कल्याण दोनों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने नवोन्वेषी दृष्टिकोण और सामाजिक मुद्दों के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। महज 21 साल के सागर को ग्वालियर के अलावा विभिन्न राज्यों में मंच से सम्मानित किया जा चुका है।

# कुश्ती प्रतियोगिता में 35 खिलाड़ियों ने फायनल राउण्ड में किया प्रवेश, आज होगा मुकाबला



**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

ग्वालियर व्यापार मेले में क्रीडा भारती, खेल और युवा कल्याण विभाग एवं ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के तत्वावधान में रा'य स्तरीय महिला-पुरूष दंगल प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को मंगल वाटिका में किया गया। जिसमें दूसरे दिन द्वितिय राउण्ड के मुकाबले खेले गए। जिसमें 35 खिलाड़ी शनिवार को होने वाले फायनल राउण्ड के लिए चयनित हुए। इनके बीच महामुकाबला आज होगा। इस मौके पर क्रीड़ा भारती के विभाग सह संयोजक गोविन्द मेहरोत्रा ने उपस्थित जन समूह को व्यसन मुक्त का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के सीईओ धर्मवीर सिंह भदौरिया रहे। अध्यक्षता मुनेन्द्र सिंह कुशवाह ने की। निर्णायक मण्डल ने शाकिर नूर विश्वामित्र अवाडी, फातिमा बानो, कुंवर राज कटारे, अब्दुल उमरे, मनीष यादव, मेहरवान सिंह, सुरेन्द्र यादव, मनोज गुर्जर, लोकेश परमार, सोनू पाल, विनोद, बलराम आदि रहे। संचालन कुंवर राज ने किया।

#### इन खिलाड़ियों ने किया फाइनल राउण्ड में प्रवेश

- ■ इस दौरान 51 किलो में अजय प्रताप-दतिया, कृष्णा नामदेव-उज्जैन, गगन ग्वाला-भोपाल, सोजल यादव-सागर 57 किलो में धर्म वंशकार कटनी, शिवम कौरव ग्वालियर, क्रिश यादव सागर, लखन माली गुना
- ■ 61 किलो में राजू बोरासी इन्दौर, वेदप्रकाश उज्जैन, रानू यादव-भिण्ड -65 किलो में सौरभ परमार सीहौर, कमल बागरी उज्जैन, रामानुज तोमर-मुरैना, कृणाल बाथम भोपाल
- ■ 70 किलो में निशित- उज्जैन, जगदीश-गुना, निशद संकट, भोपाल -74 किलो में अक्षत यादव-इन्दौर, ललित कौशल-इन्दौर, हरीश वर्मा-सीहोर, सौरभ यादव-जबलपुर
- ■ 79 किलो में मोहम्मद राजिक-उज्जैन, अरमान शेख-भोपाल, चेतन धनगर-जबलपुर, विजेन्द्र यादव-ग्वालियर 84 किलो में नीरज शर्मा-ग्वालियर, आयन खान- इन्दौर, गजेन्द्र-ग्वालियर, रिंकू गुर्जर-मुरैना
- ■ 86 किलो में अभिषेक उज्जैन, फराज ग्वालियर, शैलेन्द्र ग्वालियर और मोक्ष चतुर्वेदी भोपाल से रहे।



### माधव महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने ली निर्भीक मतदान करने की शपथ

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए निर्भीक मतदान करने की शपथ के लिए शुक्रवार को माधव महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रातः 11 बजे देश की लोकतांत्रिक मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। अधिकारी-कर्मचारियों को यह शपथ प्रभारी प्राचार्य डॉ. मनोज अवस्थी ने दिलाई। अधिकांश शासकीय कार्यालयों में शनिवार को अवकाश रहने की स्थिति में एक दिन पूर्व ही शपथ का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, डॉ. राकेश करहेरिया, प्रभारी रजिस्ट्रार चन्द्रकान्त मोघे, वीर सिंह, रवि राखे, अरविन्द साकोरकर, वैभव मोघे, पुलन्दर सिंह, अतर सिंह राजपूत, संदीप ढेरे, उमेश बापट, अशोक, नंदिनी आदि उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-7 के कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए दिया प्रशिक्षण

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



आगजनी की घटना होने पर आग पर काबू पाने के लिए नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव के निर्देशानुसार नगर निगम कार्यालय एवं प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय पर कर्मचारियों को फायर सेफ्टी उपकरणों की दमकल विभाग के द्वारा विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में अभियान चलाकर आग बुझाने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

फायर ऑफीसर उमंग प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्नि दुर्घटना से कैसे बचा जाए। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय सहित निगम के सभी कार्यालयों में अग्नि दुर्घटना से बचाव का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके तहत आज उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव के निर्देशन में फायर सेफ्टी उपकरणों का प्रशिक्षण दमकल विभाग के कर्मचारी आशिक खॉ, श्री ओम प्रताप शर्मा द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 7 पागल खाने एवं भैंस मण्डी के कर्मचारियों को दिया गया कि आग लगने पर कैसे बचा जाए इसके लिए फायर सिलेंडर को किस प्रकार खोला जाता है तथा उसका उपयोग किस प्रकार किया जाता है आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्राधिकारी प्रकाश अहिरवार, तुलसी दत्त शर्मा व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# कलेक्ट्रेट में मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में दिलाई गई शपथ



**ग्वालियर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट में 25 जनवरी को शपथ दिलाई गई। कलेक्टर रुचिका चौहान ने सभी शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को (शनिवार) को अवकाश होने की वजह से 24 जनवरी को कलेक्ट्रेट सहित जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में प्रातः 11 बजे यह शपथ दिलाई गई। शासकीय कार्यालयों में शासकीय सेवकों ने अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कलेक्ट्रेट में मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार जैन व संयुक्त कलेक्टर सुरेश कुमार बरहादिया सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी- कर्मचारी शामिल हुए।

**सत्ता न्यूज** | संयुक्त परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फायनल व फुल ड्रेस रिहर्सल हुई

# ग्वालियर में भव्यता के साथ मनेगा गणतंत्र दिवस



**ग्वालियर।** गौरवशाली 76वां गणतंत्र दिवस ग्वालियर जिले में भी 26 जनवरी को हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमा के साथ मनाया जायेगा। समारोह की तैयारियाँ अंतिम चरण में है। जिले का मुख्य समारोह 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में एएसएफ मैदान पर आयोजित होगा। सिलावट इस अवसर पर ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, आकर्षक झाँकियाँ व प्रदर्शनी समारोह का मुख्य आकर्षण होंगीं। संयुक्त परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फायनल व फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को प्रातः 9 बजे एसएएफ मैदान पर की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अंजू अरुण कुमार व कुमार सत्यम एवं सयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### गणतंत्र दिवस की सांध्य बेला में होगा रंगारंग 'भारत पर्व' का आयोजन

**ग्वालियर।** गणतंत्र के महापर्व 26 जनवरी की सांध्य बेला में संगीतधानी ग्वालियर में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व के तहत देशभक्ति के तराने गूँजेंगे। वहीं भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत बुंदेलखण्ड व बघेलखण्ड का प्रसिद्ध बरेदी व बधाई लोकनृत्य की प्रस्तुति भी जाने-माने कलाकार देंगे। रंगारंग भारत पर्व का आयोजन 26 जनवरी को सायंकाल 6ः00 बजे श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला स्थित फैसिलिटेशन सेंटर प्रांगण में शुरू होगा। इस आयोजन में शिवशक्ति कला संस्था करेली नरसिंहपुर से आ रहे 15 लोक कलाकार श्री रिंशु पाटकर के निर्देशन में बरेदी व बधाई लोकनृत्य प्रस्तुत करेंगे । साथ ही भोपाल के श्री संदीप शर्मा के निर्देशन में पाँच सदस्यीय दल देशभक्ति के तराने प्रस्तुत करेगा। भारत पर्व के इस आयोजन में पुलिस बैण्ड की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र होगी। कार्यक्रम में रमन शिक्षा समिति से जुड़े कलाकारों द्वारा भी देशभक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत किये जायेंगे।



### सांसद कुशवाह संसदीय स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुए

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

सांसद भारत सिंह कुशवाह उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे के तहत गोवा में आयोजित बैठक में शामिल हुए। सांसद श्री कुशवाह ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न परिवहन में होने वाले खर्च को कम करने के लिए रेलवे से खाद्यान्न परिवहन करने को प्राथमिकता दी जाएं। एफसीआई को अपने वेयर हाउस की संख्या बढ़ानी चाहिए जिससे हमें खाद्यान्न भंडारण के लिए अन्य संस्थाओं पर निर्भर न रहना पड़े। गोवा में केंद्रीय भंडार ग्रह को निर्मित करने का निर्णय सराहनीय है। एफसीआई को देश के सभी स्थानों पर अधोसंरचना का निर्माण करना चाहिए। बैठक में समिति के साथी सदस्य और एफसीआई व भारतीय रेलवे के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### जॉन बने सीआईए डायरेक्टर, राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप ने किया था ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीआईए डायरेक्टर पद के लिए जॉन रेटक्लिफ का नाम नामित किया था, जिसे अब मंजूरी दे दी गई है। सीनेट ने इसका ऐलान कर दिया है। ट्रंप जैसे ही अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे वैसे ही उन्होंने सीआईए के डायरेक्टर के लिए जॉन रेटक्लिफ के नाम की घोषणा की थी। सीनेट में इस संबंध में वोटिंग हुई, जिसके बाद पक्ष में 74 और विपक्ष में 25 वोट पड़े। रेटक्लिफ इससे पहले कई बड़े पदों पर रह चुके हैं। ट्रंप के पिछले कार्यकाल में वह नेशनल इंटेलीजेंस के चीफ थे। रेटक्लिफ अमेरिकी संसद का हिस्सा रह चुके हैं। अब उनके ऊपर दुनिया की खुफिया एजेंसी सीआईए की जिम्मेदारी है। रेडक्लिफ का नाम डोनाल्ड ट्रंप के सबसे करीबी लोगों में शुमार है। बता दें रेटक्लिफ ने ग्रेजुएशन लॉ स्कूल से की है। 2004 तक वह प्राइवेट वकील के तौर पर प्रैक्टिस करते थे। इसके बाद वह टेक्सास शहर हीथ के मेयर बने। इस पद को उन्होंने 2004 से 2012 तक संभाला।

### सीमा शुल्क की चोरी करने के जुर्म में भारतीय को 30 माह जेल, भारी जुर्माना भी

**न्यूयॉर्क सिटी।** न्यूयॉर्क में आभूषण कंपनियों का संचालन करने वाले भारतीय व्यक्ति को 1.35 करोड़ अमेरिकी डॉलर से ज्यादा मूल्य के आभूषणों के आयात के लिए सीमा शुल्क की चोरी करने और अन्य मामलों में जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया रिपोर्ट में कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी विकास खन्ना ने कहा कि मुंबई और जर्सी सिटी, न्यू जर्सी के मोनीश कुमार किरण कुमार दोशी शाह (40) ने अमेरिकी जिला न्यायाधीश एस्तेर सलास के समक्ष वायर धोखाधड़ी करने की साजिश रचने और एक गैर-लाइसेंस प्राप्त धन प्रेषण व्यवसाय के संचालन में मदद के आरोपों में दोषी माना था। जेल की सजा के अलावा न्यायाधीश ने वायर धोखाधड़ी योजना के लिए 7,42,500 अमेरिकी डॉलर की क्षतिपूर्ति और वायर धोखाधड़ी और बिना लाइसेंस के धन प्रेषण योजनाओं के लिए 1,11,26,982.33 अमेरिकी डॉलर की राशि जब्त करने का आदेश दिया है।

### एफबीआई के अगले निदेशक बन सकते हैं पटेल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के अगले निदेशक के रूप में अपने नाम पर पुष्टि की सुनवाई के लिए काश पटेल 30 जनवरी को सीनेट समिति के सामने पेश होंगे। काश पटेल (44) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में नामित सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय मूल के अमेरिकी हैं। अगर इस पद के लिए उनके नाम की पुष्टि होती है तो वह सबसे शक्तिशाली अमेरिकी जांच एजेंसी का नेतृत्व करने वाले पहले भारतीय मूल के अमेरिकी बन जाएंगे। सीनेट न्यायपालिका समिति ने घोषणा की है कि एफबीआई के निदेशक के रूप में कश्यप प्रमोद पटेल का नामांकन 30 जनवरी के लिए तय किया है। पूर्व संघीय अभियोजक पटेल ने इस सप्ताह की शुरुआत में ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में कहा था कि उन्हें अमेरिका के लिए सपने देखना बहुत पसंद है।

चौंका रही यूनिसेफ की रिपोर्ट...

# दुनिया के करीब 25 करोड़ बच्चों का भविष्य संकट में

**एजेंसी ■ न्यूयॉर्क**

यूनिसेफ की आई रिपोर्ट सभी को चौंका रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के करीब 25 करोड़ बच्चों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। कारण ये है कि पिछले साल 85 देशों में कम से कम 242 मिलियन बच्चों की पढ़ाई हीटवेव, चक्रवात, बाढ़ और अन्य चरम मौसम के कारण बाधित हुई।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूनिसेफ ने कहा कि इसका मतलब है कि 2024 में दुनिया भर में हर सात में से एक स्कूल जाने वाला बच्चा किसी न किसी समय जलवायु खतरों के कारण कक्षा से बाहर रहा। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कुछ देशों में सैकड़ों स्कूल मौसम के कारण नष्ट हो गए, खासकर एशिया और उप-सहारा अफ्रीका के निम्न-आय वाले देशों में। लेकिन अन्य क्षेत्रों को



भी चरम मौसम से नहीं बख्शा गया, क्योंकि साल के अंत में इटली में मूसलाधार बारिश और बाढ़ ने 900,000 से अधिक बच्चों की पढ़ाई बाधित कर दी। स्पेन में विनाशकारी बाढ़ के बाद हजारों बच्चों की कक्षाएं रुक गईं। जबकि दक्षिणी यूरोप ने घातक बाढ़ का सामना किया और एशिया और अफ्रीका में बाढ़ और चक्रवात आए, हीटवेव पिछले साल स्कूलों को बंद करने वाला प्रमुख जलवायु खतरा था, यूनिसेफ ने कहा, क्योंकि पृथ्वी ने अब तक का सबसे गर्म साल दर्ज किया। यूनिसेफ ने कहा कि अकेले अप्रैल में 118 मिलियन से अधिक बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने एक बयान में कहा, बच्चे मौसम से संबंधित संकटों के प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, जिसमें मजबूत और अधिक बार-बार आने वाली हीटवेव, तूफान, सूखा और बाढ़ शामिल हैं। बच्चों के शरीर अद्वितीय रूप से संवेदनशील होते हैं। वे तेजी से गर्म होते हैं, वे कम प्रभावी ढंग से पसीना बहाते हैं, और वयस्कों की तुलना में धीरे-धीरे ठंडा होते हैं। बच्चे उन कक्षाओं में ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते जो भीषण गर्मी से राहत नहीं देतीं, और वे स्कूल नहीं जा सकते यदि रास्ता बाढ़ में डूबा हो, या स्कूल बह गए हों। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा, 2024 में प्रभावित बच्चों में से लगभग 74 प्रतिशत मध्य और निम्न-आय वाले देशों में थे, जो दिखाता है कि जलवायु चरम सीमाएं सबसे गरीब देशों में विनाशकारी प्रभाव डालती रहती हैं। अप्रैल में पाकिस्तान में बाढ़ ने 400 से अधिक स्कूलों को नष्ट कर दिया। अफगानिस्तान में मई में हीटवेव के बाद गंभीर बाढ़ आई, जिसने 110 से अधिक स्कूलों को नष्ट कर दिया, .

दक्षिणी अफ्रीका में महीनों तक सूखा, जो एल नीनो मौसम घटना से बढ़ गया, ने लाखों बच्चों की पढ़ाई और भविष्य को खतरे में डाल दिया। और संकटों के कम होने के कोई संकेत नहीं दिखे। अफ्रीका के पास हिंद महासागर में स्थित गरीब फ्रांसीसी क्षेत्र मायोटे को दिसंबर में चक्रवात चिडो ने बर्बाद कर दिया और इस महीने उष्णकटिबंधीय तूफान डिकेलेडी ने फिर से प्रभावित किया, जिससे द्वीपों के बच्चों को छह सप्ताह तक स्कूल से बाहर रहना पड़ा। चक्रवात चिडो ने अफ्रीकी मुख्य भूमि पर मोजाम्बिक में 330 से अधिक स्कूलों और तीन क्षेत्रीय शिक्षा विभागों को भी नष्ट कर दिया, जहां शिक्षा तक पहुंच पहले से ही एक गहरी समस्या है।

भारत के लिए खुशखबरी...

# तजाकिस्तान चाबहार पोर्ट के इस्तेमाल पर ईरान से बात कर रहा

**एजेंसी ■ तेहरान**

तालिबानी सेना और टीटीपी आतंकियों के हमले से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए एक और बुरी खबर आई है। तजाकिस्तान ने ईरान के साथ चाबहार पोर्ट के इस्तेमाल को लेकर बातचीत शुरु की है। तजाकिस्तान और ईरान के बीच में भारत के बनाए हुए चाबहार पोर्ट से सामानों की आवाजाही को लेकर बातचीत हो रही है। तजाकिस्तान और ईरान में यह डील होती है, तब भारत के लिए तीनगुनी खुशखबरी होगी। एक ओर जहां इससे भारत के लिए भी मध्य एशिया तक पहुंचने का रास्ता साफ होगा, वहीं चाबहार पोर्ट से कमाई भी होगी। भारत ने चाबहार पोर्ट को बनाने में करोड़ों डॉलर का निवेश किया है और साल 2024 में इस बंदरगाह के प्रबंधन को लेकर 10 साल का समझौता भी किया है।

भारत की डील से पाकिस्तान को भी बड़ा झटका लगेगा, जो तजाकिस्तान को तालिबान के



खिलाफ खड़ा करने की कोशिश में जुटा है। हाल ही में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने तजाकिस्तान का दौरा किया था। पाक मीडिया के मुताबिक आईएसआई चीफ ने न केवल तजाकिस्तान के राष्ट्रपति से बातचीत की थी बल्कि वह तालिबान विरोधी नादर्न अलायंस के नेताओं से भी मिले थे। अहमद मसूद सहित नादर्न अलायंस के नेताओं ने एनआरएफ नाम से एक संगठन बनाया है जो तजाकिस्तान में रहकर तालिबानी प्रशासन को बंदूकों के बल पर चुनौती दे रहा है।

तजाकिस्तान चाहता है कि भारत और खाड़ी तथा हिंद महासागर के देशों के साथ उसका व्यापार बढ़े और इसकारण चाबहार पोर्ट के जरिए सामानों के आवाजाही पर समझौता करना चाहता है। तजाकिस्तान ट्रांसपोर्ट मंत्री अजीम इब्राहिम और ईरान के सड़क मंत्री फरजानेह सदेघी ने हाल ही में एक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इसके बाद चाबहार पोर्ट के जरिए सामानों की आवाजाही की जा सकेगी। इसके पहले तजाकिस्तान के अधिकारियों ने ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट के भी इस्तेमाल का ऐलान किया था ताकि सामानों को ले जाया जा सके।

तजाकिस्तान की सीमा ईरान से नहीं लगती है। तजाकिस्तान को ईरान के पोर्ट तक पहुंचने से पहले उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान या अफगानिस्तान के रास्ते का इस्तेमाल करना होगा। तजाकिस्तान से चाबहार पोर्ट तक पहुंचने के लिए अफगानिस्तान का रास्ता सबसे छोटा है। मध्य एशिया के देशों की तुलना में तजाकिस्तान ने अभी तक तालिबानी सरकार के साथ रिश्ते मधुर नहीं हुए हैं। हालांकि दोनों के बीच अब धीरे-धीरे रिश्ते तैयार हो रहे हैं। अफगान समाज में तजाकिस्तान की भूमिका काफी ज्यादा है। अफगानिस्तान में बहुत बड़ी तादाद में ताजिक मूल के लोग रहते हैं। तजाकिस्तान तालिबान को रोकने के लिए तैयार है लेकिन पाकिस्तान के इशारे पर तालिबानी सरकार के खिलाफ कोई सुरक्षा अलायंस नहीं बनाने जा रहा है।

### तुर्की के होटल में आग से 78 की मौत

**अंकारा।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी बोलू प्रांत स्थित कार्तलकाया स्की रिजॉर्ट में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। हादसे के पीछे जिनकी लापरवाही रही है उनकों गिरफ्तार किया गया है। इसमें उप महापौर, अग्निशमन प्रमुख और होटल के मालिक तथा प्रबंधक सहित 11 लोग शामिल हैं। देश के न्याय मंत्री यिलमाज तुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी है। बोलू शहर के केंद्र से 38 किलोमीटर दूर कोरोग्लू पहाड़ों की चोटी पर स्थित, स्की और माउंटेन होटल 60,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। यह तुर्की के प्रमुख शीतकालीन पर्यटन स्थलों में से एक है, जहां स्की सीजन के दौरान हजारों आगंतुक आते हैं।बारह मंजिला इस होटल में मंगलवार सुबह आग लग गई थी। चौथी मंजिल पर स्थित एक रेस्टोरेंट में यह आग लगी थी जो धीरे-धीरे ऊपरी मंजिलों तक फैल गई।

## आर्थिक संकट: कर्ज लेकर अमेरिका में पढ़ाई करने वाले छात्र गंवा रहे छोटी-मोटी नौकरियां



**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

अमेरिका में नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेशों का असर दिखने लगा है। यहां खासतौर से उन छात्रों की मुसीबतें बढ़ी हैं जो कर्ज लेकर अमेरिका में पढ़ाई कर रहे हैं और छोटी मोटी नौकरी करके अपना खर्च निकाल रहे हैं।खबर है कि नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले ने छात्रों के मन में डिपोर्ट होने या देश से बाहर किए जाने का डर बढ़ा दिया है। इससे खासतौर से ऐसे छात्र परेशान नजर आ रहे हैं, जिन्होंने शिक्षा के लिए भारी कर्ज लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, कॉलेज के समय के बाद छोटी नौकरी करने वाले छात्र डिपोर्ट होने के डर से काम छोड़ रहे हैं। छात्रों का कहना है कि वे हालात को कुछ समय बाद समझेंगे और फैसला करेंगे कि काम पर वापस लौटना है या नहीं। खबर है कि तब तक वह सेविंग्स या दोस्तों से उधार या भारत में परिवार से पैसे लेकर काम चलाएंगे। एक छात्र ने अखबार को बताया, यह लंबे समय का समाधान नहीं है। मैं पहले ही अपनी अधिकांश सेविंग्स का इस्तेमाल कर चुका हूं और रूममेट से थोड़ा थोड़ा उधार लेना शुरू कर दिया है। मुझे नहीं पता कि ऐसा कब तक चल पाएगा। ऐसी नौकरियां अमेरिका में उनके खर्च चलाने के लिए बहुत जरूरी हैं, लेकिन वह अपने भविष्य के साथ कोई जोखिम नहीं ले सकते हैं। ट्रंप ने सोमवार को ही अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली है।अमेरिका के नियमों के अनुसार, एफ-1 वीजा वाले छात्र एक सप्ताह में ऑन कैम्पस 20 घंटे काम कर सकते हैं। वहीं, कई छात्र अकसर रेस्त्रां, गैस स्टेशन या स्टोर्स पर बगैर दस्तावेजों के काम करने लगते हैं, ताकि घर का किराया, भोजन जैसे खर्च निकाल सकें।

## हमास का खात्मा नहीं कर पाया इजरायल, गाजा फिर लड़ाकों के कब्जे में

**एजेंसी ■ गाजा**

हमास और इजरायल के बीच चली जंग में हजारों लोग मारे गए और लाखों लोगों का घरौंदा मिट गया। ये सिर्फ इसलिए हुआ कि इजरायल हर हाल में गाजा को हमास से मुक्त कराना चाहता था। आज दोनों तरफ की बर्बादी के बाद भी स्थित वहीं की वहीं हैं और गाजा पर हमास का कब्जा नहीं हटा। सड़कों पर हमास के लड़ाके दिख रहे हैं और इजरायल का हमास को खत्म करने का संकल्प अधूरा रह गया।

इजरायल के सैन्य प्रमुख हर्जी हलेवी ने मार्च की शुरुआत में घोषणा की थी कि वे इस्तीफा दे देंगे क्योंकि सेना 7 अक्टूबर के हमले को रोकने में विफल रही थी। उनको भी अपने शेष जीवन में इन अपमानजनक तस्वीरों के साथ जीना होगा। 7 अक्टूबर के हमले की पहली बरसी के अवसर पर सैनिकों को भेजे गए एक पत्र में, उन्होंने दावा किया था कि इजरायली सेना ने हमास की सैन्य शाखा को



हरा दिया है और इसकी क्षमताओं को नष्ट करने के लिए लड़ाई जारी रखी है। जबकि इजरायल के अंदर और बाहर के एक्सपर्ट और सैनिक एक्सपर्ट चेतावनी दे रहे थे कि हमास के लड़ाकों को हराना असंभव था, जो अपनी छीनी हुई जमीन के लिए अपने जीवन का बलिदान करने के लिए पूरे दिल से तैयार थे। ये चेतावनियां गाजा में नरसंहार के दिनों में सुनाई गईं, लेकिन राजनीतिक और सैन्य अधिकारियों ने उनकी एक न सुनी। यूरोपीय काउंसिल फॉर फॉरेन रिलेशंस (ईसीएफआर) नामक थिंक टैंक के मुताबिक हमास ने करीब 6,000 लड़ाकों को खो दिया है, लेकिन ऐसा लगता है कि वे अपने रिजर्व से लगभग 6,000 सदस्यों की भर्ती कर रहे हैं।

गाजा में हमास लड़ाकों की फिर से हर जगह दिख रही मौजूदगी ने इजरायल को झकझोर कर रख दिया है। हमास लड़ाकों की फिर से मौजूदगी ने साबित कर दिया है कि 470 दिनों की लगातार बमबारी और जमीनी हमले ज्यादातर निरर्थक रहे हैं। युवाओं की जय-जयकार के बीच हमास के लड़ाकों की फिर से मौजूदगी उन इजरायली नेताओं को लगातार परेशान करती रहेगी।

### ईरान को मिसाइल बनाने के लिए चीन दे रहा 1000 टन सोडियम पर्कलोरेट

**तेहरान।** इजरायल के साथ मिसाइल युद्ध के बाद अब ईरान ने फिर से अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाना शुरू किया है। ईरान को अपनी रणनीति में चीन से बड़ी मदद मिलती दिख रही है। चीन 1000 टन सोडियम पर्कलोरेट ईरान के कार्गो जहाज से भेज रहा है,जो मिसाइल ईंधन का काम करता है। बता दें कि दो जहाजों से चीन ने ईरान को ये केमिकल भेज रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक अगले कुछ सप्ताह के अंदर चीन से यह केमिकल ईरान के लिए रवाना होगा। इस रिपोर्ट में पश्चिमी देशों के खुफिया अधिकारियों के हवाले से दावा किया गया है। बताया जा रहा हैं कि चीन और ईरान दोनों को इन जहाजों के बारे में स्पष्ट चेतावनी दी गई है। ईरान के झंडे वाले जहाजों गोल्बोन और जैरान के जरिए इस केमिकल को भेजा जाएगा। 1000 टन सोडियम पर्कलोरेट से अमोनियम पर्कलोरेट बनाया जाता है जो मिसाइलों के लिए ईंधन का काम करता है।

## ट्रंप के आदेश पर कोर्ट की रोक: अमेरिका में जन्मे बच्चों को मिलेगी नागरिकता

**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

अमेरिका की एक अदालत ने उन लोगों को बड़ी राहत दी है जो नागरिकता को लेकर चिंतित थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्म के आधार पर अमेरिका की नागरिकता देने के कानून को निरस्त किया था। जज ने इसे स्पष्ट रूप से असंवैधानिक करार दिया है। चार डेमोक्रेटिक शासित राज्यों की याचिका पर विचार करते हुए अमेरिकी जिला न्यायाधीश जॉन कॉफेनॉर ने ट्रंप प्रशासन को आदेश को लागू करने से अस्थायी रूप से रोकने का आदेश दिया है। ट्रंप ने 20 जनवरी को अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के पहले दिन इस आदेश पर हस्ताक्षर किए थे।

न्यायमूर्ति कॉफेनॉर ने आदेश पर रोक लगाते हुए कहा, मुझे समझ में नहीं आ रहा कि कोई कानूनविद यह कैसे कह सकता है कि यह आदेश संवैधानिक है। यह तो मेरी समझ से बाहर है। यह एक स्पष्ट रूप



से असंवैधानिक आदेश है।वाशिंगटन, एरिजोना, इलिनोइस और ओरेगन जैसे डेमोक्रेटिक शासित राज्यों ने दावा किया कि ट्रंप का आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन में दिए गए नागरिकता के अधिकार का उल्लंघन करता है। उसमें कहा गया है कि जो भी व्यक्ति अमेरिका में जन्मा है वह इस देश का नागरिक है। ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी से हैं। उन्होंने अपने शपथ ग्रहण के बाद अमेरिकी एजेंसियों को आदेश दिया कि वे अमेरिका में जन्मे बच्चों को नागरिकता प्रदान करने से मना करें। आपको बता दें कि नागरिकता की यह व्यवस्था ऐसे बच्चों के लिए थी जिनके माता-पिता में से कोई भी अमेरिकी नागरिक या कानूनी तौर पर स्थायी निवासी नहीं हैं।

बता दें कि ट्रंप के द्वारा इसपर रोक लगाने के आदेश के बाद कई भारतीय दंपति अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने के लिए जल्दबाजी में अमेरिका में बच्चे पैदा करने की योजना बना रहे थे। कई भारतीय कपल ने डॉक्टरों से संपर्क किया और फरवरी 20 से पहले सी-सेक्शन के लिए अस्पतालों में अपॉइंटमेंट ले ली थी।अमेरिकी नागरिक स्वतंत्रता संघ, प्रवासी संगठनों और एक गर्भवती महिला द्वारा ट्रंप के आदेश के खिलाफ पर मुकदमा दायर किया गया था। इससे शपथ लेते ही ट्रंप की बड़ी न्यायिक लड़ाई शुरू हो गई है। इन मुकदमों में ट्रंप के आदेश को चुनौती दी जा रही है।

जॉन केनेडी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर के हत्या मामले की फिर खुलेगी फाइल

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर किए हस्ताक्षर

**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेते ही कई कड़े फैसले ले रहे हैं। ऐसा ही एक फैसला उन्होंने तीन पूर्व अमेरिकी राजनेताओं के बारे में लिया है। ट्रंप ने इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी, सीनेटर रॉबर्ट केनेडी और सिविल राइट्स लीडर मार्टिन लूथर किंग जूनियर की मौतों की फाइल फिर से खोलने का आदेश दिया है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान ही इनकी मौतों से जुड़ी फाइलों को खोलने का वादा किया था। हालांकि बाद में



खुफिया अधिकारियों के कहने पर उन्होंने यह विचार त्याग दिया था, लेकिन दूसरे कार्यकाल के चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने एक बार फिर से इसके बारे में वादे किया था।

व्हाइट हाउस में इस आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए उन्होंने रिपोर्टर्स से कहा कि सबकुछ खुलासा किया जाएगा। रक्षा, खुफिया, कानूनी एजेंसियों या राजनयिक अभियानों को कोई भी संभावित नुकसान जनता को जानने का अधिकार है। इसमें शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह 15 दिन के अंदर ट्रंप के सामने एक प्लान तैयार कर पेश करें। इसमें इन रिकॉर्ड्स का कैसे पूरी तरह से खुलासा किया जाए। इन लोगों के परिवारों और अमेरिकी लोगों को सच्चाई जानने का पूरा अधिकार है। राष्ट्रहित में इन हत्याओं से जुड़े सभी खुलासे बिना किसी देरी के कर देने चाहिए।

पिछले साल 'ऑल-इन' नाम के एक पॉडकास्ट में ट्रंप ने दावा किया था कि पहले कार्यकाल के दौरान केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने इसके खुलासे में देरी का अनुरोध किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति केनेडी को नवंबर 1963 में डलास में मार दिया गया था। इस केस में ली हार्वी ओसवाल्ड मुख्य संदिग्ध था। हत्या के दो दिन बाद जैक रूबी ने ओसवाल्ड की हत्या कर दी। इससे केनेडी की हत्या में साजिश की आशंका गहरा गई। वहीं, रॉबर्ट एफ केनेडी की जून 1968 में सिरहन द्वारा और मार्टिन लूथर किंग की अप्रैल 1968 में जेम्स अर्ल रे द्वारा हत्या कर दी गई थी।

## जयंत चौधरी ने विश्व आर्थिक मंच पर मेटा के अध्यक्ष से मुलाकात की

**एजेंसी ■ दावोस**

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री, जयंत चौधरी ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच के दौरान मेटा में वैश्विक मामलों के अध्यक्ष निक क्लेग से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) और मेटा के बीच मौजूदा साझेदारी को और मजबूत करना रहा। इस बैठक में कौशल विकास और डिजिटल परिवर्तन में भारत को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने के लिए अग्रणी प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। चर्चा मुख्य उद्देश्यों पर केंद्रित रही, जिसमें स्किल इंडिया असिस्टेंट (एसआईए) का विकास, उन्नत एआई समाधान, मेटा के ओपन-सोर्स लार्ज लैंग्वेज मॉडल (लामा) द्वारा संचालित, जिसे स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) के साथ एकीकृत किया जाएगा।बैठक में खुद को विश्व की कौशल राजधानी के रूप में स्थापित करने के भारत के प्रयासों को आगे बढ़ाने एवं कौशल-निर्माण पहलों में नवाचार, समावेशिता और स्केलेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए लामा जैसे ओपन-सोर्स एआई समाधानों की परिवर्तनकारी क्षमता की खोज करने पर भी बल दिया गया।

# ...एक समय था जब हाथ उठाकर देते थे वोट !

अपने देश मे मतदाता ही असली शासक निर्माता है,अगर वह वोट देते समय जागरूक रहे तो जिसे चाहे राजा बना सकता है।भारतीय संविधान के तहत गठित गणतन्त्र में गण में से तन्त्र का संवाहक चुनने के लिए आजादी के बाद से अभी तक विभिन्न तरीके अपनाये गए। गांव स्तर से लेकर राज्य और केन्द्र स्तर तक अपना जनप्रतिनिधी चुनने के लिए जो तरीके अपनाये गए उनमें हाथ उठाकर अपना जनप्रतितिधी चुनने से लेकर ईवीएम वोटिंग मशीन तक का उपयोग मतदाताओं के लिए वरदान बना। बात ज्यादा पुरानी नही है जब गांव में लोग अपना प्रधान व ग्राम सदस्यों का चुनाव हाथ उठाकर करते थे। यानि तब न बैलट पेपर का झंझट था ,न वोटिंग मशीन की जरूरत थी, बस हाथ उठाओं और हो गया वोट । हरिद्वार जिले के गांव खुब्बनपुर निवासी मास्टर सुमन्त सिंह आर्य ने अपनी सरकारी नोकरी के दौरान चार बार ऐसे चुनाव कराये जब वोट बैलट के बजाए हाथ उठाकर दिया गया था। ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान व ग्राम सभा सदस्यो के चुनाव सन 1962 तक हाथ उठाकर ही कराये जाते थे। लेकिन जब हाथ उठाकर वोट देने के कारण लोगो के बीच आपसी रंजिश बढने लगी तो हाथ उठाकर वोट देने की सरल व सुगम परम्परा को बन्द करना पडा। हालांकि आजादी के पहले तक तो हाथ उठाकर वोट डालने की परम्परा सामान्य थी। लेकिन तब भी कभी बडे सदनो के लिए हाथ उठाकर वोट डालने की प्रक्रिया को नही अपनाया गया।अपने जीवनकाल में स्वाधीनता सेनानी सत्यवती सिन्हा ने अपने जीवनकाल में अपने अनुभव सुनाते हुए बताया था कि पहले लोग वोट का मतलब तक नही समझते थे । एक बार जब वे लोगो को कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने के लिए कहने गई और उन्हे उस समय के चुनाव चिन्ह बैलो की जोडी के बारे में बताया तो गांव की महिलाओं ने वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र पर जाने के बजाए खेतो में जाकर बैलो की जोडी के सामने पांच पांच पैसे चढा दिये और समझ लिया कि उन्होने मतदान कर दिया है। ग्राम प्रधान रह चुकी कमला बमोला का कहना है कि मतदान के लिए आज भी कई स्थानों पर लोगो को कई कई किमी तक पैदल जाना पडता है जो कि एक गलत व्यवस्था है। उन्होने माना कि चुनाव में काफी सुधार हुए है लेकिन अभी भी चुनाव धन बल की विकृति से मुक्त नही हो पाया है।इसी कारण गरीब व आम आदमी आज भी चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता। ऐसे में कैसे माना जाए कि लोग उस आम जनता में से चुन कर जा रहे है जिनकी संख्या कम से कम नब्ब फिसदी है।इसी कारण 90 प्रतिशत लोग आज भी चुनाव न लड पाने की हैसियत न होने के कारण चुनाव से दूर है और जनप्रतिनिधी बनने से वंचित है। इसी तरह अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ आदेश कुमार शर्मा इस बात से दुखी है कि चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी आज भी वोटरो को प्रलोभित कर वोट पाना चाहते है और जब ऐसे लोग चुनाव जीत जाते है तो चुनाव बाद 5 साल तक फिर वे नजर नही आते ऐसे प्रत्याशियो को नकारने पर वे जोर देते है । लेकिन उन्होने चुनाव आयोग द्वारा चुनाव सुधार की दिशा में टी एन शेषन के समय की गई सख्ती का स्वागत किया था। उनकी सोच है कि चुनाव आयोग टीएन शेषन के समय से ही अच्छे रास्ते पर चलने लगा था परन्तु अब फिर उसकी विश्वनीयता ईवीएम पर सवाल उठने के कारण घटने लगी है और वह सरकार की कठपुतली नजर आने लगा है।

# लोकतंत्र को मजबूती देने के लिये मतदाता को जागना होगा



▪ ललित गर्ग

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण विमर्शनीय विषय है लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव, इसको लेकर एक सार्थक बहस छिड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था। चुनाव एक साथ कराने का विचार बहुत नया हो, ऐसा भी नहीं है।**

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई और पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन दिया जाये। 'मतदाता बनने पर गर्व है, मतदान को तैयार हैं' जैसे नारों के साथ मतदान दिवस मनाने का मुख्य कारण है कि लोगों को मतदान का महत्व बताया जाए ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और अपने मत का आवश्यकतरूप से उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चुने। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 की थीम है ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।'' ऐसा करके ही लोकतंत्र को मजबूती दी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में इसने मतदान के अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेषतः युवा मतदाताओं को पंजीकृत करने, उन्हें मताधिकार का उपयोग करने के लिये अग्रसर और प्रेरित करने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका बनी है। चुनाव आयोग इस मंच का उपयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में योगदान देने वाले अधिकारियों, हितधारकों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए भी करता है। यह लोकतांत्रिक मील का पत्थर बना है और भारत के लोकतंत्र के 78 वर्षों की यात्रा और चुनावी अखंडता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता के लिये इसे जश्न रूप में मनाया जाता है।

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी,



अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे। इसलिये यह दिवस मतदाता को जागरूक करने के साथ प्रशिक्षित भी करता है। भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है। इन सब संकटों से मुक्ति के लिये मतदाता की जागरूकता की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये चुनाव आयोग का आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग अनेक कारणों नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें। इनदिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है और इसमें मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की होड़-सी लगी है। लोकतन्त्र में यह मुफ्त बांटने की मानसिकता एक तरह का राजशाही का अन्दाज ही कहा जायेगा जो लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। लोकतंत्र में कोई भी सरकार आम जनता की सरकार ही होती है और सरकारी खजाने में जो भी धन जमा होता है वह जनता से वसूले गये शुल्क या टैक्स अथवा राजस्व का ही होता है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति एक राजनीतिक विकृति के रूप में विकसित हो रही है। वृद्धों को मुफ्त धार्मिक यात्रा-पेंशन, युवाओं को रोजगार देने का वायदा, महिलाओं को नगद राशि एवं मुफ्त बस सफर हो या बिजली-पानी या गैस सिलेंडर। हालात यह हो गए है कि इस मामले में लगभग सभी पार्टियों के बीच एक होड़ जैसी लग गई है कि मुफ्त के वादे पर कैसे मतदाताओं से अपने पक्ष में लुभा कर मतदान कराया जा सके। इससे राज्यों का आर्थिक संतुलन लड़खड़ाता है या वे कर्ज में डूबती है तो इसकी चिन्ता किसी भी दल की सरकार को नहीं है।

## राजकाज



### अस्पतालों में राम नाम की लूट, लूट सके तो लूट

कुछ समय पहले मुंबई के 7 अस्पतालों के खिलाफ नाजायज बिलिंग और मरीज के साथ ठगी करने के मामले में अपराधिक प्रकरण दर्ज हुए हैं। हार्ट के मरीजों से स्टंट के नाम पर 200000 रूपये तक वसूल किया जा रहे थे। जबकि स्टंट की कीमत अधिकतम 20000 रूपये थी। मरीज को मौत का डर दिखाकर राम के नाम पर अस्पतालों में यह लूट की जा रही थी। इन दिनों अस्पतालों में मौत का भय दिखाकर मरीज और उनके परिवारजनों को जिस तरह से लूटा जा रहा है। उससे लोगों को इलाज कराने के दौरान भगवान राम की याद आ जाती है। राम भरोसे उनका इलाज होता है। बच जाते हैं, तो राम कृपा होती है। यदि मर गए तो भगवान की मर्जी मान लेते हैं। भगवान राम ही नैया पार लगाते हैं। दुनिया में राम का नाम शाश्वत सत्य है। मौत के बाद ही आदमी को इसके ऊपर विश्वास होता है। जिस डॉक्टर के ऊपर भरोसा करते हैं।

### अमेरिका में भी लोकतंत्र की समाप्ति?

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 19 जनवरी तक अमेरिका के राष्ट्रपति हैं। उन्होंने अपना विदाई भाषण दिया है। विदाई भाषण के वक्त उनके मुंह से सत्य निकला है। उन्होंने कहा दुनिया से लोकतंत्र खत्म हो रहा है। अमीर ओर अमीर होते जा रहे हैं। गरीब और गरीब हो रहे हैं। असमानता अमीरों और गरीबों के बीच में बढ़ती चली जा रही है। अब इसका असर लोकतंत्र पर पड़ने लगा है। सरकार पर पूंजीपतियों ने कब्जा कर लिया है। यदि यही स्थिति रही, तो दुनिया से लोकतंत्र खत्म होगा। एक बार फिर सारी दुनिया में तानाशाही और राजशाही स्थापित हो जाएगी। आम आदमी अमीरों का गुलाम बनकर ही रह सकता है। जैसे हजारों वर्ष पहिले रहता था। लोकतंत्र के रूप में मिली स्वतंत्रता गुलामो को रास नहीं आ रही है। भारत मे 140 करोड़ की आबादी है। भारत में भी अमीरों की पूंजी और संपत्ति 4 गुना बढ़ गई। गरीबों के सिर पर कर्ज लद गया। महंगाई और बेरोजगारी ने कमर तोड़ दी है। सरकार 5 किलो अनाज देती है। उससे जानवरों की तरह पेट भर केभारत के मनुष्य जिंदा रह लेते हैं। समय बिताने के लिए भगवान का उद्घोष करते हैं।

### सेवा विस्तार पर भड़के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ इस समय भड़के हुए हैं। उन्होंने सेवा विस्तार के मामले में सरकार पर निशाना साधा है। सेवा विस्तार के नियमों और सिद्धांतों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, प्रतिभाओं का असम्मान किया जा रहा है। लोक सेवा आयोग की भूमिका पर भी उन्होंने सवाल उठा दिए। उन्होंने यह भी कह दिया कि जिस तरह से एक ही विचारधारा से जुड़े लोगों की नियुक्ति की जा रही है। वह संविधान और उसकी मूल भावनाओं के लिए सही नहीं है। इसे संविधान कमजोर होगा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह कहा है। इसलिए यह चर्चा का विषय बन गया है। धनखड़ विद्रोही मुद्रा में तो नहीं आ गए। यदि ऐसा है, तो वह किसी भी सीमा तक जा सकते हैं।

## फीचर



### ऑपरेशंस मैनेजमेंट सहित इन नये क्षेत्रों में हैं अच्छे अवसर

**कुछ इंस्टिट्यूस प्लेसमेंट्स को ध्यान में रखकर कोर्स ऑफर कर रहे हैं, जिनमें रूरल मैनेजमेंट, रिटेल मैनेजमेंट, टेलिकॉम मैनेजमेंट, इंश्योरेंस मैनेजमेंट, फॉरिन ट्रेड हैं।**

निजी क्षेत्र में आजकल सेल्स, ब्रैंड मैनेजमेंट या मार्केट रिसर्च में काफी संभावनाएं हैं हालांकि इसके लिए आपकी कम्यूनिकेशन स्किल्स (संवाद शैली) काफी बेहतर होनी चाहिए। मैनेजमेंट के क्षेत्र में ये विकल्प मौजूद हैं अगर आप विपरीत परिस्थितियों को आसानी से हैंडल कर लेते हैं और तकनीक में आपकी रुचि है, तो आप यह स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। यह क्वॉलिटी कंट्रोल और प्रॉडक्टिविटी इंप्रूवमेंट में अहम भूमिका निभाता है।

ये लोग बैक एंड पर काम करते हैं और इंवेस्टमेंट बैंकिंग, मर्चेंट बैंकिंग, कॉरपोरेट फाइनेंस वगैरह की रीढ़ की हड्डी होते हैं। यह स्पेशलाइजेशन आईटी से ताल्लुक रखता है और अच्छी टेक्निकल व बिजनेस समझ रखने वालों के लिए यह बेहतर रहता है। इसके बाद आपको सिस्टम कंसल्टेंसी, अकाउंट या प्रॉजेक्ट मैनेजमेंट वगैरह में प्लेसमेंट मिल सकता है। इसमें काम करने वाले लोगों पर पूरे ऑफिस के लोगों का मैनेजमेंट होता है। इसके लिए आपके पास अच्छा व्यक्तित्व, अच्छी तरह बात करने की क्षमता और रिश्ते बनाने की कला का होना बेहद जरूरी है।

#### स्पेशलाइज्ड एमबीए

कुछ इंस्टिट्यूस प्लेसमेंट्स को ध्यान में रखकर कोर्स ऑफर कर रहे हैं, जिनमें रूरल मैनेजमेंट, रिटेल मैनेजमेंट, टेलिकॉम मैनेजमेंट, इंश्योरेंस मैनेजमेंट, फॉरिन ट्रेड हैं। इस तरह के हैं कोर्स में एमबीए में दो साल की डिग्री के अलावा, एक साल का फुल टाइम प्रोग्राम, पार्ट टाइम एमबीए, डिस्टेंस लर्निंग एमबीए जैसे विकल्प हैं हालांकि हर विषय की अपनी-अपनी खूबी और खामियां हैं।

# अहिल्या पथ के अनुगामी प्रदेश के मोहन

पुण्यश्लोक लोकमाता श्रीमंत अहिल्या बाई होलकर मराठा साम्राज्य की वह महान शख्सियत थीं जिन्होंने अपने कुशल प्रबंधन, प्रशासन सामाजिक और आर्थिक सुधार के साथ-साथ धार्मिक सहिष्णुता के लिए भी इतिहास में अपना वो नाम दर्ज कराया जिसका उल्लेख आज 300 साल के बाद भी बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाता है। प्रजातंत्र की वर्तमान व्यवस्था में विसराये जा चुके और भूतपूर्व हो चुके राजतंत्र की व्यवस्था में आज भी यदि किसी का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है तो वह सिर्फ एक नाम है अहिल्याबाई होलकर। उन्होंने जिस तरह से शासन व्यवस्था देने का प्रयास किया जिसके चलते जो सामाजिक ताना-बाना बुना गया शायद ऐसा ही प्रयास मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कर रहे हैं और इसीलिए उन्हें कहा जाता है ..अहिल्याबाई के पथ का अनुगामी...तत्कालीन हिंदुस्तान में लगभग 300 वर्ष पूर्व मालवांचल में अहिल्याबाई होल्कर का शासन था। एक अच्छी प्रशासक के साथ-साथ बेहद न्याय प्रिय अहिल्याबाई होल्कर ने शासन में नवाचार और उत्कृष्टता के जो प्रतिमान गढ़े समकालीन इतिहास के किसी भी राजा के शासनकाल में ऐसा देखने में नहीं आया। शायद उनका शानदार प्रशासन, न्याय प्रियता और सनातन के प्रति उनकी दृढ़ आस्था ने ही उनको इस कालखंड में भी विस्मृति नहीं होने दिया । संयुक्त भारत में राजशाही के समय 400 से भी अधिक राजा महाराजा हुआ करते थे लेकिन जो सम्मान इस आधुनिक काल काल खण्ड मे अहिल्याबाई होल्कर को मिलता है वह किसी अन्य राजा या महाराज को नसीब नहीं है बेशक राजस्व और सीमा क्षेत्र के मामले में उनका राज्य कितना भी बड़ा रहा हो। अहिल्याबाई का राजमाता से लोकमाता बनने तक का सफर बेहद संघर्ष पूर्ण रहा लेकिन उन्होंने जिस तरह मालवा का शासन किया वह न केवल अविस्मरणीय है बल्कि उस शासन की दुहाई आज भी दी जाती है। उन्होंने किसानों, व्यापारियों और सामान्य जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी और एक कुशल राजस्व प्रणाली बनाई जो मुख्य रूप से किसानों के हित पर केंद्र थी। उन्होंने सुनिश्चित किया कि किसानों को उनकी फसल का उचित दान मिले। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को न केवल प्रमोट किया बल्कि विधवा विवाह को भी प्रोत्साहित किया जहां तत्समय बंगाल और अन्य कई जगह सती प्रथा के नाम पर विधवा को जला दिया जाता था वहीं विधवा विवाह को प्रमोट करना दुस्साहस ही था। एक बहुत महत्वपूर्ण कार्य जिसने अहिल्याबाई को अमर कर दिया वह था मंदिर, घाट ,जलाशय और धर्मशालाओं का निर्माण। उन्होंने बनारस, अयोध्या ,सोमनाथ ,काशी, हरिद्वार ,द्वारिका , बद्रीनाथ , केदारनाथ जैसे धार्मिक स्थलों का कायाकल्प किया। उन्होंने कई हिंदू मंदिरों का निर्माण कराया जो आज भी जीवंत है। अहिल्याबाई की सबसे बड़ी खासियत थी कि उन्होंने एक मजबूत और सुदृढ़ सैना को अपने साथ रखा लेकिन पूरे जीवन उन्होंने कभी कोई युद्ध नहीं लड़ा?। एक अच्छे सैना रखने का मुख्य कारण राज्य की आंतरिक सुरक्षा और शांति बनाए रखना था। एक नवाचार जो उन्होंने किया वह यह था कि उन्होंने दरबार प्रणाली प्रारंभ की जिसमें सभी वर्गों के लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों को सीधे अहिल्याबाई के सामने रख सकते थे जहां उनका त्वरित निदान किया जाता था।यानि क्विक डिसीजन आन द स्पॉट। अहिल्याबाई ने जो सबसे बड़ा काम मालवा मे किया वह यह कि की उन्होंने अपने शासनकाल में मालवा को न केवल प्रमुख व्यापारिक केंद्र बनाया बल्कि व्यापारियों को विशेष सुविधाएं प्रदान की। उनके शासनकाल में व्यापार और उद्योग को जबरदस्त बढ़ावा मिला और शायद यही कारण है की उनके शासन का मुख्य केंद्र इंदौर आज मुंबई के बाद व्यापार के क्षेत्र में देश में दूसरा स्थान रखता है। देवी अहिल्या न केवल एक कुशल शासक थीं बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी बेहद समृद्ध भी थीं। उन्होंने एक राजा होने के बाद भी साधारण जीवन जिया और अपने राज्य के संसाधनों का उपयोग सिर्फ और सिर्फ जनता की भलाई के लिए किया। यदि हम गौर से देखें तो ज्ञात होगा की मध्य प्रदेश की मोहन सरकार की कार्यप्रणाली मैं देवी अहिल्या की शासन की झलक स्पष्ट दिखाई देगी जिसमें न्याय,जन सेवा और धार्मिक सहिष्णुता परिलक्षित होती है। इसका कारण शायद यह है कि कहीं ना कहीं सरकार के मुखिया मोहन यादव मालवा क्षेत्र से आते हैं और जाहिर सी बात है की मालवा का नागरिक अहिल्याबाई से आज भी बहुत गहरे प्रभावित है। क्योंकि देवी अहिल्या मालवा की रग रग में आज भी समायी हुई है। वर्तमान सरकार ने ग्रामीण विकास, गरीबों की सहायता, महिलाओं के उत्थान , किसानों की भलाई जैसी तमाम योजनाएं लागू की है। इस प्रदेश की रीड की हड्डी किसान और किसानी है और ठीक अहिल्याबाई की तरह एमवाई सरकार ने किसानों का विशेष ध्यान रखा है ।सिंचाई योजना, फसल बीमा योजना, उन्नत कृषि और हॉर्टिकल्चर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है वही राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे के लिए प्रत्येक जिले के कलेक्टर को डेडलाइन दी है ताकि किसानों के खसरे खतौनी जैसे काम न केवल अपडेट हो बल्कि दुरुस्त भी किया जाए। केन बेतवा परियोजना के माध्यम से लाखों एकड़ भूमि को सिंचित करने की जो काम प्रधानमंत्री के प्रयासों से एम वाई सरकार ने मध्यप्रदेश में किया है अगले 5 साल के भीतर उसके जो परिणाम आएंगे वह कल्पना से परे है। जन स्वास्थ्य के लिये आयुष्मान कार्ड के साथ कई योजनाएं एमवाई सरकार ने प्रारंभ की है जिनके माध्यम से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को ऑपरेशन से लेकर इलाज तक की जो सुविधा मध्य प्रदेश में दी जा रही है वह अनुकरणीय।महिला सशक्तिकरण के लिए एम वाई सरकार ने वाकई में बहुत ठोस प्रयास किए हैं जिसके चलते स्वम सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को सशक्तिकरण और स्वरोजगार से जोड़ने का अनुकरणीय प्रयास किया है। इसी कड़ी में अडानी के सहयोग से शिवपुरी जिले में बदरवास क्षेत्र में चल रहे कपड़े की जैकेट के व्यवसाय के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आने वाला है क्योंकि महिलाओं का बहुत बड़ा समूह इसके माध्यम से स्वरोजगार से जुड़ने वाला है।



आलोक एम इन्दौरिया

समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति पर मोहन यादव का विशेष ध्यान है जिसके चलते उन आदिवासी भाईयों के उत्थान का विशेष प्रयास मोहन सरकार ने किया है प्रधानमंत्री जन आवास के क्षेत्र में। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिला देश का वह पहला जिला है जहां आदिवासीयों के लिए प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना के तहत सुव्यवस्थित और विकसित कॉलोनी न केवल तैयार की गई है बल्कि मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू जी भाई पटेल ने आदिवासियों के गृह प्रवेश में भी सहभागिता की है। राष्ट्रीय स्तर पर मोहन यादव के इस प्रयास को न केवल सराहना मिली है बल्कि अन्य राज्य भी अब शिवपुरी पैटर्न की ओर प्रधानमंत्री जन आवास योजना के लिए बढ़ रहे हैं और इसके लिए शिवपुरी जिला कलेक्टर और रविंद्र चौधरी यकीनन बधाई के पात्र हैं जिन्होंने इस योजना का क्रियान्वयन नियत समय से बहुत पहले ही करके मध्य प्रदेश की धाक सारे देश में बना दी। पर्यटन के क्षेत्र में भी एम वाई सरकार ने जबरदस्त काम किया है और कूनो पालपुर अभ्यारण में चीतों का आना और उनके कुनबे का बढ़ना इस क्षेत्र में पर्यटन की नई सुविधाओं का आगाज करेगी। अहिल्याबाई की तरह ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां 1 साल के अल्पकाल में मोहन यादव में काम न किया हो। धार्मिक क्षेत्र में महाकाल लोक की तरह चित्रकूट, पीतांबरा पीठ जैसी कई धार्मिक जगह को अहिल्याबाई के पैटर्न पर न केवल विकसित किया जा रहा है बल्कि उन्हें भव्य रूप प्रदान करने की योजना पर भी काम चल रहा है। सबसे बड़ा काम जो मोहन यादव सरकार ने किया वह की मध्य प्रदेश को देश में औद्योगीकरण के लिए निवेश का सबसे बड़ा केंद्र बना दिया। यह मोहन यादव का ही प्रयास है की मध्य प्रदेश के हर संभाग में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव करके उन्होंने दो लाख करोड रुपए से ऊपर का निवेश न केवल आमंत्रित किया बल्कि इससे जुड़े रोजगार के लाखों अवसरों को भी जन्म देने का प्रयास किया। यानी जिस तरह अहिल्याबाई ने बिना अपनी सीमाओं का विस्तार किया उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में मालवा को नई ऊंचाई प्रदान की ठीक इसी तरह मोहन यादव ने उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में मध्य प्रदेश को बहुत ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास किया है। मोहन यादव सरकार के ऐसे तमाम काम है जिसकी फहरिस्त बहुत लंबी हैमोहन यादव की सरकार ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 भी जयंती पर महेश्वर में डेस्टिनेशन कैबिनेट का आयोजन करके उनके प्रति अपने समर्पण को दर्शित किया है। इस प्रदेश में स्वतंत्रता के बाद कई सरकारें आई और गई ,लोकमाता अहिल्याबाई तब भी थीं और आज भी है, लेकिन मोहन यादव सरकार ने उन्हें जिस तरह याद करने की कोशिश की है,आम जनता तक उनका संदेश पहुंचने का प्रयास किया है वह हमेशा याद रखा जाएगा।

**(लेखक मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक है)**

## अपनी बात



पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत को सभी क्षेत्रों में लड़कियों की उपलब्धियों पर नाज है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार यह तय करने के लिए समान रूप से कृतसंकल्पित है कि बालिकाओं के खिलाफ कोई भेदभाव न हो। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि आज, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।



यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उन्नति के रथ पर, बदलाव के पथ पर उत्तर प्रदेश मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम व लीलाधर श्री कृष्ण की जन्मभूमि, महाकुंभ की धरती तथा विविधता में एकता को समेटे लोक कला, संस्कृति, धर्म, संस्कार एवं अपने ऐतिहासिक शौर्य गाथा से परिपूर्ण वीर धरा हमारे उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## ब्रीफ न्यूज़

### पुरानी रंजिश पर दंपत्ति के साथ मारपीट

**गुना।** जिले के आरोन थानांगत पुरानी रंजिश पर दंपत्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी कल्याण सिह सहरिया पुत्र हरनाम सिह सहरिया निवासी रायपुरा मोहनबाडा ने अपनी पत्नी सुमंत्रा बाई एवं बहन सुनीता, गोमता सहरिया के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम करीबन 07 बजे की बात है। वह और उनकी पत्नी सुमंत्रा बाई अपने घर के बाहर खड़े थे। तभी गाँव का गिर्राज सहरिया आया और पुरानी रंजिश पर से उनको गालिया देने लगा। जब गालिया देने से मना किया तो गिर्राज सहरिया ने हाथ मे लिये हुये एक प्लास्टिक का पाईप उसकी पत्नी को मारा, वह बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### खेत पर गए थें मवेशी भगाने, हो गई मोटर सायकिल चोरी

**गुना।** जिले के धरनावदा थानांगत ग्राम सामरसिंगा में खेत में मवेशी भगाने गए व्यक्ति की मोटर सायकिल खेत के पास से चोरी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी चंद्रमोहन किरार पुत्र रामप्रसाद किरार ने अपने बड़े भाई बसंत कुमार के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि रात करीबन 10 .30 बजे में अपने लड़के रविंद्र किरार को साथ लेकर अपनी मोटर साईकिल एमपी 08-1961 को लेकर अपने खेत पर मवेशी भगाने गये थे। उसने अपनी गाड़ी गोडिया व वरूं खेड़ी के पास खड़ी कर दी थी। आधे घण्टे बाद जब हम मवेशी भगा कर आये तो देखा कि मेरी मोटर साईकिल जहा खडीं की थी वहां नही मिली। जिसे हमने आस पास तलाश किया ,कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी मोटर साईकिल को चुराकर ले गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर पर धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### चांचौड़ा में गरीबों के राशन पर डाका, दुकान से बड़ी मात्रा में अनाज चोरी

**गुना।** जिले के चाचौड़ा क्षेत्र में ग्राम बीजनीपुरा की शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने दुकान को निशाना बनाकर बड़ी मात्रा में चावल और गेहूं उड़ा लिया। इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और गरीबों के राशन की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना का खुलासा 22 जनवरी को हुआ, जब दुकान के मकान मालिक वीर सिंह मोंगिया ने देखा कि दुकान के छप्पर का टीनशेड उठा हुआ है। अंदर जांच करने पर पता चला कि चोर छप्पर के रास्ते दुकान में घुसे और 15 कट्टा चावल और 6 कट्टा गेहूं लेकर फरार हो गए। मकान मालिक ने तुरंत इसकी सूचना दुकान के संचालक रामहेत मोंगिया को दी। संचालक ने बताया कि दुकान 13 जनवरी को राशन वितरण के बाद बंद की गई थी। चोरी की इस वारदात से क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। रामहेत मोंगिया ने बीनागंज पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और संदेह जताया है कि चोरी में गांव के ही कुछ युवकों का हाथ हो सकता है, जो जुआ खेलने और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# गणतंत्र दिवस समारोह परेड की हुई फायनल रिहर्सल

## लाल परेड मैदान पर एडीएम ने ली सलामी

सत्ता सुधार ■ गुना

गणतंत्र दिवस समारोह के पूर्व लाल परेड मैदान पर परेड की फायनल रिहर्सल की गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी। दरअसल आगामी 26 जनवरी को देश का 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में गुना के लाल परेड मैदान पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से पूर्व शुक्रवार को प्रातः लाल परेड मैदान पर एसपी संजीव कुमार सिंहा की उपस्थिति में परेड कार्यक्रम व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम ठीक उसी प्रकार आयोजित किया गया जैसा कि 26 जनवरी को मुख्य कार्यक्रम के दौरान किया जाना है, निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ध्वजारोहण किया गया एवं परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय द्वारा परेड कमांड कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई तथा मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण किया व परेड द्वारा हर्ष फायर व मार्च पास्ट की कार्यवाही भी की गई। परेड में पुलिस, एसएएफ, होमागार्ड के प्लाटूनों के अलावा एनसीसी, स्काउट, रेडक्रॉस, शौर्य दल सहित कुल 13 प्लाटून शामिल किये गये हैं । रिहर्सल में मुख्य अतिथि भूमिका में एडीएम अखिलेश कुमार जैन रहे। अभ्यास के दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का भी अभ्यास किया गया । गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को लाल परेड ग्राउण्ड पर आयोजित होगा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा प्रातः 9 बजे मैदान पर पहुंचकर ध्वजारोहण करेंगे एवं परेड सलामी व निरीक्षण उपरांत माननीय मुख्यमंत्री महोदय के संदेश का बाचन करेंगे । इस अवसर पर परेड के अलावा विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जावेंगी एवं विभिन्न विभागों की ओर से चलित झांकियां निकाली जावेंगी।



### गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पुलिस अलर्ट मोड पर, चलाया विशेष चेकिंग अभियान

इस दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत् रखते हुए एसपी श्री सिंहा द्वारा जिले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामात किये गये हैं। साथ ही समस्त थाना क्षेत्रों के संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चैकिंग करने व संदिग्ध गतिविधियों पर सूक्ष्म निगाहें बनाये रखने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशानुसार गुना पुलिस पुलिस हाई अलर्ट पर है और गणतंत्र दिवस से पहले गुना शहर सहित जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस की अलग-अलग पार्टियों द्वारा पैदल भ्रमण कर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की सघन चैकिंग करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर सूक्ष्म निगाहें रखी जा रहीं हैं । साथ ही इस दौरान पुलिस द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, होटलों आदि को भी चैक किया जा रहा है । पुलिस की ओर से चैकिंग की यह कार्यवाही 26 जनवरी 2025 की पूर्व संध्या तक निरंतर जारी रहेगी ।

# "राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह" के तहत यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान

## स्कूल में सेमिनार आयोजित कर विद्यार्थियों को पड़ाया यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा का पाठ

सत्ता सुधार ■ गुना

जिलेभर में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रदेश व्यापी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में एसपी संजीव सिंहा के दिशा निर्देशन एवं एएसपी मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में गुना पुलिस द्वारा जिले में अभियान चलाकर विभिन्न माध्यमों से यातायात जागरूकता का संदेश दिया जा रहा हैं, साथ ही लापरवाह वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में प्रभारी यातायात निरीक्षक अजयप्रताप सिंह कुशवाह द्वारा स्थानीय जयस्तंभ चौराहा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक - 2 में यातायात जागरूकता सेमिनार आयोजित कर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पाठ पड़ाया गया।



सेमिनार के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य योगेन्द्र शर्मा के साथ उनका स्कूल स्टाफ एवं नेहरु युवा केंद्र से अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रभारी यातायात निरीक्षक अजयप्रताप सिंह छात्रों को हेलमेट, सीटबेल्ट की उपयोगिता के बारे में समझाया गया एवं बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में वाहन की तेज रफ्तार, नशे का सेवन, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल, गलत तरीके से ओवरटेकिंग करना कितना घातक हो सकता है एवं बताया गया कि सड़क पर हर जीवन महत्वपूर्ण है, हमारा लक्ष्य हर घर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है । यह केवल नियमों की बात नहीं है, यह मानव जीवन को महत्व देने की बात है । हमारा यह प्रयास सिर्फ आपके सफर को बेहतर बनाने के लिए नहीं, बल्कि आपकी जिंदगी को सुरक्षित रखने के लिए हैं एवं अपील की गई कि अगर सड़क दुर्घटना में कभी कोई घायल व्यक्ति आपको मिलता है तो उसकी सहायता ज़रूर करें । आपकी कोशिश से अगर उस व्यक्ति की जिंदगी बच जाती है तो आपको वह इंसान और उसका परिवार जीवनभर दुआएँ देगा । साथ ही ऐसा करने पर गुड सेमेरिटन योजना के अंतर्गत शासन द्वारा आपको 5000 रूपये की धनराशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जावेगा । सेमिनार के अंत में यातायात प्रभारी द्वारा उन समस्त छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जिनके द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों और मोटर व्हीकल एक्ट से सम्बंधित पूछे गये प्रश्नों के सही-सही जवाब दिए ।

# उपभोक्ता आयोगों और खाद्य पदार्थों की जांच प्रयोगशालाओं का बजट में ध्यान रखा जाए : अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत

सत्ता सुधार ■ गुना

उपभोक्ता आयोगों में बुनियादी अधोसंरचना और सुविधाएं नहीं हैं। साथ ही खाद्य पदार्थों की जांच हेतु प्रयोगशालाओं की भी बहुत कमी है, जिसके कारण खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच में और अमानक और मिलावटी पाये जाने पर कार्यवाही में बहुत समय लगता है। जिसके कारण मानव जीवन और स्वास्थ्य से खिलवाड़ चलता रहता है। इसमें तेजी लाने के लिए प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ायी जाए और चलित प्रयोगशालाओं की संख्या भी बढ़ाई जाए। उक्त सुझाव अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ओर से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ ने नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के नेतृत्व में बजट पर संवाद पर सम्पन्न कार्यक्रम में दिये। जैविक कृषि को प्रोन्नत करने, सौर उर्जा में सब्सिडी बढाने और रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर




प्राकृतिक व पर्यावरण अनुकूल कीटनाशकों के अनुसंधान, उत्पादन और उपयोग को प्रोन्नत करने के के लिए बजट प्रावधान का सुझाव भी ग्राहक पंचायत की ओर से दिया गया। अलंकार वशिष्ठ ने बताया कि सरकार की सफलता और कुशलता समस्या व शिकायत समाधान प्रणाली की सुदृढता के आधार पर ही तय होता है। ग्राहक क्षेत्र में कुछ समस्याओं का समाधान ऑनस्पॉट और कुछ का अतिशीघ्र अपेक्षित होता है। इसलिए शासन के समस्त विभागों के समन्वयन में एक उत्तरदायी व सुदृढ समस्या व शिकायत समाधान प्रणाली के गठन व खद्य पदार्थों की जांच हेतु प्रयोगशालाओं की संख्या में विस्तार की आवश्यकता की ओर ध्यानाकर्षित किया। ग्राहक पंचायत ने ग्राहक समस्या, शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ बनाने के साथ ही जीवन को प्रभावित करने वाले विभिन्न विषयों पर बजट प्रावधानों का सुझाव दिया। खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच हेतु प्रयोगशालाओं की स्थापना और चलित प्रयोगशालाओं की संख्या में विस्तार, स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी कम करने, फसल बीमा में फलोद्यानों को सम्मिलित करने, जैविक कृषि को प्रोन्नत करने, सौर उर्जा में सब्सिडी बढ़ाने और रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर प्राकृतिक व पर्यावरण अनुकूल कीटनाशकों के अनुसंधान, उत्पादन और उपयोग को प्रोन्नत करने के के लिए बजट प्रावधान का सुझाव दिया। इस संवाद कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने-अपने सुझाव दिये।

# अवैध देशी भरमार बंदूक के साथ आरोपी गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले की सिरसी थाना पुलिस द्वारा अवैध देशी भरमार बंदूक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि गत् रात में पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम बड़ेरा की पठार वाले मैदान पर एक व्यक्ति एक देशी बंदूक लेकर हुए कोई बारदात की नियत में बैठा हुआ है। इस सूचना के मिलने पर सिरसी थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा तत्काल ग्राम बड़ेरा की पठार वाले मैदान पर पहुंचकर देखा तो वहां पर मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का व्यक्ति बंदूक लिये हुए बैठा दिखा। जिसे पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । जिसने पूछताछ पर अपना नाम गणेश पुत्र कालूराम भील निवासी ग्राम भैंसावन थाना छर्च जिला शिवपुरी



का होना बताया। जिसके पास रही देशी भरमार बंदूक को पुलिस द्वारा अपने कब्जे में लेकर उससे बंदूक का लायसेंस मांगे जाने पर उसने अपने पास बंदूक का कोई लायसेंस नहीं होना बताया। जिससे आरोपी गणेश भील का यह कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय होने से पुलिस द्वारा आरोपी से बरामद हुई देशी भरमार अवैध बंदूक को विधिवत् जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध सिरसी थाने में अप.क्र. 08/25 धारा 25(1)(ड्) आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि पीतम सिंह पाल, प्रधान आरक्षक विजय सिंह परिहार, आरक्षक रविन्द्र पाल, आरक्षक नरेश परिहार एवं आरक्षक दीपक दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# चैक बाउंस के 6 प्रकरणों सहित धोखाधडी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ गुना

सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा चैक बाउंस के 6 प्रकरणों सहित कैंट थाने में धोखाधडी के एक प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि न्यायालय गुना में लंबित चैक वाउंस के प्रकरण क्रमांक 1-505/17, 2-282/18, 3-305/18, 4-557/18, 5-1556/18 एवं 6-81/21 धारा 138 एनआई एक्ट में आरोपित अशोक पुत्र बाबूलाल ओझा निवासी कस्तूरबा नगर गुना के उक्त सभी प्रकरणों में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार रहने पर न्यायालय गुना से आरोपी अशोक ओझा की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग 06 स्थाई वारंट जारी हुए थे, जो तामीली हेतु गुना कोतवाली में प्राप्त हुए । इसके साथ ही आरोपी अशोक ओझा द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर विगत माह दिसंबर 2024 में गुना के कोल्हूपुरा में




सीमेंट-सरिया की एक दुकान के संचालक से धोखाधडी पूर्वक सीमेंट-सरिया खरीदा गया था, जिस पर से कैंट थाने में आरोपी के विरुद्ध धोखाधडी का प्रकरण दर्ज होकर प्रकरण में कैंट थाना पुलिस द्वारा आरोपी अशोक ओझा की तलाश की जा रही थी । गुना कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटी अशोक ओझा की निरंतर तलाश की गई और जिसके संबंध में बीते रोज मुखबिर से मिली सूचना पर गुना कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुये प्रकरणों में लंबे समय से फरार आरोपी अशोक पुत्र बाबूलाल ओझा निवासी ग्राम गोलाखेडी थाना धरनावदा हाल कस्तूरबा नगर, गुना को गिरफ्तार किया गया है। कैंट थाना पुलिस द्वारा भी आरोपी के विरूद्ध केंट थाने में दर्ज धोखाधडी के उक्त प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया, सउनि प्रदीप दीक्षित, प्रधान आरक्षक उमेश शर्मा, प्रधान आरक्षक भानू तोमर एवं प्रधान आरक्षक रामकुमार रघुवंशी की विशेष भूमिका रही है ।

# सरस्वती विद्या मंदिर में शारीरिक प्रकट समारोह का भव्य आयोजन

सत्ता सुधार ■ गुना

विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु, विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, महावीरपुरा में शारीरिक प्रकट समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न शारीरिक और योग क्रियाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में घोष प्रदर्शन, चक्र योग, योग चाप, पताका योग, डंबल योग, दंड योग, मानव पिरामिड और सामूहिक व्यायाम योग जैसे विशेष प्रस्तुतियां दी गई। इन सभी गतिविधियों का निर्देशन विद्यालय के आचार्यो और दीदियों द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता शिरोमणि दुबे, प्रादेशिक सचिव (विद्या भारती, मध्यभारत प्रांत), ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती के सरस्वती शिशु मंदिरों में बच्चों के पंचकोषीय विकास (शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक) पर



आधारित शिक्षा दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा प्रणाली बच्चों को न केवल विपरीत परिस्थितियों में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करती है, बल्कि उनमें अदम्य साहस और बौद्धिक क्षमता भी विकसित करती है। श्री दुबे ने बताया कि विद्या भारती का मूल मंत्र, ज्ञानार्थ आइए और सेवार्थ जाइए, शिशु मंदिरों में पूरी तरह सार्थक हो रहा है। यहां से पढ़े हुए छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भौतिक सुखों से ऊपर उठकर सेवा बस्तियों में समाजसेवा का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक इस देश में सरस्वती शिशु मंदिर संचालित हैं, तब तक सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर कोई आंच नहीं आएगी। उन्होंने सभी से भारतीय संस्कृति और मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया और कहा कि हमें ऐसा समाज बनाना है, जहां रसखान और अशफाक उल्लह खान जैसे आदर्श बने रहें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। सभी ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और विद्यालय की शिक्षण पद्धति की प्रशंसा की।

# ज्वैलरी चमकाने के बहाने वृद्धा से धोखाधड़ी, डेढ़ तौला सोने की चूड़ियां लेकर भागे ठग

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र स्थित काला पाठा इलाके में दिनदहाड़े ज्वैलरी चमकाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। दो युवकों ने एक वृद्धा को झांसे में लेकर उनकी डेढ़ तौला वजनी चार सोने की चूड़ियां लेकर फरार हो गए। पीड़िता के बेटे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता आशीष सक्सेना ने बताया कि घटना उनके घर के बाहर हुई, जब उनकी मां शारदा देवी दोपहर को घर के सामने बैठी थीं। उनके साथ पड़ोस में रहने वाली एक अन्य महिला भी मौजूद थीं। इसी दौरान, बाइक पर सवार दो



युवक वहां पहुंचे और बर्तन व मूर्ति साफ करने का पाउडर बेचने की बात कही। युवकों ने वृद्धा को बर्तन चमकाने के लिए प्रेरित किया।पहले शारदा देवी ने अपना तांबे का एक लौटा साफ करवाया। सफाई देखकर उन्होंने अपनी चांदी की पायलें भी साफ करने के लिए दीं। इसके बाद ठगों ने उनकी सोने की चार चूड़ियां भी साफ करने का प्रस्ताव रखा। उनकी बातों पर भरोसा करते हुए शारदा देवी ने अपनी चूड़ियां भी दे दीं। युवकों ने सफाई के बहाने वृद्धा को एक बर्तन लाने के लिए घर के अंदर भेज दिया। इसी दौरान उन्होंने वहां मौजूद दूसरी महिला को बातों में उलझाया और मौका देखकर चूड़ियां लेकर फरार हो गए। जब शारदा देवी घर से बाहर आई तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। घबराई हुई वृद्धा ने तुरंत अपने बेटे को घटना की जानकारी दी। आशीष सक्सेना ने पुलिस कंट्रोल रूम जाकर इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

# खो न जाए त्वचा की चमक



**यदि** चेहरे पर ग्लो हो तो चेहरे पर खूबसूरती और खुशी दोनों ही झलकती हैं तभी तो अपने चेहरे पर ग्लो लाने के लिए युवतियां कई तरह के ब्यूटी प्रोड्क्ट्स भी इस्तेमाल करती हैं। सदियों से युवतियां अपनी खूबसूरती को लेकर इसी तरह से कांशियस रही हैं। फर्क बस इतना है कि उस जमाने में महिलाएं नियमित रूप से प्राकृतिक चीजों को तथा उनसे बने फेस पैक इत्यादि को अपने चेहरे पर लगाया करती थीं। उन सबको चेहरे पर लगाने से उन्हें किसी साइड इफैक्ट का भी डर नहीं रहता था और उनकी खूबसूरती में भी चार चांद लग जाते थे।

अब तो दिनों-दिन बढ़ते प्रदूषण एवं स्ट्रैस के कारण युवतियां अपनी स्किन की चमक खो बैठती हैं इसलिए चेहरे की नियमित एवं सही ढंग से देखभाल करना बेहद जरूरी होता जा रहा है। यदि आप भी सही प्रकार से अपनी त्वचा की देखभाल करेंगी तो आपके चेहरे पर नैचुरल ग्लो भी आएगा और आपको हैवी मेकअप करने की जरूरत भी महसूस नहीं होगी।

### मुल्तानी मिट्टी से खिले त्वचा

यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो उस पर मुल्तानी मिट्टी का पैक लगाएं। इससे आपके चेहरे पर ग्लो आएगा। आधा चम्मच मुल्तानी मिट्टी में 1 चम्मच टमाटर का रस मिक्स करें। इस पैक को चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगा कर रखने के बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

### रोज वॉटर स्प्रे का कमाल

रोज वॉटर आपकी डल त्वचा को और भी फ्रैश कर देता है। यह आपकी स्किन को हाइड्रेट करता है। रोज वॉटर इस्तेमाल करने के कई तरीके हो सकते हैं या तो आप इसको अपने फेस पैक में डाल सकती हैं या फिर इसे ऐसे ही चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं।

### नींबू के रस का जादू

नींबू का रस निचोड़ें और उसमें रूई डुबो कर अपनी त्वचा पर वहां लगाएं जहां पर कालापन या ब्लैक हैड्स हैं। अब 5-10 मिनट के बाद अपने चेहरे को पानी से धो लें। इससे चेहरे पर नैचुरल ग्लो आ जाएगा।

### चेहरा निखारें ऑयल से

चेहरे पर आप लैवेंडर ऑयल, ऑलिव ऑयल या फिर अन्य ऑयल भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह आपकी स्किन में ग्लो भर देता है। अपने किसी भी फेस पैक में आप इन तेलों की 2-3 बूंदें डाल सकती हैं। इससे आपको एक फ्रैश लुक मिल सकती है।

### रात को एलोवेरा जैल लगाएं

चेहरे पर एक अलग-सी चमक लाने के लिए रात में सोने से पहले मुंह पर एलोवेरा जैल लगाएं और फिर सुबह उठ कर चेहरा धो लें।

### ऑलिव ऑयल इस्तेमाल करें

अपनी डल स्किन में यदि ग्लो लाना है तो एक कॉटन पैड को थोड़े से ऑलिव ऑयल में डुबो कर उसे अपने चेहरे तथा गर्दन पर लगाएं और फिर 10-15 मिनट रखने के बाद चेहरे को हल्के गर्म पानी से धो लें।

### खुद को हाइड्रेट रखें

अपनी त्वचा में ग्लो भरने के लिए आपको दिनभर पानी पीते रहना होगा। हम में से बहुत से लोग पानी कम पीते हैं जिससे त्वचा का ग्लो चला जाता है। स्किन में ग्लो भरने का यह एक प्राकृतिक तरीका है।

### फेशियल सीरम इस्तेमाल करें

अपने चेहरे के लिए विटामिन-सी या ई से भरपूर फेशियल सीरम का प्रयोग करें। इसमें मौजूद एंटी ऑक्सीडैंट आपके चेहरे की डलनैस को दूर करेगा और एक अलग ही चमक भरेगा। इसलिए जब भी आप कोई मेकअप करें, तब फेशियल सीरम लगा लें।

—**हेमा शर्मा,** चंडीगढ़

### फेशियल स्टीमिंग करें

चेहरे को स्टीम देने से त्वचा की गंदगी पोर्स से निकल जाती है और चेहरे पर ग्लो आ जाता है। अपने चेहरे को गर्म पानी की भाप कम से कम 5-7 मिनट तक अवश्य दें।

### कॉफी स्क्रब से त्वचा निखरे

यदि आप मुरझाई त्वचा को फिर से निखारना चाहती हैं तो कॉफी से अपने चेहरे को स्क्रब करें। 1 चम्मच पिसी कॉफी के साथ 2 छोटे चम्मच कच्चा दूध मिक्स कर लें। इसे चेहरे पर लगाकर चेहरे को हल्के हाथों से स्क्रब करें और बाद में पानी से धो लें। इस बात का ध्यान रखें कि स्क्रब 5-10 मिनट तक जरूर करना है।

# बनें हुस्न की मल्लिका

किसी भी खास मौके पर युवतियां सजने-संवरने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहतीं। यदि आप भी खास मौकों पर बॉलीवुड की हीरोइनों जैसी खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो डे और नाइट मेकअप टिप्स ट्राई करें। इससे आप हीरोइनों की तरह दिन में ही नहीं, रात में भी हुस्न की मल्लिका नजर आएंगी।

### डे-मेकअप

दिन के समय लाइट मेकअप करें तथा इसके लिए मेकअप के लाइट और नैचुरल शेड्स को ही तवज्जो दें।

✸ मेकअप शुरू करने से पहले फेसवॉश से अच्छी तरह चेहरा धो लें। अब पूरे चेहरे पर टोनर अप्लाई करें।

✸ फिर चेहरे पर मॉयश्चराइजर लगा कर कॉपैक्ट लगाएं। जब कॉपैक्ट अच्छी तरह सैट हो जाए तो आगे का मेकअप करें।

✸ आई शैडो के लिए पीच, पिंक, वेज या लाइट ब्राऊन शेड चुनें। ये कलर्स दिन के लिए परफैक्ट होते हैं। कलर्ड आईलाइनर की अपेक्षा ब्लैक या ब्राऊन शेड चुनें।

✸ चीक बोन को हाईलाइट करने के लिए चैरी पिंक एवं लाइट ऑरेंज जैसे ब्राइट शेड्स सिलैक्ट करें।

✸ लिप मेकअप के लिए नैचुरल पिंक या रैड लिप ग्लॉस लगाएं।

### नाइट मेकअप

फेस वॉश से चेहरा धोकर टोनर लगाएं और उसके बाद मॉयश्चराइजर अप्लाई करें।

✸ अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ फाऊंडेशन लगाएं। ग्लैमरस लुक के लिए थोड़ा-सा शिमर मिक्स करें।

✸ आई मेकअप के लिए डार्क शेड आई लाइनर और आई शैडो चुनें। अपर और लोअर आई लिड पर थिक आई लाइनर लगाकर शिमरी आई शैडो लगाएं। फिर मस्कारा का डबल कोट अप्लाई करें।

✸ ब्लड ऑन के लिए डार्क ब्राऊन, डार्क ऑरेंज एवं चैरी रैड जैसे शेड्स का चुनाव करें।

✸ लिप मेकअप को डिफाइन करने के लिए डार्क शेड लिप कलर लगाएं। इस अवसर पर डार्क पिंक, हॉट रैड एवं ऑरेंज जैसे कलर्स इस्तेमाल कर सकती हैं।



### हेयर आर्ट

फेस मेकअप से पहले कोई भी हेयर स्टाइल बनाने की गलती न करें। जब मेकअप पूरी तरह कंप्लीट हो जाए, उसके बाद ही कोई हेयर स्टाइल करें और बालों को सैट करें नहीं तो मेकअप के दौरान आपके बाल खराब हो सकते हैं।

मेकअप करते वक्त यदि कुछ महत्वपूर्ण बातों का अनुसरण कर लिया जाए तो आप अपनी खूबसूरती से हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर सकती हैं।

### स्मार्ट टिप्स

अक्सर युवतियां पहले पार्टी के लिए पोशाक पहनती हैं और उसके बाद मेकअप और हेयर सैट करती हैं परंतु ऐसी गलती न करें। पहले मेकअप करें और उसके बाद पोशाक पहनें नहीं तो मेकअप से कपड़े खराब हो सकते हैं।

# ऐसे हो टैंशन दूर



आज के दौर में लगभग हर किसी को कोई न कोई टैंशन है, भले ही वह किसी छोटी-सी बात से हो या बड़ी बात पर, परंतु उससे निकलने का रास्ता उन्हें नजर ही नहीं आता, जबकि टैंशन भले किसी भी तरह की क्यों न हो, उससे बाहर आना आपके अपने ही हाथ में है।

### अपनों से बात करें

किसी बात पर कोई टैंशन है, तो अकेले बैठ कर सोचते रहने से बेहतर है कि आप अपनों से बात करें, फिर वह भले ही आपके परिवार का कोई सदस्य हो, आपका दोस्त या फिर क्लीग ही क्यों न हो, जिससे भी बात कर के आप को अच्छा लगता है, आप उससे अपनी समस्या के बारे में बात करें, ताकि आपकी टैंशन दूर हो सके। अक्सर ऐसा होता है कि जब हम किसी बात पर अकेले ही सोचते रहते हैं, तो हम और ज्यादा तनाव में आ जाते हैं, परंतु उसका हल नहीं निकाल पाते।

### जीवनी पढ़ें

जब भी आप तनाव या हताशा महसूस करें, तो प्रसिद्ध लोगों के जीवन संघर्षों से संबंधित लेख या पुस्तकें अवश्य पढ़ें। इससे जहां आपके मन को सुकून मिलेगा, वहीं आपको तनाव दूर करने में मदद भी मिलेगी, क्योंकि जब आप अन्य लोगों के संघर्ष की कहानी पढ़ते हैं, तो आपको यह महसूस होता है कि हमारा जीवन उनके मुकाबले तो बहुत अच्छा बीत रहा है। ऐसे में आपके तनाव का स्तर अपने आप कम हो जाएगा।

### टी.वी. से दूर रहें

जब आप तनाव ग्रस्त महसूस कर रहे हों, तो टी.वी. का स्विच ऑफ कर दें, भले ही आपको यह लगता है कि टी.वी. देखने से आपको राहत मिल रही है, परंतु वास्तव में टी.वी. आपको राहत नहीं, बल्कि बहुत सारी फालतू बातें सोचने के लिए मजबूर कर देता है।

### झपकी लें

दिन भर किसी न किसी काम में व्यस्त रहना टैंशन को बढ़ाता है, ऐसे में थोड़ी देर के लिए झपकी लेने से काफी आराम मिलता है और आप स्वयं को अधिक तरोताजा महसूस करते हैं।

### लाइट बंद कर दें

जब भी टैंशन महसूस करें, तो उससे निजात पाने के लिए अपने कमरे की लाइट बंद कर दें या बहुत हल्की रोशनी में बैठें, क्योंकि हल्की रोशनी मन को राहत प्रदान करती है।

# डैंड्रफ से पाएं छुटकारा

खूबसूरती में तब और भी चार चांद लग जाते हैं जब आपके बाल लंबे और घने हों परंतु यदि बाल ही डैमेज होने लगें तो चेहरे की लुक बदल जाती है। डैंड्रफ की समस्या यूं तो किसी को भी और कभी भी हो सकती है परंतु सर्दियों में अक्सर सभी को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। बालों की स्कैल्प ड्राई होने की वजह से स्कैल्प से डैंड्रफ निकलने लगता है। डैंड्रफ से बाल बेजान हो जाते हैं, गिरने लगते हैं और सिर में खुजली भी रहती है। यदि आप चाहें तो इस मौसम में भी आपके बाल हैल्दी और डैंड्रफ फ्री रह सकते हैं।



### बेकिंग सोडा

यदि आपके बालों में डैंड्रफ की ज्यादा समस्या रहती है तो इसके लिए आपको बेकिंग सोडा के साथ बाल धोने हैं। ऐसा करने से आपके बालों से डैंड्रफ की समस्या जल्द ही खत्म हो जाएगी। यह आपको बालों से डैंड्रफ को दूर करता है।

### पानी और सिरका

बालों से डैंड्रफ की समस्या को जड़ से हटाने के लिए आपको पानी और सिरके का इस्तेमाल करना चाहिए। आपको बता दें कि इसका इस्तेमाल करने के लिए आपको पानी और सिरके को बराबर मात्रा में मिलाकर लगाना है।

### दही करें इस्तेमाल

यदि आपको डैंड्रफ की समस्या है तो इसके लिए आपको दही इस्तेमाल करना चाहिए। दही को सही ढंग से पूरे बालों में लगाएं और बाद में पानी से धो लें। ऐसा करने से आपकी डैंड्रफ संबंधी समस्याएं खत्म हो जाएंगी।

### नींबू का रस

यदि आपको डैंड्रफ है तो गर्म तेल में नींबू का रस डाल कर मालिश करने से यह दूर हो जाती है और बालों का झड़ना भी रुक जाता है। नींबू के रस से सिर की मालिश कर बाल धोने से भी फायदा होता है।

### मेथी

यदि आपके बालों में डैंड्रफ की समस्या है तो इसके लिए आपको मेथी का प्रयोग करना चाहिए। इसके लिए आप 2 चम्मच मेथी रात भर पानी में भिगो कर सुबह पीस लें। इस लेप को बालों और सिर पर कम से कम 30 मिनट तक लगाएं। अब 30 मिनट के बाद बालों को किसी अच्छे हल्के शैंपू से धो लें। इससे आपका डैंड्रफ खत्म हो जाएगा।

### आंवला

बालों को पोषण देने के लिए आप आंवले का तेल लगा सकती हैं या तुलसी और आंवले के पाऊडर का लेप बना कर सिर की मालिश करें। लगभग आधे घंटे बाद शैंपू से बालों को अच्छी तरह से धो लें।

### काली मिर्च

डैंड्रफ की शिकायत होने पर दही में काली मिर्च का चूर्ण मिला कर बालों को धोएं। हफ्ते में कम से कम दो बार ऐसा जरूर करें। इससे बालों का डैंड्रफ तो दूर होगा साथ ही आपके बाल सुंदर होंगे।

### बालों की करें सफाई

जब आपके बालों में पसीना और मिट्टी जम जाती है और आप उन्हें सही ढंग से शैंपू नहीं करती हैं। अत: बालों को शैंपू करते रहना चाहिए।

# कर लो दुनिया मुट्ठी में

**यदि** आप हमेशा आत्मविश्वास से भरपूर रहती हैं, तो दुनिया को मुट्ठी में करने का जज्बा भी हमेशा आपके दिल में कायम रहता है। यदि आप सफल लोगों की सफलता की कहानी पढ़ें तो उसमें एक ही बात कॉमन नजर आएगी कि उन सबमें अपने लक्ष्य को पाने के लिए की जाने वाली निरंतर कोशिशें एवं आत्मविश्वास का भाव सबसे अहम रहा है।

### एकाग्रता जरूरी

आपमें हुनर कोई भी हो, परंतु उस में आप कामयाब तभी हो सकती हैं, यदि आप उसे पूरी एकाग्रता से करती हैं। यदि आपके मन में जरा भी संदेह आ जाए, तो एकाग्रता भंग होने में समय नहीं लगता। वास्तव में आत्मविश्वास किसी जलती-बुझती रोशनी की तरह होता है, मन में जब इसकी रोशनी जलती है, तो हम बड़ी से बड़ी मुश्किल को चुटकियों में हल कर लेते हैं और जब यह रोशनी बुझती है, तो एक मामूली-सा काम भी पहाड़ जैसा लगने लगता है। यही कारण है कि आप जिस भी काम को करें, उसमें पूरी एकाग्रता लगा दें।

### प्रैक्टिस भी जरूरी है

सैल्फ ग्रूमिंग के लिए सबसे जरूरी चीज है हमारा आत्मविश्वास, इससे व्यक्तित्व में चार-चांद लग जाते हैं। सकारात्मक रवैये से दमकता चेहरा देख कर भला कौन इंप्रैस नहीं होगा, परंतु इस आत्मविश्वास के लिए जरूरी है कि आप अपने हुनर को निरंतर निखारने की प्रैक्टिस करती रहें। हर किसी में कोई न कोई हुनर जरूर होता है, उसे पहचानने के बाद यूं ही न छोड़ दें, उस पर जम कर मेहनत करें। यदि आप ईमानदारी से मेहनत करेंगी, तो हर हार के बाद आप कुछ न कुछ जरूर सीखेंगी और आपको खुद पर जो यकीन होगा, वही आपको औरों से बेहतर बनाएगा।

### प्रशिक्षण लें

आप पढ़ाई में बहुत अच्छी हैं, पेंटिंग अच्छी करती हैं, गाती अच्छा हैं या फिर किसी अन्य विषय पर ज्ञान अच्छा है, परंतु इसमें आपको खुद पर यकीन नहीं है, तो आत्मविश्वास के अलावा आपको एक और चीज भी चाहिए और वह है उसमें सही प्रशिक्षण लेना, ताकि आप उसमें पूरी तरह से पारंगत हो सकें। बिना सही प्रशिक्षण के उम्मीद के अनुसार परिणाम मिलना संभव नहीं होता। जब तक दुनिया को मुट्ठी में करने का जज्बा नहीं होगा, आप कितनी भी कोशिशें कर लें, काम न आएंगीं। किसी भी तरह का प्रशिक्षण या शिक्षा तभी आपके काम आ सकती है, जब आप खुद पर पूरा यकीन करने लगती हैं।



# फिल्म धूम धाम में प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं यामी गौतम



प्यार, हंसी और शादी की रस्मों से सजी फिल्म धूम धाम ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में यामी गौतम प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन ऋषभ सेठ ने किया है। फिल्म का प्रोडक्शन आदित्य धर और लोकेश धर ने किया है। फिल्म 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने वाली है।



### ऐसी है फिल्म की कहानी

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की जोड़ी को फिल्म में देखा जाने वाला है। ये कहानी है कोयल और वीर की। वीर एक मम्मा बॉय है जो कि एक एनिमल डॉक्टर भी है। वहीं, यामी गौतम के किरदार कोयल चुलबुली सी लड़की है। फिल्म का टीजर आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ है। इसमें कोयल और वीर की लव स्टोरी में ड्रामा और कॉमेडी की मिली जुली झलक दिखाई दे रही है। फिल्म को लेकर आदित्य धर ने कहा कि वह कुछ अलग और मनोरंजक बनाना चाहते थे। जहां हंसी, एक्शन और रोमांस शामिल हो। फिल्म में फैंस को यामी और प्रतीक की जोड़ी देखने को मिलने वाली है।

### इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म धूम धाम ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। ओरिजन फिल्म की निर्देशक रुचिका कपूर शेख ने कहा, धूम धाम एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जो शादी के दिन कुछ अलग सी ही चीजें लेकर आता है। इस फिल्म के जरिए हम अपने दर्शकों का मनोरंजन कर सकेंगे।



# आराध्या की परवरिश को लेकर बोले अभिषेक बच्चन

बेटी की परवरिश और अपने निजी जीवन को लेकर अभिषेक बच्चन ने बात की है। उन्होंने कहा कि माता पिता हमेशा सबसे अच्छे शिक्षक हों जरूरी नहीं है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने पैरेंटिंग को लेकर अपना दृष्टिकोण पर विचार साझा किया। साथ ही उन्होंने युवा पीढ़ी की बदलती मानसिकता पर भी अपने विचार बताए। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि माता-पिता सबसे अच्छे शिक्षक हैं या नहीं। मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मुझे लगता है कि हमारी भावनाएं आड़े आती हैं। हमारे बच्चों की यह इच्छा कि वे सब कुछ सही करें और सफल हों और खुद को चोट न पहुंचाएं ऐसा नहीं हो सकता। हम अपने बच्चों के लिए जो सोचते हैं, उससे उन्हें भी नुकसान पहुंच सकता है।

### माता-पिता से सीख मिली

अभिषेक बच्चन ने कहा कि मैंने अपने माता-पिता से जो कुछ भी सीखा उसे समझा। वह उनके व्यवहार को देखकर है, जरूरी नहीं कि उन्होंने मुझे जो बताया है, उससे ही सीखा है।फ्र अभिषेक बच्चन ने कहा कि मेरे माता पिता ने हमेशा मुझे अपने फैसले खुद लेने की स्वतंत्रता दी। मैं खुद ये सोचता हूं, कि अगर परिस्थिति में मेरे पापा होते तो क्या करते। उसी हिसाब से मैं भी चीजें करता हूं।

### परवरिश के लेकर बोले अभिषेक

आराध्या की परवरिश को लेकर अभिषेक ने कहा, मुझे लगता है कि आज की जनरेशन वाकई बहुत अलग है। उन्हें किसी भी तरह की पहले से चली आ रही चीजों को जरूरी समझने की जरूरत नहीं है, जैसे हम करते आ रहे हैं। उन्हें लगता है कि वे ये काम बस इसलिए नहीं कर सकते कि उनके माता पिता ने ये काम नहीं किया या मना किया। वे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि अगर माता पिता हैं, या कोई उम्र में बड़ा है तो जरूरी नहीं कि वह सही सलाह दे या हर बात का सही जवाब ही दें।

### इस फिल्म में नजर आए अभिषेक बच्चन

वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन को हाल ही में आई फिल्म आई वांट टू टॉक में देखा गया। हालांकि, यह फिल्म फैंस पर अपना कुछ खास जादू नहीं चला सकी थी। आई वांट टू टॉक अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। इसकी घोषणा खुद सुजीत सरकार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की।



# बॉलीवुड में करियर बनाना चाहते हैं यशवर्धन

बॉलीवुड स्टार किड्स का फिल्मों में आना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने फिल्म आजाद के जरिए अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन फिल्म में राशा का डांस और अभिनय प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। वहीं अब गोविंदा के बेटे यशवर्धन भी बॉलीवुड फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं।

गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा और बाबिल एक फिल्म में साथ काम सकते हैं। कथित तौर पर यशवर्धन आहूजा, साई राजेश द्वारा निर्देशित आगामी अनाम रोमांटिक ड्रामा में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में एक और स्टार किड भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ सकता है। दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान हैं।

### पिता के नक्शेकदम पर यशवर्धन

दरअसल, कथित तौर पर फिल्म निर्माता अपनी रोमांटिक फिल्म के लिए नए चेहरा चाहते हैं, जिसके चलते बाबिल खान और यशवर्धन आहूजा को कास्ट करने की योजना बनाई जा रही है। अल्लू अरविंद और एसकेएन फिल्म्स के सहयोग से मधु मंटेना द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन साई राजेश करेंगे, जो कलर फोटो, हृदय कलेयम और बेबी जैसी बेहतरीन तमिल फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं।

# धूम 4 की स्टार कास्ट फाइनल? अभिषेक बच्चन को विक्की कौशल ने किया रिप्लेस

बॉलीवुड की एक्शन ड्रामा फिल्म धूम 4 को लेकर अटकलें लगाई जा रही है कि इस फिल्म में नई स्टार कास्ट को फाइल कर लिया है। अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा के रोल में कथित तौर पर इस बार बॉलीवुड के ये स्टार्स नजर आएंगे। धूम 4 में विक्की कौशल इस फ्रैंचाइजी में शामिल हो सकते हैं और अभिषेक की जगह ले सकते हैं। धूम 4 में रणबीर कपूर मुख्य खलनायक की भूमिका में होंगे। हालांकि जूनियर बच्चन की जगह कोई और ले सकता है, लेकिन उदय चोपड़ा की जगह कौन ले सकता है? मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्की कौशल ने वाईआरएफ के प्रमुख आदित्य चोपड़ा से मुलाकात की, जिन्होंने अभिनेता को दो प्रोजेक्ट्स में कास्ट करने के लिए कहा है, जिनमें से एक धूम 4 है। विक्की को अभिषेक बच्चन (एसीपी जय दीक्षित) की पुलिस वाले की भूमिका मिलेगी। धूम 4 के अलावा, विक्की को आलिया भट्ट की अल्फा में भी देखा जा सकता है। बहरहाल, अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



# हॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्रियों के बराबर हैं बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश अदाकारा मौनी रॉय

मौनी रॉय को भारत की सबसे स्टाइलिश स्टार्स में से एक के रूप में तेज़ी से उभरना सरप्राइज से कम नहीं है। प्रेस इवेंट में चमकदार उपस्थिति से लेकर लंदन फैशन वीक में धूम मचाने और यहां तक कि इबीसा में आकर्षक हॉलिडे लुक पेश करने तक, मौनी की फैशन यात्रा ग्लोबल ट्रेंड और व्यक्तिगत आकर्षण का एक बेहतरीन मिश्रण दर्शाती है। जो चीज़ उन्हें अपने कई समकालीनों से अलग करती है, वह अपने विशिष्ट, फैशन-फ़ॉरवर्ड सौंदर्य के प्रति सच्चे रहते हुए सहजता से हॉलीवुड-स्तर के ग्लैमर को प्रसारित करने की उनकी क्षमता है। चाहे वह बोल्ड मोनोक्रोम सूट, रॉकिंग स्ट्रक्चर्ड कॉउचर गाउन, या जीवंत वेकेशन वियर को अपनाना हो, मौनी की पोशाक पसंद हमेशा सही केंद्र पर होती है। विस्तार पर उनकी पैनी नज़र, त्रुटिहीन एक्सेसरीज़ का चयन, और क्या काम करता है इसकी सहज समझ उन्हें हर जगह महिलाओं के लिए स्टाइल प्रेरणा बनाती है।


**सहज फैशन** - मौनी रॉय की फैशन पसंद सोफेस्टिकेशन, टाइमलेस और कॉन्टेंप्रोरी स्वभाव के बीच एक आदर्श संतुलन दर्शाती है। चाहे वह रेड कार्पेट इवेंट हो या इबीसा में छुट्टी पर एक आकस्मिक दिन, उनका लुक शानदार, ठाठदार और हमेशा अंतरराष्ट्रीय रुझानों के साथ तालमेल में होता है, जो उन्हें अपने साथियों के बीच अलग बनाता है।

**हॉलीवुड आइकॉन के बराबर रेड कार्पेट ग्लैमर** - कान्स के ग्लैमर को उजागर करने वाले शानदार गाउन से लेकर हॉलीवुड के सर्वश्रेष्ठ संरचित एलबीडी तक, मौनी की रेड कार्पेट उपस्थिति अनुग्रह और शिष्टता में एक मास्टरक्लास होते है। वह सुनिश्चित करती हैं कि उनका लुक विश्व स्तर पर प्रासंगिक और इंस्टाग्राम-योग्य हो।

**रुझानों के प्रति एक साहसी दृष्टिकोण** - हॉलीवुड के ट्रेंडसेटरों की तरह, मौनी प्रेस मीट, मूवी स्क्रीनिंग और डेट नाइट्स में फैशन-फ़ॉरवर्ड शैलियों के साथ प्रयोग करने में निडर हैं। उन्होंने विविध सौंदर्यशास्त्र को अपनाने में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए, बोल्ड मोनोक्रोमैटिक पावर सूट से लेकर अलौकिक लहंगे तक सब कुछ सफलतापूर्वक किया है।

**बेदाग स्टाइल और बारीकियों पर ध्यान** - मौनी अपने लुक को सटीकता के साथ तैयार करती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर चीज़-बाल और मेकअप से लेकर पोशाक समन्वय तक - सहजता से फिट बैठता है और एक कहानी कहता है। विस्तार पर उनका बहुत ध्यान और उच्च गुणवत्ता वाली टेलरिंग के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें हॉलीवुड के अभिजात वर्ग की तुलना में एक शानदार बढ़त देती है।





# साउथ फिल्म कन्नप्पा में महादेव के किरदार में नजर आएंगे अक्षय कुमार

साउथ फिल्म कन्नप्पा का एलान पिछले साल हुआ था। फिल्म से लगातार हर एक अभिनेता का लुक सामने आ चुका है। विष्णु मांचू से लेकर माता पार्वती के किरदार में काजल अग्रवाल का लुक भी सामने आ चुका है। वहीं आज कुछ ही देर पहले अक्षय कुमार का महादेव के रुद्र अवतार में लुक जारी किया गया है। इस लुक के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। इन दिनों अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच आज फिल्म निर्माताओं ने साउथ फिल्म कन्नप्पा से अक्षय कुमार के लुक का एक पोस्टर जारी किया है, जिससे साफ हो गया है कि अक्षय कुमार फिल्म में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे।

कन्नप्पा मूवी से अक्षय कुमार का फुल लुक सामने आ चुका है। वह कन्नप्पा में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में खिलाड़ी कुमार एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में डमरू लिए हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके माथे पर भस्म लगी हुई है। भगवान शिव के अवतार में उन्हें एक बार फिर से देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं। इस फिल्म से पहले अक्षय फिल्म ओ माय गॉड में भगवान शिव की भूमिका निभा चुके हैं। अक्षय कुमार ने कन्नप्पा से अपना लुक शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, कन्नप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रखते हुए। इस महाकाव्य कथा को जीवंत करने का गौरव प्राप्त हुआ है। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय।

मोहन बाबू निर्मित कन्नप्पा में लीड रोल में विष्णु मांचू निभा रहे हैं। भगवान शिव पर आधारित पौराणिक फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, मोहनलाल, सरथकुमार, मधु, मोहन बाबू, काजल अग्रवाल और ब्रह्मनंदन जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म इसी साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# दलपति 69 के बाद एक और फिल्म करेंगे विजय? आधिकारिक घोषणा का इंतजार

दलपति विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दलपति 69 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हालांकि, पहले यह जानकारी सामने आई थी कि इस फिल्म को पूरी करने के बाद वह फिल्मों से संन्यास ले लेंगे, लेकिन अब जानकारी के अनुसार दलपति 70 भी आ सकती है, जिसने प्रशंसकों की उत्सुक्ता को और अधिक बढ़ा दिया है।

विजय की अगली फिल्म का नाम दलपति 70 हो सकता है?

कथित तौर पर पिछले साल विजय ने अपने प्रशंसकों से कहा था कि दलपति69 के सिनेमाघरों में आने के बाद वह फिल्में छोड़ देंगे और सक्रिय राजनीति में अधिक समय बिताएंगे। लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दलपति 69 के बाद दलपति70 में भी नजर आ सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह विजय के प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। पिछले कुछ दिनों से, अटकलें लगाई जा रही हैं कि विजय अपनी 70वीं फिल्म में अभिनय करने पर विचार कर रहे हैं। जाहिर है, अभिनेता ने अपने द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम निर्देशक वेंकट प्रभु से अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए स्क्रिप्ट लिखने के लिए कहा है। तमिल प्रोडक्शन हाउस 7 स्क्रीन स्टूडियो, जिसने विजय की मास्टर और लियो को बनाया था, दलपति 70 को बनाएगा। कहने की जरूरत नहीं है कि विजय के प्रशंसक चल रही चर्चा से बहुत खुश हैं, और वे इस आगामी परियोजना के बारे में आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



## ब्रीफ न्यूज

### आर्य समाज महाराणा प्रताप कॉलोनी गंज सीहोर का तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न




**सीहोर।** आर्य समाज महाराणा प्रताप कॉलोनी गंज सीहोर के द्वारा रविवार,प्रात: 10 बजे से प्रारंभ 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों जोड़ों ने यजमान के रूप में भाग लेकर यज्ञ सम्पन्न किया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सत्यम आर्य राजस्थान ने यज्ञ संपन्न कर वेदों का उपदेश दिया। इस उद्घाटन समारोह में बाहर से पधारे अतिथि विद्वान मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के सुयोग्य महामंत्री अतुल वर्मा भोपाल गुजरात से पधारे स्वामी धर्मबंधु आर्य गुरुकुल महाविद्यालय नमज़्दा पुरम् से पधारे ऋतसपति परिव्राजक दिल्ली से पधारे जितेंद्र भाटिया, कथावाचक मोहित राम पाठक, मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से आचार्य विश्वमित्र भजन उपदेशक दिलीप आर्य, कथावाचक हरिओम आर्य, देवास से संजय आर्य, गुजरात से पधारे आचार्य विवेक आर्य, बहन दीप्ति आर्या, भोपाल से प्रकाश सोनी, आर्य संभागीय संचालक आर्य वीर दल जिला भोपाल से सभी आगंतुक अतिथि महानुभाव के द्वारा आर्य समाज का उद्घाटन किया गया। मंच का विशेष संचालन श्रुतबंधु आर्य नर्मदा पुरम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आर्य समाज के प्रधान आचार्य विजय राठौर, उपप्रधान विजय कुलश्रेष्ठ, मंत्री शैलेंद्र चंदेल, अंकित राठौर, महेश मिस्त्री, वीरभान सिंह चौधरी, सूरज चौधरी, भैयालाल चौधरी, धीरज चौधरी, मनोज भारती मौजूद रहे।

### शराब पीकर ट्रक चलाने वाले चालक के विरूद्ध की गई चालानी कार्यवाही

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन द्वारा सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के यातायात जागरूकता कार्यक्रम करने के साथ वाहन चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके पालन में गुरुवार को सांयकालीन वाहन चैकिंग में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक स्नेहा ठाकुर एवं सूबेदार अजीत सिंह द्वारा यातायात बल के साथ राजमाता चौराहा पर वाहन चैकिंग लगाई गई। इस दौरान ट्रक क्र0 आरजे 11 जीबी 2686 को रोककर चैक किया गया तो वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाता हुआ प्रतीत हुआ। वाहन चालक का मौके पर ही ब्रेथ एनालायजर मशीन से एल्कोहल परीक्षण किया गया तो चालक एल्कोहल की मात्रा 258.8 एमजी / 100 एमएल एल्कोहल का सेवन किया हुआ पाया गया। वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाये जाने से वाहन चालक के विरूद्ध न्यायालीन चालानी कार्यवाही कर वाहन को सुरक्षार्थ थाने पर रखवाया गया, जिसे शुक्रवार को न्यायालय पेश किया गया। वाहन चालक पर न्यायालय द्वारा दस हजार रूपये का जुर्माना किया गया। न्यायालय द्वारा जुर्माना किए जाने के पश्चायत वाहन चालक को वाहन सुपुर्द किया गया। वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाता हुआ पाए जाने से वाहन चालक का ड्राईविंग लायसेंस निलंबित किए जाने हेतु संबंधित आरटीओ को लेख किया जावेगा।

# अशोकनगर में गणतंत्र दिवस परेड की अंतिम तैयारी

## 12 प्लाटून हुए शामिल, एसपी ने ली सलामी; स्कूली बच्चों ने भी की रिहर्सल








**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

अशोकनगर में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शुक्रवार को पुलिस लाइन में पूर्ण वेशभूषा में परेड की रिहर्सल हुई, जिसकी सलामी पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने ली। जानकारी के अनुसार, इस वर्ष की परेड में कुल 12 प्लाटून भाग ले रहे हैं। इनमें पुलिस विभाग के 4 प्लाटून शामिल हैं, जिनमें जिला पुलिस, होम गार्ड, एसएएफ और महिला पुलिस बल की टुकड़ियां हैं।

विशेष रूप से इस बार एनसीसी का प्लाटून भी परेड का हिस्सा बना है। तैयारी के दौरान नगर की राव माधव स्कूल, ब्राइट पब्लिक स्कूल, एक्सीलेंस स्कूल और वर्धमान स्कूल के छात्र स्काउट दल में शामिल हुए। कन्या शाला की छात्राओं ने गाइड दल का प्रतिनिधित्व किया। इसके अतिरिक्त, शौर्य दल और लाडली लक्ष्मी कार्टून ने भी परेड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और पीटी परेड की अंतिम रिहर्सल भी गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले की गई।

**गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण-** 76वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 का जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउण्ड पुलिस लाईन अशोकनगर में किया गया है। मुख्य समारोह में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी प्रात:09 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री जी के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेगें। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रात: 09 बजे ध्वजारोहण,प्रात: 09 बजे से प्रात: 09.10 बजे तक परेड का निरीक्षण,प्रात: 09.10 बजे से प्रात: 09.25 बजे तक माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन,प्रात: 09.25 बजे से प्रात: 09.40 बजे तक मार्च पास्ट,प्रात: 09.40 बजे से प्रात: 10.15 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रात: 10.15 बजे से प्रात: 11.10 बजे तक पुरूस्कार वितरण किया जायेगा।

## गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल का अपर कलेक्टर एवं एएसपी ने किया निरीक्षण



**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह सीहोर स्थित पुलिस परेड ग्रांउड पर प्रात: 09 बजे आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह एवं एडिशनल एसपी गीतेश गर्ग ने समारोह स्थल पहुंचकर समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने समारोह स्थल की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के साथ ही परेड की फाइनल रिहज़्सल भी देखी और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर प्रवीण सिंह गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप ध्वजारोहण करेंगे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

### आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में आमंत्रित

सीहोर विकासखण्ड स्थित श्यामपुर के ग्राम हिंगोनी निवासी आशा कार्यकर्ता सीमा प्रजापति को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को कर्तव्य पथ नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि आशा कार्यकर्ता सीमा प्रजापति को प्रदेश की 50 उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकताओं की ग्रेडिंग में चयनित किया गया है। यह ग्रेडिंग गर्भवती महिला का शीघ्र पंजीयन, उनकी अनिवार्य 04 जाँचें, एनीमिक महिलाओं का फालोअप, संस्थागत प्रसव, मां एवं शिशु की गृह आधारित देख-भाल, एसएनसीयू एवं कम वजन वाले शिशु का फालोअप, शिशु का 02 वर्ष का सम्पूर्ण टीकाकरण करने संबंधी कार्यो में उत्कृष्ट कार्यो के आधार पर दी गई है। गणतंत्र दिवस समारोह में चयनित की गई सभी आशा कार्यकर्ताओं को उनके जीवन साथियों सहित आमंत्रित किया गया है।



### डाइट की प्राचार्य और डाइट की ऐकडेमिक टीम के सदस्यों ने भेरूंदा और बुधनी के स्कूल का अकास्मिक अवलोकन

**सीहोर।** डाइट की प्राचार्य और डाइट की ऐकडेमिक टीम के सदस्यों ने भेरूंदा और बुधनी के स्कूल का अकास्मिक अवलोकन किया । प्राथमिक विद्यालय और माध्यमिक विद्यालय कोसमी में 3 शासकीय शिक्षक और 3 अतिथि शिक्षक हे एक शिक्षिका और एक अतिथि शिक्षक था वो भी 3:45 पर बच्चों की छूटी कर स्कूल में ताला लगाकर रोड़ पर बस का इंतजार कर रहे थे । पूछने पर बताया कि मुझे 8 किलोमीटर दूर जाना पड़ता हैं । शादाब खान के शिक्षक उपस्थिति पंजी में दिनांक 20 से 23 जनवरी तक और शाहिदा बानो के 23 के हस्ताक्षर नहीं थे । अतिथि में सुनील मालवीय और लता बरेला अनुपस्थि थे । प्राथमिक विद्यालय दुर्गा नायक में भी बच्चे उपस्थिति नहीं थे। 2 शिक्षक में से एक शिक्षक उपस्थित थे । प्राथमिक विद्यालय आमडों में भी बच्चों का शैक्षिक स्तर अच्छा नहीं था । प्राथमिक विद्यालय वार्धा में 79 दर्ज बच्चे हैं उपस्थित बच्चे कम थे। 4 अतिथि शिक्षक थे । सभी शिक्षक एक रूम में सभी क्लास के बच्चों को एक साथ बैठाकर पढ़ा रहे थे । डाइट प्राचार्य ने ओलंपियाड परीक्षा का अवलोकन किया साथ ही छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए ।

## अशोकनगर में अतिक्रमण व गंदगी के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन



### एबीवीपी ने नाले में उतरकर किया विरोध, प्रशासन को दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

अशोकनगर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के छात्र परिषद ने अतिक्रमण और गंदगी के खिलाफ शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर के नाले में उतरकर प्रदर्शन किया। नगर मंत्री ललित रघुवंशी ने बताया कि कॉलेज के मेन गेट और बायपास रोड से सटी जमीन पर बाहरी लोग कचरा और मलबा डालकर अतिक्रमण का प्रयास कर रहे हैं। ललित ने कहा कि इससे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले भी कई बार ज्ञापन के जरिए प्रशासन को इसी जानकारी दी गई है।

### प्रशासन को दी आंदोलन की चेतावनी

ललित ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चला रहे हैं, वहीं अशोकनगर प्रशासन इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को छात्रों और कॉलेज परिसर की कोई चिंता नहीं है। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कॉलेज परिसर की सफाई और भूमि का सीमांकन नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। संगठन ने कहा कि ऐसी स्थिति में इसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## शौर्य दल,स्काउट गाईड, एनसीसी कैडेट बच्चों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

### यातायात नियमों का पालन करने की ली गई शपथ



**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को शौर्य दल, स्काउट गाईड, एनसीसी कैडेट बच्चों के द्वारा गांधी पार्क से सुभाष गंज तक यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चों द्वारा यातायात नियमों से संबंधी तख्तियां हाथ में लेकर आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा था। रैली के साथ वाहन चालकों एवं आम जन को यातायात नियम से संबंधित पेम्पलेट्स वितरित कर समझाईश दी गई, कि वाहन चालन के दौरान अनिवार्य रूप से यातायात नियमों का पालन करें, जिससे सडक सभी उपयोगकर्ताओं के लिये सुरिक्षत बन सके। रैली का समापन सुभाष गंज में किया गया। रैली समापन के पश्चायत थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक स्नेहा ठाकुर द्वारा सभी बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

**यह नारे लिखी तख्तियां लिए थे बच्चे**

- हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाएं।
- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन उपयोग नहीं करें।
- वाहन चालक अपने नेत्रों की जांच अवश्य करायें।
- बगैर लाइसेंस वाहन न चलाएं।
- हेलमेट नहीं पहनने पर आप ट्रैफिक पुलिस से बहस नहीं कर सकते।

## राष्ट्रीय कवि संगम एवं जनसहयोग सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

स्थानीय फ्रीगंज में राष्ट्रीय कवि संगम एवं जनसहयोग सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पर काव्य एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकार हरिओम दाऊ शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में अनाड़ी हीरालाल जायसवाल उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों नेताजी सुभाषचन्द्र बोस एवं जनसहयोग सेवा समिति के संस्थापक संरक्षक स्वर्गीय शिवनारायण चौकसे के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।



सरस्वती वन्दना युवा कवि लक्ष्मण चौकसे ने की। कायज्क्रम का संचालन डॉ.विजेन्द्र जायसपाल ने किया। हरिओम दाऊ शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी तो सिर्फ सुभाष चन्द्र बोस थे, बाकि सबतो लेता जी लेता जी हैं। हीरालाल जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी ने विदेश में रहकर भी अपनी सेना बनाकर भारत में अंग्रेजों के होश उड़ा दिये थे। लक्ष्मण चौकसे ने कहा कि अगर वास्तव में कुछ लोग नेताजी का साथ उस समय दे देते तो भारत उसी समय आजाद हो जाता। डॉ. विजेन्द्र जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी के जीवन से हमारे देश के नेताओं को सीख लेना चाहिये और देश के हित में कुछ अच्छे काम करना चाहिये। उपस्थित कविगणों में प्रमुख रूप से गीतकार हरिओम दाऊ शर्मा, हीरालाल जायसवाल, लक्ष्मण चौकसे, डॉ.विजेन्द्र जायसवाल, नरेश राय, बालमुकुंद राय आदि ने काव्यपाठ कर काव्यगोष्ठी को ऊचाई प्रदान की। अंत में आभार नरेश राय ने व्यक्त किया।

### कलेक्टर ने योजनाओं का लाभ न दिलाने पर सचिव को किया निलंबित

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आदेश जारी कर जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत खांड सचिव श्री गोंविद सिंह को अति पिछडी जनजाति परिवारों को योजनाओं के लाभ से वंचित करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि ग्राम पंचायत सचिव श्री गोविंद सिंह ग्राम पंचायत खांड द्वारा भारत सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना के कार्य में अति पिछड़ी जनजाति परिवारों को योजना के लाभ से वंचित करके पी.एम. जनमन योजना सर्वे कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही बरती गई है। श्री सिंह का यह का उक्त कार्य ग्राम पंचायत सचिव पदीय दायित्वो के विपरीत है तथा म.प्र. पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 का उल्लंघन होकर म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के तहत दण्डनीय है। निलंबन अवधि में श्री सिंह का मुख्यालय जनपद पंचायत गोहपारू नियत किया जाता है।

## कमिश्नर ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा



**सत्ता सुधार ■ शहडोल**

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने शहडोल,अनूपपुर एवं उमरिया जिले में लंबित समयावधि पत्रों के निराकरण की समीक्षा की तथा निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की समयावधि पत्रों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरते। उन्होंने कहा कि समयावधि पत्रों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि किसी भी स्थिति में समयावधि पत्रों की पुनरावृति नहीं होनी चाहिए । कार्यालय से प्रेषित समयावधि पत्र का प्राथमिकता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करें।उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि समयावधि पत्रों का निराकरण नहीं होने एवं पुनरावृति होने पर संबंधित विभाग के जवाबदेह अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों को गंभीरता से लें तथा प्रकरण का निराकरण कर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया श्री अभय सिंह ओहरिया, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडे, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसानों को नहीं आने देंगे कोई परेशानी, पंजीयन कराए किसान: विधायक राय

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**



किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी इस वर्ष भी उपार्जन केंद्रों से की जाएगी। वेयरहाउस संचालकों की समस्या का समाधान भी कराया जाएगा। मध्य प्रदेश वेयर हाउस कारपोरेशन लिमिटेड से इस संबंध में जल्दी ही चर्चा करेंगे और शासन प्रशासन वेयरहाउस संचालको के मध्य समन्वय बनाएंगे उक्त बात शुक्रवार को विधायक सुदेश राय ने एसोसिएशन वेयरहाउस ऑनर्स मध्य प्रदेश के द्वारा कलेक्टर को दिए ज्ञापन के बाद विधानसभा क्षेत्र के किसानों मैं उत्पन्न चिंता को लेकर कहीं। विधायक सुदेश राय ने कहा कि अन्नदाता किसान हमारे लिए महत्वपूर्ण है। खेतों में गेहू चने की फसल लेने के लिए किसान कड़कड़ाती सर्दी में कई परेशानियों के साथ सिंचाई करने का काम करता है। अच्छी फसल आने की तमन्ना के साथ गेहूं चना के अच्छे दाम मिलने कि आस लगाता है ऐसे में गेहूं उपार्जन को लेकर भय का वातावरण बनाना ठीक नहीं है। विधायक सुदेश राय ने आगे कहा कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी वेयरहाउस संचालकों की बकाया किराया राशि के संबंध में मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करेंगे और किसी भी स्थिति में सीहोर विधानसभा में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रभावित नहीं होने देंगे। विधायक सुदेश राय ने कहा कि किसान निडर होकर अपने क्षेत्र के निर्धारित गेहूं खरीदी केंद्र के लिए पंजीयन कराए पंजीयन का कार्य 31 मार्च तक चलेगा।

### कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कचनार के विद्यार्थी,स्टॉफ को दी यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश

# परवाह थीम पर आयोजित किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम

### रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन गया, प्रथम,द्वितीय,तृतीय आने वाली रंगोलियों को किया पुरुस्कृत

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**



सडक दुर्घटनाओं की संख्या,उनमें होने वाली मृत्यु, घायलों की संख्या में कमी लाने हेतु प्रतिवर्ष जनवरी माह को राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के रूप में मनाया जाता है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन द्वारा जिले में विभिन्न प्रकार के यातायात जागरूकता कार्यक्रम करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक पूनम सेलर द्वारा कस्बा कचनार में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में परवाह थीम के अन्तर्गत यातायात के नियमों के प्रचार प्रसार हेतु छात्रावास में बालिकाओं की रंगोली प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें विभिन्न कक्षाओं की बालिकाओं ने हिस्सा लिया बालिकाओं की रंगोलियां यातायात के नियमों पर आधारित रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाली रंगोलियों को पुरुस्कृत भी किया गया, साथ ही बालिकाओं द्वारा यातायात के नियमों के पालन हेतु प्रोजेक्ट भी बनाएं।थाना प्रभारी सेलर द्वारा विद्यालय के विद्यार्थी एवं स्टॉफ को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पर लगे संकेतों का पालन करने, सड़क पार करते समय वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, सड़क पार करते समय हमेशा सही साइड में चलने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, गति सीमा का पालन करने, बच्चों को आगे की सीट पर न बिठाने, सड़क पर अनावश्यक हॉर्न न बजाएं जाने एवं अनाधिकृत उपकरणों का उपयोग न करने की समझाइश दी गई।

### यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

कार्यक्रम के दौरान दुर्घटना में घायलों की सहायता हेतु गुड सेमेरिटन योजना एवं गोल्डन ऑवर्स की जानकारी दी गई एवं यातायात नियमों का पालन नही करने के दुष्परिणामों को बताया गया।कार्यक्रम के संचालन में बालिका छात्रावास की अधिक्षिका सरला तोमर, प्रियंका खटीक, सावित्री कुशवाह एवं थाना प्रभारी कचनार उनि0 पूनम सेलर, सउनि जगदीश साहू, प्रआर शिवेन्द्र रघुवंशी, आरक्षक सत्येन्द्र सिंह, म.आर.आरती रघुवंशी एवं कस्बा कचनार के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहें।

### जिला बदर आदेश के उल्लंघन का आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2024 में आरोपी असफाक उर्फ राजा पिता कलामुद्दीन उम्र 43 साल निवासी कच्छी मोहल्ला धनपुरी के विरूद्ध उसकी आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाये जाने के संबंध में म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला दण्डाधिकारी के द्वारा उक्त आरोपी को दिनांक 26.12.2024 को शहडोल जिला तथा जिले से लगे उमरिया, अनूपपुर, सीधी, मैहर से एक वर्ष की अवधि के लिये निष्काषित किये जाने का आदेश जारी किया गया था। दिनांक 22.01.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि उक्त जिला बदर का आरोपी असफाक उर्फ राजा, अमरकंटक रोड के पास खड़ा है सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा अमरकंटक रोड जाकर घेराबन्दी कर आरोपी असफाक उर्फ राजा को पकड़कर गिरफ्तार किया आरोपी के विरुद्ध थाना धनपुरी में म.प्र. राज्य सुरक्षा अधि. का अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

## ब्रीफ न्यूज

### एक्सपायरी सामग्री से बन रही थी खाद्य सामग्री, बंद कराई फैक्ट्री



**इंदौर।** बड़ियाकीमा में बिना लाइसेंस चल रही फैक्ट्री पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। प्रशासन और खाद्य विभाग की टीम ने यहां तिरुपति बेकर्स व कन्फेक्शनरी का लाइसेंस निलंबित कर निर्माण कार्य बंद करवाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि रॉ मटेरियल व खाद्य पदार्थ का उचित भंडारण नहीं किया जा रहा था। लाइसेंस को भी परिसर में प्रदर्शित नहीं पाया गया। तकनीकी व्यक्ति भी मौके पर उपस्थित नहीं था। फूड हैंडलर्स द्वारा भी हाईजिन कंडीशन का पालन नहीं किया जा रहा था। संस्थान में एक्सपायर्ड सामग्री का उपयोग खाद्य पदार्थ के निर्माण में किया जा रहा था। उक्त संस्थान से चार तरह के वेफर्स के नमूने जांच में लिए। इन्हें प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार अगली कार्रवाई की जाएगी।

### मेडिकल संचालक और भाई पर बदमाशों ने चाकू से किया हमला



**इंदौर।** खजराना में एक मेडिकल दुकान संचालक और उसके भाई पर दो सगे भाइयों ने चाकू से हमला कर दिया। यह घटना उधारी को लेकर हुए विवाद के बाद हुई। पुलिस के अनुसार अमान नामक युवक की जल्ला कॉलोनी रोड पर मेडिकल दुकान है। यहां एक आरोपी अफसर का ससुराल है और अफसर कई बार उधारी में दवाइयां ले चुका था। अफसर के भाई शाहिद ने अमान से मिलने का समय मांगा। अमान ने उसे दुकान पर बुलाया और शाहिद के साथ अफसर भी वहां पहुंचे। अफसर ने अमान से दवाइयों के पैसे मांगने पर गुस्सा जताया और अमान ने कहा कि 2200 रुपए उधारी हैं। इस पर शाहिद ने अपशब्द कहे और दुकान से बाहर जाने के लिए कहा। तभी, अफसर ने चाकू निकाला और अमान के कंधे, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किए। बुरहान को भी चाकू से हमला किया गया।

### फांसी के फंदे पर झुला युवक, डेकोरेशन का काम करता था

**इंदौर।** खजराना इलाके में एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना कृष्णबाग कॉलोनी की है, जहां दीपक बिजौरे नामक युवक ने घर में आत्महत्या कर ली। बताया गया कि घटना के वक्त दीपक घर में अकेला था। दीपक का बड़ा भाई पवन जब काम से वापस घर पहुंचा, तो गेट खुला पाया। अंदर जाने पर कमरे का दरवाजा बंद मिला। जब दरवाजा खोला, तो उसने दीपक को फंदे से लटका हुआ देखा। पवन ने तुरंत उसे नीचे उतारा और निजी अस्पताल ले गया, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि दीपक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा- महिला सशक्तिकरण को समर्पित होगी मैराथन

# कोल इंडिया मैराथन दो फरवरी को, 11वीं बार दौड़ेंगे इंदौरी

सत्ता सुधार ■ इंदौर

2 फरवरी को कोल इंडिया इंदौर मैराथन होगी। इसमें 11वीं बार इंदौरी दौड़ेंगे। इसके लिए एकेडमी ऑफ इंदौर मैराथनर्स ने अपने कोल इंडिया इंदौर मैराथन के लिए पूरी तैयारी कर ली है। इंदौर मैराथन 10 सालों से फरवरी के पहले रविवार को ÷फिटनेस उत्सव÷ के रूप में मनाई जा रही है।

इस बार 2 फरवरी को शहर के अलग-अलग हिस्सों से शुरू होने वाली यह मैराथन नेहरू स्टेडियम आकर खत्म होगी। कोल इंडिया इंदौर मैराथन महिलाओं के नाम होगी। इसकी थीम %रन फॉर हर% होगी। इसका उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। एकेडमी के संरक्षक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इंदौर शहर स्वच्छता के साथ-साथ फिटनेस और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी देश का मार्गदर्शन कर रहा है। ऐसे आयोजन शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस साल 'रन फॉर हर' थीम के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण का जो संदेश दिया जा रहा है, वह सराहनीय है। उन्होंने अपील की कि इसमें ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हो। एकेडमी अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने बताया कि 2 फरवरी को ही बसंत पंचमी है। ऐसे में मैराथन के लिए इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता। एकेडमी पूरे साल महिलाओं की फिटनेस और सुरक्षा के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसका उद्देश्य महिला रनर्स के लिए अच्छा वातावरण बनाना है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए रजिस्ट्रेशन में छूट दी गई है। सचिव सुमित रावत ने बताया कि कोल इंडिया इंदौर मैराथन ने शहर में फिटनेस के प्रति गहरी जागरूकता पैदा की है। सैकड़ों लोग जिन्होंने पहले 100 मीटर भी नहीं दौड़ा था, अब हाफ और फुल मैराथन में भाग ले रहे हैं। रनिंग के स्वास्थ्य लाभों को देखते हुए कई डॉक्टरों ने भी न केवल इसे अपनाया है, बल्कि मरीजों को भी रनिंग की सलाह दी है। मैराथन में महिलाएं अपने सामूहिक ग्रुप रजिस्ट्रेशन भी करा सकती हैं। जो महिलाएं दौड़ के लिए ट्रेनिंग लेना चाहती हैं, वे केसरबाग स्थित चमेली देवी स्कूल के पास के मैदान और नेहरू स्टेडियम में रनर्स क्लीनिक पर सुबह 6 बजे से 7:30 बजे तक निःशुल्क ट्रेनिंग ले सकती हैं। रेस डायरेक्टर विजय सोहनी ने बताया कि इस बार यह मैराथन 3 किमी, 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की श्रेणियों में आयोजित होगी। मैराथन की सभी रन नेहरू स्टेडियम पर खत्म होगी। 3 किमी की रन यशवंत क्लब से, 5 किमी की रन राजवाड़ा, 10 और 21 किमी की रन नेहरू स्टेडियम से शुरू होगी। सभी रनर्स के समय को उनकी बिब पर लगी इलेक्ट्रॉनिक चिप के माध्यम से रिकॉर्ड किया जाएगा। दौड़ के दौरान अनुभवी धावक मौजूद रहेंगे, जो प्रतिभागियों को एक निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने में मदद करेंगे। इस बार पेसर्स के चयन के लिए 100 से अधिक आवेदन आए। इनमें से 9 श्रेष्ठ रनर्स को चुना गया है। सभी मार्गों पर समुचित हाइड्रेशन की व्यवस्था की जाएगी। जो लोग नियमित वॉक करते हैं, वे 3 या 5 किमी की दौड़ में भाग ले सकते हैं और मैडल प्राप्त कर अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकते हैं। मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन अंतिम चरणों में है। निर्धारित संख्या पूरी होते ही रजिस्ट्रेशन बंद कर दिए जाएंगे। स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।



# ट्रैफिक समस्या को सुधारने के लिए व्यापारी उतरे मैदान में

बोले- शीतला माता बाजार में गाड़ियां पार्किंग में रखेंगे, रिक्शा-ठेले बंद कराएं

सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर के शीतला माता बाजार में लंबे समय से बनी ट्रैफिक समस्या को हल करने के लिए व्यापारियों ने एकजुट होकर कदम उठाए हैं। व्यापारियों ने निश्चय किया है कि वे अपनी और अपने स्टाफ की गाड़ियां पार्किंग में खड़ी करेंगे, जिससे ग्राहकों के लिए दुकानों के बाहर जगह खाली रहे। इसके साथ ही व्यापारियों ने ट्रैफिक एसीपी से मुलाकात कर बाजार में ई-रिक्शा, रिक्शा और ठेलों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है।

शीतला माता बाजार शहर के प्रमुख कपड़ा मार्केट्स में से एक है, जहां लगभग 450 कपड़े की दुकानें हैं। इन दुकानों पर काम करने वाले स्टाफ और व्यापारियों की गाड़ियां अक्सर दुकानों के बाहर खड़ी हो जाती हैं, जिससे ग्राहकों को अपनी गाड़ियां खड़ी करने में समस्या होती है। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब बाजार में ई-रिक्शा, रिक्शा और ठेले भी आ जाते हैं। व्यापारियों ने बताया कि जवाहर मार्ग को चार पहिया वाहनों के लिए वन-वे बनाए जाने के बाद से इस मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ गया है, जिससे बाजार में प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है।



### बाजार की मुख्य समस्याएं

व्यापारियों और स्टाफ की गाड़ियां दुकानों के बाहर खड़ी हो जाती हैं, जिससे ग्राहकों को वाहन खड़ा करने की जगह नहीं मिलती। बेतरतीब गाड़ियां लगने से जाम की समस्या और बढ़ जाती है। बाजार में ई-रिक्शा, रिक्शा और ठेले आने से भी जाम की स्थिति गंभीर हो जाती है। इससे आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है और व्यापारियों व ग्राहकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। जवाहर मार्ग को चार पहिया वाहनों के लिए वन-वे बनाए जाने के कारण चौराहे पर ट्रैफिक दबाव बढ़ गया है। गौराकुंड से होकर आने वाले चार पहिया वाहन भी इसी रास्ते पर आ रहे हैं, जिससे शीतला माता बाजार में जाम की समस्या बढ़ गई है। कुछ व्यापारी अपनी दुकानों के बाहर डमी, स्टैंडी और अन्य सामान रख देते हैं। इससे गाड़ियां सड़क पर लगानी पड़ती हैं, जिससे यातायात में रुकावट होती है।

### मैदान में उतरा एसोसिएशन

शहर के शीतला माता बाजार की ट्रैफिक समस्या को दूर करने के लिए शीतला माता बाजार व्यापारी एसोसिएशन सक्रिय हो गया है। गुरुवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ट्रैफिक एसीपी सुप्रिया चौधरी और ट्रैफिक टीआई पश्चिम अर्जुन सिंह पंवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बाजार की ट्रैफिक समस्याओं को साझा किया और समाधान के लिए सुझाव देते हुए कुछ ठोस निर्णय लिए।

### गाड़ियां पार्किंग में रखी जाएंगी

एसोसिएशन ने ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए यशवंतगंज स्थित नगर निगम की मल्टी लेवल पार्किंग का उपयोग करने का निर्णय लिया है। व्यापारियों और उनके स्टाफ को प्रेरित किया जाएगा कि वे अपनी गाड़ियां पार्किंग में खड़ी करें। इससे दुकानों के बाहर ग्राहकों को वाहन खड़ा करने की जगह मिलेगी। इसके अलावा, एसोसिएशन ने ट्रैफिक पुलिस से मांग की है कि बाजार में ई-रिक्शा, रिक्शा और ठेलों के प्रवेश पर समय-सीमा तय की जाए।

### पहले आपसी सहमति, फिर चर्चा

ट्रैफिक एसीपी सुप्रिया चौधरी ने कहा कि एसोसिएशन से बाजार की समस्या को लेकर चर्चा की गई है। ई-रिक्शा और रिक्शा को रोकने के लिए पहले व्यापारी आपसी सहमति से समय तय करें। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा सर्वे किया जाएगा और प्रशासन से चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमा पंजवानी, महामंत्री अतुल नीमा, मंत्री वीरेंद्र बड़जात्या और प्रचार मंत्री राधाकिशन अशपालिया सहित कई व्यापारियों ने पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। पदाधिकारियों का कहना है कि ई-रिक्शा और रिक्शा को लेकर ट्रैफिक पुलिस आवश्यक निर्णय करेगी, जबकि ठेले वालों को लेकर नगर निगम से चर्चा की जाएगी।

# नंबर प्लेट छिपाकर क्राइम करने वाले अब तीसरी आंख से नहीं बच पाएंगे

वारदात के बाद पूरा मैप थोड़ी देर बाद ही अधिकारियों के मोबाइल पर आ जाएगा

सत्ता सुधार ■ इंदौर

वाहन की नंबर प्लेट हटाकर या छिपाकर वारदात करने वाले बदमाश अब पुलिस की तीसरी आंख से नहीं बच पाएंगे। नाकाबंदी से पहले उन्हें पुलिस के ई-नाके ही पहचान कर अधिकारियों को अलर्ट मैसेज जारी कर देंगे। वारदात के बाद जिस रास्ते से भी वाहन गुजरेगा, उसका पूरा मैप थोड़ी देर बाद ही अधिकारियों के मोबाइल पर आ जाएगा।

इस हाईटेक प्रणाली के लिए शहर की विशेष लोकेशन पर एआई आधारित कैमरे लगाए जा रहे हैं, जो बदमाशों पर नजर रखने के साथ ही उनकी लाइव लोकेशन भी पुलिस को भेजते रहेंगे। एडिशनल पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के विभिन्न लोकेशन पर एआई आधारित कैमरे लगाने के लिए प्रस्ताव बनाया है। करोड़ों की लागत से इन कैमरों को खासतौर पर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, आरआर कैट, एयरपोर्ट सहित प्रमुख स्थानों पर लगाएंगे। वैसे तो शहर में 500 से अधिक कैमरे हैं, जिन्हें भी हाईटेक प्रणाली से जोड़ देंगे। फिर एक ही सर्वर पर सभी कैमरे काम करेंगे।



### इस तरह अपराधियों की होगी धरपकड़

हाईटेक सर्विलांस को शुरू करने के लिए यूनिफाइड कमांड कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। एआई के माध्यम से अपराधियों का डाटा बेस तैयार करेंगे। उदाहरण के तौर पर यदि कोई बदमाश विजय नगर थाना क्षेत्र से वारदात कर पलासिया होकर राऊ भागता है तो उसे सिस्टम आसानी से ट्रेक कर लेगा। कैमरे जिस सर्वर से जुड़ेंगे, उसमें शहरभर की लाइव फीड आएगी। सिस्टम में वीडियो एनालिसिस करने की क्षमता रहेगी। ये इतना तेज है कि वारदात कर भागे व्यक्ति का चेहरा, कपड़ों का रंग और वाहन की बॉडी से पूरा ब्यौरा निकल सकेगा। ई नाका तकनीक से हाईटेक कैमरों के जरिए पुलिस संबंधित स्थानों की ई नाकाबंदी कर सकेगी। जैसे कि किसी वाहन के कांच पर कोई स्टिकर लगा है तो वीडियो एनालिसिस में उसे पलभर में ट्रैक कर लिया जाएगा और लाइव निगरानी रहेगी।

# मोनालिसा को सताई सुरक्षा की चिंता, महाकुंभ से वापस लौटी

सत्ता सुधार ■ इंदौर



इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल होने के बाद फेमस हुईं मोनालिसा भोसले अब सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। खबर है कि वह इसके चलते अब अपने घर इंदौर भी वापस लौट चुकी हैं। इससे पहले उन्होंने आरोप लगाए थे कि कुछ लोग जबरन उनके टेंट में घुस आए और फोटो के लिए परेशान करने लगे। वहीं, एक वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि सेल्फी के लिए लोग उन्हें घेरकर खड़े हैं।

मोनालिसा ने कहा, परिवार और अपनी सुरक्षा के लिए मुझे वापस इंदौर जाना पड़ रहा है, हो सका तो अगले शाही स्नान तक वापस मिलते हैं, प्रयागराज महाकुंभ में। सभी के सहयोग और प्यार के लिए धन्यवाद। महाकुंभ में सोशल मीडिया पर सनसनी बनी मोनालिसा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद की गुहार लगाई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए मोनालिसा कह रही हैं की उनको जनता ने परेशान करके रख दिया है। उनके भाई के साथ मारपीट की गई। वह मेले में माला की बिक्री नहीं कर पा रही है। लोगों के परेशान करने से उनके पिता उनको यहां से हटाना चाहते हैं। पहली बार महाकुंभ में आई मोनालिसा यहां रहना चाहती हैं। परिवार और अपनी सुरक्षा के लिए मुझे वापस इंदौर जाना पड़ रहा है।

### टेंट में घुसे लोग

मोनालिसा ने आरोप लगाए हैं कि लोग जबरन उनके साथ फोटो खिंचवाने की कोशिश कर रहे थे। एक वीडियो में उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, कुछ लोग यहां जबरदस्ती मेरे पापा का नाम लेकर आए कि आपके पापा ने मुझे भेजा है। मैंने वहां मना किया कि मेरे पापा ने भेजा है तो मेरे पापा के पास ही जाओ। मैं नहीं भैया आपके साथ फोटो खिंचवाऊंगी। उन्होंने आगे कहा, अब मुझे भी डर लगता है कि यहां कोई नहीं है, कोई कुछ कर न दे। यहां लाइट नहीं है कुछ नहीं है, फिर भी लोग जबरदस्ती अंदर घुस आते हैं। उतने में मेरे पापा आ गए और मेरे पापा ने चिल्लाया कि तुम जबरदस्ती लड़की के पास कैसे आए। तब मैंने पूछा कि पापा क्या आपने इन्हें भेजा था, तो पापा ने मना किया कि मैंने नहीं भेजा। उन्होंने कहा, गुस्से में मेरा भाई उनका मोबाइल लेने गया और 9 लोगों ने मिलकर मारा मेरे भाई को। यहां लोगों को बोलने भी जाएं, तो शाम को बातें सुनाते हैं।

### संत रविदास-अंबेडकर प्रतिमाएं हटाने पर पूर्व सीएम की आपत्ति



**इंदौर।** शहर में संत रविदास और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं हटाए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने विरोध जताया है। उन्होंने नगर निगम और जिला प्रशासन पर सांठगांठ करके प्रतिमाएं हटाने का आरोप लगाया। दिग्विजयसिंह ने कहा कि इसका अनावरण भाजपा विधायक महेंद्र हार्डिया ने किया था पर प्रतिमाएं हटाने पर हार्डिया सहित किसी भी भाजपा नेता ने विरोध नहीं जताया।

प्रशासन और निगम ने बिना नोटिस के ही दोनों की प्रतिमाएं इंदौर के विधानसभा-5 स्थित आरई-2 से हटाया है। हालांकि विधायक हार्डिया ने कहा कि उन्होंने इस प्रतिमा का अनावरण नहीं किया। वे एक बार किसी परिचय सम्मेलन में गए थे तब प्रतिमाओं पर पुष्पमाला चढ़ाकर प्रणाम किया था।

# केंद्रीय विद्यालय में पराक्रम दिवस के साथ हुआ विशेष आयोजन

सत्ता सुधार ■ इंदौर



पीएम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में परीक्षा पर चर्चा और पराक्रम दिवस का विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंदौर, महू के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, मानपुर नवोदय विद्यालय और सेंट पॉल समेत 9 विद्यालयों के करीब 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के प्राचार्य सुधीर वाजपेयी ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए परीक्षा पर चर्चा का महत्व बताया। उप प्राचार्या निरंजना सक्सेना, वरिष्ठ शिक्षिकाएं मोहिनी ओझा और यशश्री जोशी ने भी कार्यक्रम में विशेष भागीदारी की। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को एग्जाम वारियर्स पुस्तक दी गई, जबकि विजेताओं को विशेष पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संस्कृत शिक्षक युवराज कुमार शर्मा ने परीक्षा विषय पर स्वरचित काव्य का पाठ किया। विशेष रूप से, यह कार्यक्रम पीएम नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी परीक्षा पे चर्चा 2025 कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसमें देशभर के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन डीके पाटीदार और डॉ. प्रज्ञा पांडेय ने किया। डॉ. सत्यप्रकाश व्यास ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं दीं।

**प्रतिबंध** भिक्षावृत्ति से मुक्त शहर बनाने का अभियान जारी

# भीख देने और लेने वाले पर एफआईआर दर्ज

सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर में भीख देने वाले अब सावधान रहें। उन पर केस दर्ज हो सकता है। शुक्रवार को भीख देने के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। एफआईआर में व्यक्ति का गाड़ी नंबर भी दर्ज है। भीख लेने वाले के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज हुआ है।

इंदौर को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत भिक्षा लेने और देने वाले दोनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में भिक्षा लेने और देने के दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा इंदौर में भिक्षा लेने और देने दोनों को प्रतिबंधित किया गया है।



गुरुवार को फरियादी भिक्षावृत्ति उन्मूलन दल अधिकारी फूल सिंह पिता मांगीलाल ने थाना भंवरकुआं में मुकेश पिता बालाराम निवासी भावना नगर खंडवा नाका के खिलाफ केस दर्ज कराया। आवेदन के अनुसार सोनाबाई पति बलराम निवासी, 146 भावना नगर पालदा द्वारा लगातार भंवरकुआं चौराहे में भिक्षावृत्ति की जा रही है। इसके पहले उनके पुत्र मुकेश से शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर एक वर्ष पूर्व इनको समझाइश देकर छोड़ा गया था। इसके बाद दो बार भंवरकुआं चौराहे पर स्थित मंदिर में भिक्षावृत्ति करते हुए रेस्क्यू दल द्वारा इनको पकड़ा गया।

गुरुवार को वह फिर भीख मांगते नजर आई तो भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत किए गए प्रतिबंधित आदेश के उल्लंघन पर सोनाबाई पति बलराम के लिए शपथ पत्र प्रस्तुत कर जिम्मेदारी लेने वाले उसके पुत्र मुकेश पर प्रकरण दर्ज कराया गया। इसी तरह एक अन्य मामले में फरियादी भिक्षावृत्ति उन्मूलन दल अधिकारी फूल सिंह पिता मांगीलाल ने थाना भंवरकुआं में उपस्थित होकर एफआईआर दर्ज कराई। इस प्रकरण में बताया गया कि यह प्रकरण अज्ञात आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया गया है। प्रकरण के अनुसार 21 जनवरी को खंडवा नाका में रोड के किनारे बने हनुमान मंदिर में एक अज्ञात युवक वाहन क्रमांक एमपी 09 एसजी 4361 में आया था ने मंदिर के सामने बैठी भिक्षुक को भिक्षा देकर प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन किया गया है। इस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# उप मुख्यमंत्री ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई का किया दौरा

सत्ता सुधार ■ इंदौर

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इंदौर के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तथा मरीजों की संतुष्टि के महत्व पर जोर दिया। साथ ही डॉक्टरों को कहा कि, वे अपना कर्तव्य पूरी सावधानी और चिंता के साथ निभाएं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। यहां उपलब्ध अत्याधुनिक मशीनों का अवलोकन किया। साथ ही अपनी आंखों की भी जांच कराई।

राजेन्द्र शुक्ल ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और समस्याओं को लेकर डॉक्टर्स से चर्चा की। इस दौरान डॉ. प्रतीक व्यास, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. अशोक व्यास, डॉ. सुमित शुक्ला आदि ने संबंधित विभिन्न विषयों पर उन्हें जानकारी दी। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. बीएस सैत्या, सिविल सर्जन डॉ. जीएल सोढ़ी, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई के डॉक्टर्स आदि मौजूद थे।



# कांग्रेस नेता एवं तेल व्यवसायी के घर पर बदमाशों ने की फायरिंग, पुत्र पर कार चढ़ाने का किया प्रयास

## रात को बदमाशों ने किया उपद्रव, मोहल्ले वालों ने घेरा तो कार छोड़कर भागे बदमाश, कट्टा बरामद

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर में अब धीरे-धीरे अराजकता का माहौल बनता जा रहा है जिससे आम जनता परेशान है और पुलिस का खौफ कहीं दिखाई नहीं दे रहा। गुरुवार की रात आधा दर्जन से अधिक बदमाश कांग्रेस नेता एवं तेल व्यवसायी अशोक सिंह भदोरिया के घर के पास दादागिरी करते नजर आए। आरोपियों द्वारा अशोक भदौरिया से झगडे के दौरान कई राउंड फायर किए गए, जिससे मोहल्ले में दहशत फै ल गई और उनके पुत्र पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। हालांकि मोहल्ले के लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का डटकर मुकाबला किया, इसके बाद बदमाश एक गाड़ी छोड़कर भाग गए, जिसमें से कट्टा बरामद हुआ है।






प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सिंह ऑयल मिल के संचालक अशोक भदौरिया रात्रि 9:20 बजे गाड़ी से अपने घर पहुंचे तो उनके घर के बाहर आधा दर्जन से अधिक आरोपी एक स्विफ्ट गाड़ी तथा एक हुंडई की कार क्रमांक एमपी 07 बी 7740 से वहां खड़े हुए थे और दादागिरी कर रहे थे। आरोपियों द्वारा गाड़ी को आगे पीछे कर रॉब दिखाया जा रहा था। जब जयश्री भदौरिया ने विरोध किया तो आरोपियों द्वारा विधायक और मंत्री की धमकी देते हुए कांग्रेस नेता एवं मोहल्ले वासियों को हडकाया, लेकिन कांग्रेस नेता एवं मोहल्ले वासियों ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपियों को खदेड दिया। इस दौरान आरोपियों ने तेल व्यवसायी के पुत्र पर कार चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। श्री भदौरिया ने उनका विरोध किया तो वह लड़ने पर आमादा हो गए, बहसबाजी होने लगी और धीरे-धीरे मोहल्ले के लोग एकत्रित होने लगे। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक आरोपियों द्वारा काफी गाली-गलौज कर विधायक एवं मंत्री की धमकी दी गई। आरोपियों द्वारा मोहल्ले की भीड़ को देखते हुए अपने 40-50 साथियों को बुला लिया गया, लेकिन मोहल्ले वासी पीछे नहीं हटे और आरोपियों से लोहा लेते हुए उनकी एक हुंडई कार को अपने कब्जे में ले लिया। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें एक कट्टा मिला, जिसे पुलिस को दे दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी दीपेन्द्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार एवं कट्टा को जप्त कर लिया। आरोपियों द्वारा गुरुवार की रात की गई वारदात के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, वहीं कई लोगों द्वारा वीडियो भी बनाए गए जो लगातार वायरल हो रहे हैं।

कोतवाली पुलिस द्वारा द्वारा अशोक भदौरिया की रिपोर्ट पर से आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है, जिसमें आरोपी मोहित बैसला, नरेंद्र गुर्जर, यश गुर्जर सहित अन्य शामिल हैं। लोगों का आरोप था कि शहर में गुर्जर समुदाय के युवा आजकल काफी उपद्रव मचा रहे हैं जिससे आम जनता भयभीत है। मोहल्ले वासियों ने पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि ऐसे अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### मंत्री ऐंदल सिंह एवं विधायक दिनेश मेरी हत्या करवाना चाहते हैं: भदौरिया

गुरुवार की रात गुर्जर समाज के युवकों द्वारा कांग्रेस नेता एवं सिंह ऑइल्स मिल के संचालक अशोक भदौरिया व उनके पुत्र पर किए गए हमले के बाद श्री भदौरिया ने खुलकर मीडिया के समक्ष कहा कि भाजपा के मंत्री ऐंदल सिंह एवं कांग्रेस के विधायक दिनेश गुर्जर मेरी हत्या करवाना चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि मंत्री एवं विधायक से मुझे एवं मेरे परिवार, रिश्तेदारों को जान का खतरा है, इन पर तत्काल कार्रवाई की जाए। श्री भदौरिया पर हमले के बाद मुरैना जिले की राजनीति गरमा गई है और सुबह से ही श्री भदौरिया के निवास पर तमाम कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आना-जाना बना हुआ है। श्री भदौरिया ने बताया कि आज शनिवार को इस मामले में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया जावेगा।

---

## ब्रीफ न्यूज

### राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जा रहा शिविरों का निरीक्षण

**मुरैना।** राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये राजस्व महाअभियान 3.0 गत 15 नवम्बर से शुरू किया गया है, जो कि 26 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। अभियान के अंतर्गत मुरैना जिले में घटक नक्शा बटांकन, ई.के.वाय.सी., खसरा, आर.ओ.आर. फार्मर रजिस्ट्री में अल्प प्रगति मिलने पर कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार को समस्त ग्रामों में 24 एवं 25 जनवरी 2025 को शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। जिसके तहत शिविर भ्रमण हेतु राजस्व अधिकारियों को आदेशित किया गया था। जिसमें तहसील मुरैना में सीबी प्रसाद अपर कलेक्टर, तहसील जौरा में डॉ. इच्छित गढ़पाले मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसील सबलगढ़ में राजन नाडिया संयुक्त कलेक्टर, तहसील अम्बाह में शुभम शर्मा संयुक्त कलेक्टर, तहसील पौरसा में सुश्री मेघा तिवारी डिप्टी कलेक्टर, तहसील कैलारस में श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा डिप्टी कलेक्टर ने ग्रामों में जाकर शिविरों का निरीक्षण किया।

### जनजागरूता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**मुरैना।** मिशन परिवार विकास पखवाड़े के तहत जन जागरूकता रथ एवं रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय एवं जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. एसके कारखुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जन जागरूकता रथ एवं रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुयी निकाली गई। साथ ही जन जागरूकता रथ सभी वार्डों में परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थायी गर्भ निरोधकों साधनों का प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. चन्द्रकान्त दुबे, मीडिया ऑफीसर श्रीमती बाजौरिया, बीईई श्रीमती शिव कुमारी निम सहित शहरी सुपरवाइजर, आशा और स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस की फायनल रिहर्सल का कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**मुरैना।** जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, जिसकी फायनल रिहर्सल का निरीक्षण कलेक्टर अंकित अस्थाना और पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। मुख्य समारोह में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद सहित गणतंत्र दिवस की तैयारियों में जुटे सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## डकैती की योजना बनाते हुए चार बदमाश गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मुरैना। स्टेशन रोड थाना पुलिस को बीती रात बड़ी कामयाबी मिली। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने इमलिया गांव में डकैती डालने जा रहे सशस्त्र बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार एवं कारतूस बरामद किए हैं और आरोपियों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जा रहा है। स्टेशन रोड थाना प्रभारी अमर सिंह सिकरवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मुडियाखेडा बाईपास बम्बा रोड इमलिया तरफ कुछ बदमाश डकैती की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं, जिनके पास बड़ी संख्या में हथियार आदि होने की भी संभावना है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते पुलिस टीम द्वारा मुडियाखेडा बाई पास रोड बम्बा इमलिया पर पहुंचकर दबिश दी गई तो मुखबिर के बताए हुलिए अनुसार कुछ व्यक्ति रोड के किनारे बैठे हुए दिखे। पुलिस को आता देख बदमाशों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी अभिषेक परमार निवासी अंबाह, ऋषभ उपाध्याय निवासी अंबाह,



साहिल अहमद निवासी बारा राजस्थान, हरीश शर्मा निवासी बारा राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वह इमलिया गांव में हरिओम शर्मा के यहां डकैती डालने जा रहे थे। आरोपियों ने बताया कि वह अपने 3 अन्य साथियों के साथ मिलकर डकैती की घटना को अंजाम देने की नीयत से योजना बना रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर के 8 देशी कट्टे, 32 बोर 1 कट्टा, 1 अधिया 315 बोर, 2 पिस्टल 32 बोर, 8 जिंदा राउण्ड 32 बोर एवं 8 जिंदा राउण्ड 315 बोर कुल कीमती करीबन 1,25,000 रूपये का जब्त किया। स्टेशन रोड थाना पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध धारा 310(4), 310(6), 310 (5) बीएनएस, 25,27 आर्म्स एक्ट एवं 11,13 एमपीडीपीके एक्ट इजाफा धारा 111 बीएनएस के तहत पंजीबद्ध किया गया है तथा शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## संयुक्त मोर्चा ने केबिनेट मंत्री को 51 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

म.प्र. अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मुरैना द्वारा शुक्रवार को केबिनेट मंत्री ऐदल सिंह कंसाना को मध्य प्रदेश शासन को 51 सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया गया। संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में ज्ञापन उक्त ज्ञापन दिया गया है। अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के रामनरेश दंडोतिया, जनक सिंह रावत द्वारा बताया गया कि कैबिनेट मंत्री द्वारा सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया गया कि आपकी बात मुख्यमंत्री के संज्ञान में ले जाऊंगा। संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह यादव के नेतृत्व में जिले के संगठनों के पदाधिकारीयों द्वारा मांग पत्र में पुरानी पेंशन, सहायक ग्रेड 3 का पे ग्रेड वेतनमान बदलने, अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति, केंद्र के समान महंगाई भत्ता का लाभ एवं विभागों में रिक्त पदों को



पदोन्नति द्वारा भरे जाने हेतु मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में विभिन्न संगठनों के जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें रामनरेश डण्डौतिया, ब्रजेश उपाध्याय, रामकुमार भरद्वाज, बिष्णू डण्डोतिया, सहदेव चन्देला, राममूति शर्मा, राजेन्द्र भारती, बहादुर सिंह गौड, नीतिश बंसल, भरत सिंह गुर्जर, उदयभान शर्मा, रामभरत सिंह गुर्जर बिचोला, राजेंद्र भारती, बहादुर सिंह गोड, दिलीप जाटव, डा राकेश शर्मा, रामनिवास गोड, केदार शर्मा, रघुनाथ कोरकू, रामप्यारी माहौर, राकेश खरे, पूरन यादव न.नि. सहित सेंकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवा नेता पटेल ने पूर्व मंत्री का ग्वालियर स्टेशन पर किया भव्य स्वागत

सत्ता सुधार ■ मुरैना

कांग्रेस के सुमावली मंडल अध्यक्ष सोनू पटेल ने गुरुवार को प्रदेश के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के दिल्ली से भोपाल जाते समय ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर अपने समर्थकों के साथ फुल माला



पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया। श्री पटेल ने बताया कि उन्होंने पूर्व मंत्री को सुमावली क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी देते हुए उनके निराकरण करने की बात कही, जिस पर श्री सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि सुमावली क्षेत्र के विकास के लिए लड़ाई जारी रहेगी।

## कलेक्टर ने राजस्व अभियान 3.0 शिविरों का औचक निरीक्षण किया

### करूआ गांव की पटवारी अनुपस्थित, तत्काल निलंबन के दिये निर्देश

**मुरैना।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये राजस्व महाअभियान 3.0 जिले में चल रहा है। इस अभियान के तहत कलेक्टर अंकित अस्थाना ने शुक्रवार को ग्राम करूआ, बानमौरकलां, टीकरी और जौरा खुर्द पहुंचकर ई-केवायसी एवं फार्मर रजिस्ट्री के कैम्पों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम करूआ में पटवारी श्रीमती सरोज राजपूत अनुपस्थित पाई गई। इस पर कलेक्टर ने ग्रामीणों से पटवारी के कार्य को लेकर पूछताछ की। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पटवारी मुख्यालय पर निवास न करते हुये अप-डाउन करती है, गांव में एक घंटे के लिये आतीं है या ज्यादातर अनुपस्थित रहती है। पटवारी के इस कृत्य पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुये श्रीमती सरोज राजपूत को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिये एवं निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय पहाडगढ़ विकासखण्ड रहेगा।



## सड़क से सब्जी का ठेला हटाने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, वीडियो वायरल

**मुरैना।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाठक बाहर इलाके में दुकान के सामने से सब्जी का ठेला हटाने को लेकर दुकानदार एवं ठेले वाले में विवाद हो गया। पहले जमकर गाली- गलोंच हुआ और फिर उसके बाद जमकर लाठी एवं डंडे चले। घटना के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जब पुलिस को जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। बताया जाता है कि इस वीडियो में आधा दर्जन से अधिक लोग दो लड़कों की जमकर मारपीट कर रहे थे। यह घटना शुक्रवार की सुबह की बताई जा रही है, पता चलने पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### मांगी निःशुल्क दुकानें, सीएमओ ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

## विस्थापित दुकानदारों ने प्रदर्शन कर दिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ कैलारस

नगर परिषद के 240 विस्थापित दुकानदार जिनकी दुकानें तोड़ी गई है। लगातार 3 महीने से नगर पालिका प्रशासन से दुकानें बनाकर निःशुल्क प्रदाय किए जाने की मांग कर ज्ञापन दे रहे हैं, परंतु नगर परिषद द्वारा कोई ठोस आश्वासन दुकानदारों को नहीं दिया गया है। इस बार भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेश गोयल ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है, जबकि दुकानदारों का कहना है कि सन 2012 में हमारी दुकान अवैध रूप से तोड़ी गई थी। इस संबंध में उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय द्वारा आदेश भी



जारी कर दिए हैं, परंतु उसके बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है, यह अत्यंत दुरूख का बिषय है। दुकानदारों ने जिनकी दुकानें 13 साल पहले तोड़ी गई थी, निरूशुल्क दुकान प्रदान किए जाने की मांग की है। इसके अलावा दुकानों का साइज बड़ा रखने, जिनके नामांतरण नहीं हुए उनके नामांतरण कराने, दुकानों के बीच पार्क, पेशाब घर, पार्किंग आदि बनाए जाने की मांग की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेश गोयल को ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस बीच दुकानदारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर परिषद अध्यक्ष से मुलाकात की। उन्होंने भी तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने को कहा है। इस कार्यवाही का नेतृत्व पूर्व नपाध्यक्ष माकपा नेता अशोक तिवारी, दुर्गेश गोड, मुरारी लाल गोड, पूरन गुप्ता, कमल गुप्ता, बल्लू मामा, अनवर खान, मनीष गोड, सुनील गुप्ता, संतोषी लाल गुप्ता कोहूडांडा वाले, बीरबल सिंह धाकड़, गजेंद्र सिंह धाकड़ आदि ने किया। दुकानदारो ने आगामी मीटिंग 15 फरवरी को कर आगामी कार्यवाही किए जाने का निर्णय भी घोषित किया है।

## सब्जी मंडी में आसमान छू रहें सब्जियों के भाव मे आई गिरावट, आमजन को मिली राहत



विजय गुप्ता ■ जौरा

दो माह पूर्व सब्जी मंडी में जहां सब्जियों के भाव आसमान छू रहें थे वहीं अब सब्जी मंडी में लोकल स्तर के किसानों की सब्जियों की बंपर आवक से हरी सब्जियों से लेकर फूल गोभी टमाटर आलू सहित कई सब्जियों के आधे व एक चौथाई पर आ गए हैं। जो सब्जी दो माह पूर्व सब्जी मंडी में दो सौ से पचास रूपए प्रति किलो के भाव में बिक रही थी, वही सब्जियां अब 5 से 30 रूपए प्रति किलो मिल रही है। दाम घटने से एक ओर आमजन को घर खर्च में राहत मिली है तो वहीं खेतों सब्जी की पैदावार करने वाले स्थानीय किसानों को सब्जियों के भाव कम मिलने से नुकसान पहुंचा रही है। बता दें कि इन दिनों थोक व खेरीज सब्जी मंडी में सब्जी की पैदावार करने वाले स्थानीय किसान अपने खेतों से सब्जियां निकालकर बड़ी संख्या में सब्जियां लेकर पहुंच रहें सब्जी मंडी में मांग से कई अधिक मात्रा में सब्जियां आने के कारण सब्जियों के भाव मानों आसमान से जमीन पर आ गए हैं। एक से दो माह पूर्व सब्जी मंडी में मौसमी हरी सब्जियों से सभी सब्जियों के भाव 60 रूपए प्रति किलो से लेकर 200 रूपए प्रति किलो तक थे। वहीं इस समय सब्जी मंडी सब्जियों की बंपर आवक होने से खेरीज सब्जी मंडी में अधिकांश सब्जियां 5 रूपए प्रति किलो से लेकर 30 रूपए प्रति किलो के भाव बिक रही है।

### खेरीज सब्जी मंडी में सब्जियों के भाव (प्रतिकिलो में)

- मटर – 25 से 30 रूपए
- बैगन – 10 से 15 रूपए
- सैम फली– 25 से 30 रूपए
- सेंगरी– 25 से 30 रूपए
- गाजर 10 से 15 रूपए
- पत्ता गोभी 10 से 15 रूपए
- फूल गोभी 5 से 10 रूपए
- नया आलू 14 से 16 रूपए
- टमाटर 10 से 15 रूपए
- अदरक 50 से 60 रूपए
- हरी मिर्च 30 से 40 रूपए
- प्याज 25 से 35 रूपए
- मूली 10 से 15 रूपए

इसके अलावा हरी सब्जियों में मैथी, पालक, बथुआ व हरा धनिया 10 से 15 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रहा है।

### अच्छे भाव की उम्मीद में की थी फूल गोभी की पैदावार

दो माह पूर्व स्थानीय किसानों के खेतों में फूल गोभी की फसल नहीं आ पाई थी, तब सब्जी कारोबारी आगरा दिल्ली इंदौर की मंडियों से फूल गोभी मंगवा कर विक्रय कर रहे थे और बाहर की मंडियों से अधिक कीमत में फूल गोभी आने व परिवहन खर्च आने के साथ सब्जी मंडी में ग्राहकों की मांग के अनुसार उपलब्धता नहीं होने से फूल गोभी 80 से 100 रूपए प्रति किलो भाव बिका था। सब्जी मंडी में फूल गोभी का अच्छा भाव देखकर स्थानीय किसानों ने खेतों में ज्यादातर फूल गोभी की फसल तैयार कर ली लेकिन प्रतिदिन मांग से कहीं अधिक मात्रा में फूल गोभी सब्जी मंडी में आने से दाम गिरते चले गए और वर्तमान में थोक सब्जी मंडी में फूल गोभी का भाव महज 3 से 4 रूपए प्रति किलो ही मिल रहा है।

# अवैध होर्डिंग से बिगड़ रही शहर की सुंदरता: शिवसेना







सत्ता सुधार ■ खंडवा

शहर में अवैध होर्डिंग्स का मकड़जाल फैलता जा रहा है। शासकीय भवनों, बिजली के खंभों, पेड़ों, सुलभ शौचालयों और यहां तक कि रेलवे ब्रिज और जिला अस्पताल तक इनका अतिक्रमण दिखता है। शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने नगर निगम की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि निगम केवल दिखावटी कार्रवाई करता है।

भावसार ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि 2024 में नगर निगम ने नियम विरुद्ध संचालित बेसमेंट दुकानों पर कार्रवाई कर तालाबंदी की थी। हालांकि, यह कार्रवाई केवल दिखावा साबित हुई क्योंकि कुछ राशि जमा कराने के बाद इन बेसमेंटों को फिर खोल दिया गया। संचालकों को वैकल्पिक व्यवस्था के लिए समय दिया गया, लेकिन अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई, और बेसमेंट में दुकानें आज भी संचालित हो रही हैं।

उन्होंने अवैध होर्डिंग्स की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता और बाजार विभाग केवल खाना पूर्ति करता है। मीडिया में खबरें छपवाने के लिए कुछ दिन कार्रवाई होती है, लेकिन इसके बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। शहर के विभिन्न हिस्सों में पेड़ों, बिजली के खंभों, सरकारी भवनों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध होर्डिंग्स और पंपलेट्स लगे हुए हैं।

भावसार ने नगर निगम पर स्वच्छता के नाम पर आम जनता के टैक्स का पैसा बिना किसी ठोस योजना के खर्च करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन शहर की सुंदरता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि इस गंभीर मुद्दे को लेकर संभाग आयुक्त और जिला कलेक्टर को पत्र सौंपा जाएगा और समाधान की मांग की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### हरदा की अधिकारी श्रीमती सोनी आज भोपाल में होंगी सम्मानित



**हरदा।** 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शनिवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में नर्मदापुरम संभाग से उत्कृष्ट कार्यो के लिए हरदा विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 81 की बी एल ओ श्रीमती सीमा सोनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सम्मानित किया जाएगा।

### बालिका दिवस के अवसर पर रेवा शक्ति अभियान का शुभारंभ

**हरदा।** जिले में घटते लिंगानुपात को बढ़ाने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला प्रशासन के नवाचार के रूप में रेवा शक्ति अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर को किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एक बालिका संतोषी बघेल ने की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल, मध्य प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनुराग पांडे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नपाध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेडिया, भाजपाध्यक्ष राजेश वर्मा और कलेक्टर आदित्य सिंह सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस कार्यक्रम में रेवा शक्ति अभियान को समर्थन देने वाले रेवा मित्रों को सम्मानित किया गया।

### 80 फीट गहरे कुएं में गिरी महिला, पानी होने से बची जान



**अशोकनगर।** अशोकनगर में शुक्रवार सुबह करीब 6~30 बजे गर्ल्स स्कूल के पास गणेश मोहल्ले में एक महिला 80 फीट गहरे कुएं जा गिरी। वहीं कुएं तीन से चार फीट पानी होने की वजह से महिला की जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स की 10 सदस्यीय टीम और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। स्ठश्वक्रस्न के जवान राहुल रघुवंशी को रस्सियों के सहारे कुएं में उतारा गया। एक लोहे की कुर्सी को रस्सियों से बांधकर कुएं में उतारा गया, जिस पर सुनीता जैन(50) को बैठाकर चारों तरफ से सुरक्षित किया गया। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। होमगार्ड कमांडेंट राघवेंद्र शर्मा के अनुसार, कुएं की अधिक गहराई के कारण अंदर सांस लेने में भी दिक्कत आ रही थी। महिला को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। महिला के कुआं में गिरने की वजह उसकी मानसिक स्थिति और पारिवारिक विवाद को बताया जा रहा है। हालांकि परिवार की ओर से इस संबंध में कोई बयान नहीं दिया गया है। घटना के समय महिला को एक स्थानीय व्यक्ति ने देखा, जिसके बाद मोहल्ले के लोगों ने बचाव का प्रयास किया, लेकिन कुएं की गहराई के कारण सफल नहीं हो सके।

# पोस्टमार्टम सुविधा की वर्षों से दरकार

## सिराली में पोस्टमार्टम कराने रात भर परेशान होते हैं लोग

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले के खिरकिया ब्लाक अंतर्गत सिराली में पोस्टमार्टम सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। बारंबार मांग को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा भूमि भी आवंटित की जा चुकी है, किंतु आगे की कार्यवाही लंबे समय से लंबित है। सिराली के गोलू मंसूरी ने बताया कि पोस्टमार्टम सुविधा नहीं होने के कारण यहां के लोगों को खिरकिया जाना पड़ता है और रात भर लोगों को परेशान होना पड़ता है। सिराली के नगर परिषद, थाना, बैंक, तहसील, मंडी जैसी सारी सुविधाएं हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम ऑपरेशन थियेटर महिला चिकित्सक आदि की समस्या है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने आवाज उठाई और आश्वासन भी मिला फिर भी अभी तक व्यवस्था नहीं शुरू हो पाई है।

**परेशान हो रहे लोग :** पोस्टमार्टम सुविधा नहीं होने के कारण लोग परेशान होते हैं। कभी-कभी तो तत्काल पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण रात भर लोग लाश के साथ बैठे रहते हैं। कई दफे ऐसी स्थिति निर्मित हो चुकी है। कडाके की ठंड में रात भर लोगों को इंतजार करना अखर जाता है। एक तो कष्ट का समय दूसरे लंबे इंतजार के बाद पोस्टमार्टम हो पता है। इसी परेशानी को देखते हुए लंबे अर्से पोस्टमार्टम सुविधा चालू करने के भवन बनाने की मांग की जा रही है। भूमि आवंटन के बाद आगे की कार्यवाही नहीं शुरू हो रही है। इससे मांग करने वालों को निराशा हाथ लग रही है।

**जिला कलेक्टर से कार्यवाही की मांग :** स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर का ध्यान इस और आकृष्ट करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम सुविधा शुरू करने की कार्यवाही को आगे बढ़ाने की पहल करने की मांग की है। ज्वलंत समस्याओं के समाधान में जिला कलेक्टर गहरी रुचि रखते हैं। लोगों को पूरा विश्वास है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान की पहल की जायेगी।



### चिकित्सा सुविधा का नहीं हो रहा विस्तार

सिराली अस्पताल का वर्षों पहले उन्नयन हुआ था। चिकित्सा स्टाफ को बढ़ाने, पोस्टमार्टम ऑपरेशन थियेटर, बेड़ की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। नगर परिषद और तहसील हो जाने के बाद भी सुविधाओं का विस्तार नहीं किया जा रहा है। जबकि इसकी आवश्यकता का ध्यान में रखते हुए लंबे समय से मांग की जा रही है। ज्ञापन, आवेदन, निवेदन हर तरह से मांग की जा रही है, फिर भी उसका कोई मतलब नहीं निकला है।

**आश्वासन पर अमल नहीं :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम सुविधा शुरू कराने के संबंध में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल से भी आश्वासन मिल चुका है फिर भी उस पर आज तक अमल नहीं हो पाया है। समूचे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। जब भी घटना होती है और रात भर लोग परेशान होते हैं तो जनप्रतिनिधियों शासन प्रशासन को कोसते हुए समय बिताते हैं। चुनाव के दौरान सांसद विधायक सभी आश्वासन देते हैं। जब समय बीत जाता है तो आश्वासन को भूल जाते हैं।

**क्या कहते जबाबदार**



पोस्टमार्टम भवन के लिए भूमि आवंटित हो गई है, मंजूरी मिलने के बाद में भवन बनाने के कार्यवाही शुरू की जाएगी।

डॉ एच.पी. सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, हरदा।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने किया शहर के खाद्य तेल एवं पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की थोक एजेंसियों का औचक निरीक्षण



सत्ता सुधार ■ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा निरीक्षण कार्यवाही करते हुए बकौली चौक स्थित सेठ प्यारेलाल एंड संस से पतंजलि ब्रांड राइस ब्रान तेल, मछली मार्केट स्थित इसरार शॉप से दिव्यजल ब्रांड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एवं मेसर्स खुशनुमा सेल्स एजेंसी से मॉर्निंग वेव्स ब्रांड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के नमूनें जांच हेतु लिए गए । इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सभी परिसर में फ़ूड लाइसेंस की प्रति मौके पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं होने पर परिसर में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा सभी खाद्य व्यापारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन का नियत समय में नवीनीकरण करवाएं एवं निरीक्षण के समय कोई भी खाद्य व्यापारी अगर एक्सपायर्ड खाद्य लाइसेंस या पंजीयन के खाद्य व्यापार करते हुए पाया जाता है या बिना लाइसेंस या पंजीयन के खाद्य व्यापार करते हुए पाया जाता है तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# स्वामीराज सेवा संस्थान ने लगाया सिविल अस्पताल हटा में रक्त दान शिविर




## 28 लोगों ने रक्तदान किया

सत्ता सुधार ■ दमोह

अपने सामाजिक सरोकारों के लिए संपूर्ण प्रदेश में ख्याति प्राप्त स्वामी राज सेवा संस्थान द्वारा सिविल अस्पताल हटा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानव सेवा के लिए समर्पित संस्थान विगत आठ वर्षो से रक्तदान शिविर का आयोजन भोपाल में किया जाता रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हटा सिविल अस्पताल में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्ण हटा, पटेरा तहसील के लोगों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और इस पुण्य कार्य में सहयोगी बने।

शिविर में 28 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, शिविर की खास बात यह रही कि पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं में भी रक्तदान के लिए उत्सुकता देखने मिली जिसमें प्रभा राजबहादुर पटेल, वंदना उदयभान पटेल सहित अरविंद पटेल, दिनेश पटेल, सतीश कुसमरिया, रियल अग्रवाल, मनीष कुसमया, सुमित राय, रोहित लहरिया, अनुभव ताम्रकार , कुलदीप पटेल, नंदकिशोर पटेल, हर्ष चौहान, लाखन सिंह पटेल और प्रमोद पटेल सहित 28 लोगों ने रक्तदान किया।

शिविर का मार्गदर्शन और निर्देशन मुख्यखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ उमाशंकर पटेल ने किया। जिला अस्पताल से आए डॉ प्रशांत सोनी, लेब अटेंडेंट मनोज शर्मा, लेब टेक्नीशियन संजय प्यासी की निगरानी में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

### गणतंत्र दिवस पर हरदा में प्रभारी मंत्री श्री सारंग करेंगे ध्वजारोहण

**हरदा।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस जिले में समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता विभाग के मंत्री विश्वास सारंग उपस्थित रहेंगे।



# दिवंगत कर्मचारी के बेटे को अनुकंपा नियुक्ति

**खंडवा।** नगर निगम के जलकार्य एवं सीवरेज विभाग में पंप कूली के पद पर कार्यरत दिवंगत कर्मचारी शिवचरण ओंकार के निधन के बाद उनके पुत्र ऋतिक कनाडे को अनुकंपा नियुक्ति दी गई। ऋतिक को सफाई संरक्षक के पद पर नियुक्ति का आदेश सौंपा गया।

नियुक्ति आदेश नगर निगम की महापौर अमृता अमर यादव ने सौंपा। इस मौके पर महापौर ने ऋतिक को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ऋतिक ने नियुक्ति के लिए महापौर और निगम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी निष्ठा और समर्पण का भरोसा दिलाया।

# बाबा साहब की तस्वीर पर कालिख पोतने की घटना से क्षेत्र में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ खंडवा

मूंदी थाना क्षेत्र के ग्राम गुयड़ा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर कालिख पोतने की घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश पैदा कर दिया है। इस शर्मनाक घटना के बाद गुरुवार को भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी, जयस और समस्त आदिवासी समाज के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने तहसीलदार और पुलिस को ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को युवक कांग्रेस, मूंदी नगर कांग्रेस और मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद ने संयुक्त रूप से तहसीलदार कार्यालय और थाने में पहुंचकर ज्ञापन दिया। उन्होंने इसे सामाजिक और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने के बाद संगठन सचिव, मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद, जगपाल सिंह पटेल ने कहा कि यह घटना समाज में अस्थिरता और आक्रोश पैदा करने की साजिश है। जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रियश चौकडे ने भी दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

इस घटना के बाद प्रशासन और पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। ग्रामीणों और संगठनों ने मांग की है कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त दंड दिया जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# झाड़बीड़ा से जिनवानि निर्माणाधीन सड़क का पूर्व विधायक शाह ने किया निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ हरदा

क्षेत्र का दौरा करते हुए टिमरनी विधानसभा के पूर्व विधायक संजय शाह जी झाड़बीडा से जिनवानि सड़क का निरीक्षण किया। सनद रहे कि यह तीन किमी सडक की लागत 10 करोड़ 52 लाख रू.है ।अक्षय शांड़िल्य ने बताया कि क्षेत्र के लोगो को सीधे इंदौर बैतूल हाईवे टेमागांव के पास जुड़ने में आसानी होगी । पूर्व



विधायक शाह ने निरीक्षण के दौरान शीघ्र कार्य करने के आदेश दिए । इस दौरान साथ मे हरिओम पटेल, केवलराम बुच, गयाप्रसाद पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# आंगनवाड़ी केंद्र 3 चंडी चोपरा में महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

सत्ता सुधार ■ दमोह



जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के निर्देशन में आंगनवाड़ी केंद्र 3 चोपरा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) चोपरा के द्वारा ÷गर्भावस्था और बच्चे के जन्म के समय देखभाल÷ विषय पर आधारित जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था के समय की आवश्यक जांचे यथा रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, वजन, लंबाई इत्यादि की जांच की गई एवं गर्भिणी परिचर्या एवं मासानुमासिक आहार संबंधित परामर्श दिया गया।

शिविर में नवजात शिशु से संबंधित देखभाल के महत्वपूर्ण बिंदु जैसे उचित स्तनपान, शीत ऋतु में शिशु का रखरखाव, कम वजन के बच्चों के लिए कंगारू मदर केयर, हाथ धुलाई का महत्व, टीकाकरण के प्रति जागरूकता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्वास्थ शिविर से कई ग्रामीण जन लाभान्वित हुए। इस अवसर पर डॉ.पंकज दास रोहित, डॉ शाहबाज खान, एएनएम राधा विश्वकर्मा, आशा कार्यकर्ता गोमती साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुलोचना जैन, योग प्रशिक्षक ध्रुव प्रताप सोलंकी का विशेष सहयोग रहा।

# पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत सीईओ ने किया गणतंत्र दिवस फाइनल परेड का निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ खंडवा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन खंडवा में आयोजित परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों के तहत शुक्रवार को सिविल लाइन स्टेडियम में फाइनल रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय और जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन बी. गौड़ा ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रीय सलामी के साथ हुई। निरीक्षण वाहन से अलग-अलग प्लाटूनों का निरीक्षण किया गया। इसके बाद हर्ष फायरिंग की कार्यवाही हुई।



परेड में सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, होम गार्ड, महिला बल, एनसीसी और स्काउट एंड गाइड समेत कुल 11 प्लाटून शामिल थे। परेड का नेतृत्व निरीक्षक देवेंद्र सिंह परिहार और सूबेदार धरम सिंह जामोद ने किया। परेड का समापन पुलिस बैंड की धुन पर हुआ। शहर के छह स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। परेड में शामिल सभी कमांडरों का परिचय लिया गया, और पुलिस अधीक्षक ने बल को अनुशासित गणवेश और पंक्तिबद्ध मार्च के निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, एडीएम काशीराम बड़ोले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर, राजेश रघुवंशी, संयुक्त कलेक्टर अंशु ज्वाला, एसडीएम बजरंग बहादुर, नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर ने दिलाई शपथ



**अशोकनगर।** शुक्रवार को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मतदान के महत्व को रेखांकित करना था। शपथ ग्रहण समारोह में सभी उपस्थित लोगों ने लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखने और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सहभागिता का संकल्प लिया। कलेक्टर ने बताया कि कार्यक्रम मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।

## ब्रीफ न्यूज

### निगम अध्यक्ष ने किया नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष का स्वागत

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी का तुलसी नगर वार्ड स्थित नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के निवास पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी का शाल श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया ।इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री वृंदावन अहिरवार ने कहा कि श्याम तिवारी को सागर जिला भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पार्टी और मजबूत होगी।हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे।भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि मैं सभी का आभारी हूं पार्टी ने जो मुझे जो दायित्व सौंपा है उसका मैं पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा तथा सभी कार्यकर्ताओं के साथ हर समय खड़ा रहूंगा।उन्होंने निगम अध्यक्ष श्री वृंदावन अहिरवार को भव्य स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया,पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष चौबे ,विक्रम सोनी अंशुल परिहार ,बालकिशन सोनी पार्षद देवेंद्र अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि रामू ठेकेदार, नरेश धानक, कन्हई पटेल, वार्ड संयोजक बलराम राय ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निखिल अहिरवार बृजेश त्रिवेदी एवं समस्त बूथों के अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निगम आयुक्त ने नामांतरण के 165 प्रकरण स्वीकृत किए

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नामांतरण शाखा के 165 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की है।उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त द्वारा राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी को निर्देश दिए हैं कि नियत समय अवधि के भीतर नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण करने हेतु नस्ती प्रस्तुत करें।जिस कारण न्यायालयीन प्रकरणों को छोड़कर रजिस्टर्ड बैनामा के सभी नामांतरण को स्वीकृति प्रदान की जा रही है।नामांतरण शाखा में निगमायुक्त द्वारा की गई इस व्यवस्था के कारण प्रतिमाह जमा होने वाले प्रकरणों को समय सीमा के अंदर स्वीकृति प्रदान की जा रही है जिससे वर्तमान में कोई भी नामांतरण का प्रकरण लंबित नहीं है।

### अतिक्रमण हटाने को लेकर नरयावली थाना प्रभारी एवं तहसीलदार के नाम सौंपा ज्ञापन

**नरयावली(सागर)।** नरयावली ग्राम में बस स्टैंड पर समुदायिक स्वच्छता परिसर के पास सब्जी चार्ट एवं हाथ ठेले चाय की दुकान एवं कुछ लोगो द्वारा अतिक्रमण कर पक्की दुकाने बना ली गई है, जिससे सागर बीना मार्ग पर आए दिन जाम लगता है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।इसके पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस दिए जा चुके हैं जिनकी समय सीमा भी निकल चुकी है इसके बाद भी प्रशासन ने अतिक्रमण नहीं हटाया।शुक्रवार को ग्राम पंचायत के सरपंच छोटेलाल आदिवासी सचिव सुरेंबिद्र ठाकुर उपसरपंच सरपंच गुड्डा यादव एवं पंचायत के सभी पंच ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी एवं नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

**मोह रूपी अंधकार से, प्रकाश रूपी ज्ञान की ओर गुरु ले जाते हैं: राजेंद्र उपाध्याय**

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में पूर्व छात्र मिलन समारोह

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के उपलक्ष में समाज सुधार एवं राष्ट्र हित, संस्कार शिक्षा, विद्यालय की उन्नति, शैक्षणिक गतिविधि में उन्नयन, राष्ट्र में क्या हो रहा है इसके मनन चिंतन के लिए पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन मां सरस्वती जी के पूजन अर्चन से प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 20 स्व पोषित पूर्व छात्र भैया बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व छात्र बहन डॉक्टर शालिनी गुप्ता जेल मार्ग रीवा ने बताया कि शिशु मंदिर जैसी शिक्षा



किसी भी विद्यालय में नहीं दी जाती है।विशिष्ट अतिथि एमपीपीएससी में परिवहन विभाग में उप निरीक्षक पद पर चयनित पूर्व छात्र भैया विवेक ठाकुर ने बताया कि इस उपलब्धि में पूरा श्रेय शिशु मंदिर को जाता है शिशु मंदिर अन्य स्कूलों से भिन्न है। मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मोह रूपी अंधकार से, प्रकाश रूपी ज्ञान की ओर गुरु ले जाते हैं। संस्कार आशीष प्रदान करते हैं। जिससे हमें सब कुछ मिला है। जिला सचिव महेश अग्रवाल ने सुभाष चंद्र बोस जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज का, राष्ट्र का विकास कैसे हो यह हमारा चिंतन होना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री जी के पास आध्यात्मिक ज्ञान है। जिन्होंने कुंभ मैनेजमेंट में 305 करोड लोगों की व्यवस्था की है। योगी जी एवं मोदी जी ने ग्रंथो का गहन अध्ययन किया जिसके द्वारा ही मैनेजमेंट किया जा सकता है। आज का परिवर्तन ज्ञान की शक्ति है। यह हमारे प्रेरणा का स्रोत है। रामायण पाठ के कारण लोगों का जीवन सफल होता है।

महाभारत से विजय प्राप्त होती है। तथा निर्णय लेना व्यावहारिक रूप से बताया गया है। विभाग समन्वयक राजकुमार ठाकुर ने बताया कि सागर से 2022 में 10 भैया बहन एमपीपीएससी में स्थान बनाकर उच्च पदों पर चयनित हुए हैं। बीना से भैया शिवम दिक्षित नायब तहसीलदार, विवेक ठाकुर आरटीओ के पद पर चयनित हुए हैं।अतिथि परिचय एवं मंच संचालन भगत सिंह वार्ड विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र तिवारी द्वारा एवं स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य शरद पटेल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भैया सुरेंद्र राय,बहन कावेरी पटेल, अमित ताम्रकार ,नारायण सिंह परमार ने समाज सुधार, राष्ट्रहित एवं संस्कार शिक्षा पर अपनी-अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय परिवार एवं समिति की ओर से भैया विवेक ठाकुर को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। अंत में अतिथियों का आभार विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया द्वारा व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में बहन किरण ठाकुर, महेश दत्त तिवारी, आदित्य रंजन जैन, यशवंतराव आठले, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर, समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

**जिन पौधों को वृक्ष बनने में बरसों लगते हैं उन्हें चंद मिनटों में काटकर अलग कर दिया**

# बिना अनुमति वर्षों पुराने हरे भरे छायादार वृक्षों को काटा, अधिकारी जानकार भी बने रहे अंजान

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

शहर के नए बस स्टेंड के सामने सड़क किनारे खड़े वर्षों पुराने वृक्षों को नियमों को ताक पर रख कर मशीन से विना किसी से अनुमति लिए काट दिया गया है। लगभग आधा दर्जन वर्षों पुराने विशालकाय वृक्षों को काटते समय सभी प्रशासनिक अधिकारी देखते निकलते रहे। जानकारी अनुसार कुटी मंदिर बस स्टेंड के सामने रेलवे के ओवर ब्रिज का निर्माण चाल रहा है। दूसरी तरफ एक आलीशान कालोनी काटी जा रही है। उसी तरफ 1100 के व्ही को लाइन के खम्मे के लिए सड़क किनारे खड़े सरकारी हरे भरे वृक्षों की बलि बढ़ा दो गई।जबकि ठेकेदार के पास किसी भी प्रकार के आधिकारिक दस्तावेज नहीं थे। बिना एसडीएम और वन विभाग को अनुमति लिए काट दिया गया है। इसमें गौर करने वाली बात तो ये है कि इसी रस्ते से सारे प्रशासनिक अधिकारी लगातार निकलते रहते हैं। मगर किररी अधिकारी ने कटते शासकीय वृक्षों को देख यह पता करने की कोशिश नहीं है कि इन वृक्षों की कटाई वैद्य तरीके से हो रही है या नहीं। इससे मिलीभगत की बू आ रही है।एक के बदले दस पोधों को बुधः बनाकर देने पर अनुमति मिलती है।



सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार शासकीय कार्य में बाधा बन रहे वृक्षों को काटने की अनुमति एक वृक्ष के बदले 10 वृक्ष बनकर देने के लिखित इकरार के बाद ही वर्षों पुराने विशालकाय वृक्षों को काटने की अनुमति पर्यावरण विभाग और वन विभाग द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। मगर बीना के बस स्टेंड के सामने सड़?क किनारे खड़े वृक्षों को सभी नियम कानून को ताक पर रखा कर चंद मिनटों में काट दिया गया है।क्यों पहले पर्यावरण को सुरक्षा को लोकर पौधे रोपे गये थे, वो पेड़ बन चुके थे। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियो की उदासीनता से आज इनका नामो निशान मिट गया है। बस स्टेंड के सामने खिमलाला रोड पर वर्षों पुराने हरे भरे वृक्षों को काट दिया गया है। जिन्हें पौधे से वृक्ष बनने में वर्षों लगे थे।जिसके लिए वन विभाग, एसडीएम से अनुमति नहीं ली गयी है। सरकारी जमीन पर खड़े पेड़ काटे गये है। जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारी मौन है और जवाबतलब करने की जहमत भी नहीं उठा रहे है।

### विद्युत लाइन होना थी शिप्ट

खिमलासा रोड पर लोक निर्माण विभाग सेतु द्वारा ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। ब्रिज निर्माण में 11, 33 केबी सहित अन्य बिजली की लाइनें बाधा बन रही थीं। जिनको हटाने के लिए संबंधित विभाग द्वारा टेंडर किया गया। टेंडर होने के बाद लाइन शिफ्टिंग के पहले ब्रिज निर्माण में बाधा बन रहे पेड़ों की छंटाई की जानी थी। इसके लिए ठेकेदार सौरभ चंदेरिना द्वारा नगरपालिका, राजस्व, वन सहित अन्य विभागों में स्वीकृति हेतु पत्र दिया गया। बिना स्वीकृति मिले ठेकेदार ने कालोनाईजर से सेटिंग की और जल्दबाजी दिखाते हुए पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। ठेकेदार ने खिमलासा रोड स्थित बस स्टैंड के सामने सड़क किनारे लगे पेड़ों को सबसे पहले काटना शुरू किया। जबकि यह पेड़ सड़क के किनारे थे और इनकी कटाई की बहुत ज्यादा जरूरत नहीं थी। पेड़ों की छटाई करके भी काम चल सकता था। दो दर्जन के आसपास पेड़ काटे गए जानकारी अनुसार ठेकेदार सौरभ चंदेरिया ने खिमलासा रेलवे फाटक से लेकर बस स्टैंड के सामने तक लगभग दर्जन पेड़ों को जमीन से काट दिया। जबकि कुछ पेड़ों की छंटाई से काम चल सकता था।

#### इनका कहना है

**पेड़ों की कटाई के लिए किसी तरह की अनुमति नहीं होती है। जिसने भी पेड़ काटे है उसने गलत किया है। मैंने लोक निर्माण विभाग विद्युत शाखा के एसडीओ को बोला है, यह विधिवत नोटिस जारी कर पेड़ों की जब्ती कराएंगे और वन विभाग द्वारा कार्रवाई होगी। हम केवल पेड़ छंटाई के लिए अनुमति देते हैं। पेड़ों को काटना गलत है।**

**देवेंद्र प्रताप सिंह,**
एसडीएम बीना

# सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने सागर लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ सागर

सागर सांसद डॉ. लता गुड्डु वानखेड़े ने शुक्रवार को सागर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों में देरी और गुणवत्ता की कमी को लेकर संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को फटकार लगाते हुए कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।संत शिरोमणि रविदास मंदिर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश सांसद डॉ. वानखेड़े ने सबसे पहले मकरोनिया में बन रहे संत शिरोमणि रविदास मंदिर स्थल का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया और कार्य में पाई गई कमियों पर कलेक्टर को पत्र लिखने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की पूरी जानकारी स्थल पर फ्लेक्स बोर्ड लगाकर दी जाए ताकि लोगों को कार्य के बारे में जानकारी मिल सके। निर्माण एजेंसी को उन्होंने गुणवत्ता और समय सीमा का पालन करते हुए कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने मकरोनिया रेलवे स्टेशन का दौरा किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन



दिया। उन्होंने प्लेटफार्म पर लगी पुरानी फर्सियों को बदलने, सुरक्षा के लिए रेलवे स्टेशन पर जीआरपी या आरपीएफ चौकी स्थापित करने, डिस्प्ले बोर्ड लगाने और वेटिंग रूम बनाने जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के संबंध में रेलवे के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए । ओवरब्रिज निर्माण कार्य में देरी पर नाराजगी सांसद वानखेड़े ने मकरोनिया को शहर से जोड़ने वाले रेलवे फाटक क्रमांक 28 पर बन रहे ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उनके दिए गए आश्वासन अनुसार 31 मार्च तक ओवरब्रिज का निर्माण पूरा कर लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के कामों में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इसके साथ ही उन्होंने गेट नंबर 27 पर बन रहे ओवरब्रिज और सर्विस रोड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचने और कार्य की प्रगति से उन्हें नियमित रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए। मुख्य रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण और यात्री सुविधाओं में सुधार डॉ. वानखेड़े ने सागर मुख्य रेलवे स्टेशन का दौरा करते हुए अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने, फूड प्लाजा और आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक के निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

# कंजिया जन कल्याण शिविर में सरकारी अधिकारी और कर्मचारी रहे नदारत

## सरकार की योजनाओं पर अधिकारी कर्मचारी फेर रहे हैं पानी

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

केंद्र राज्य सरकार है हजारों करोड़ों रुपए जिन कार्यक्रमों के नाम पर विज्ञापनों में खर्च कर रहे हैं, उन कार्यक्रमों में सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों की रुचि समझ नहीं आ रही है।हाल ही में कंजिया में हुए जन कल्याण शिविर में रोजगार सहायक संतोष कुमार सचिव उदय सिंह ठाकुर और सबइंजीनियर आरके ओझा को छोड़कर अन्य अन्य कर्मचारी अधिकारी नजर नहीं आए और बड़े अधिकारियों ने इसमें कुछ भी रूचि नहीं दिखी सभी ने अपनी औपचारिकता निभाकर कार्यक्रम को खत्म किया आवेदन 26 प्राप्त हुए जिसमें किसी भी व्यक्ति को सही उत्तर देने वाला कोई अधिकारी मौजूद नहीं था।अपने आवेदनों की निराकरण से असंतुष्ट रहने वाले हरिशंकर मुलायम यादव मरियंबी शाहिदन वी जो एक



निराश्रित है कई महीनो से उन्हें राशन नहीं मिल रहा है।मरियंबी की पेंशन आधार कार्ड किसी गलत खाते में लिंक कर देने के कारण बंद कर दी गई है। जबकि तहसील का नायब तहसीलदार और भी उच्च अधिकारियों की उपस्थिति क्षेत्र में थी लेकिन शिविर में नहीं पहुंचे।कभी भी उद्यान की वन विभाग महिला बाल विकास अधिकारी कृषि अधिकारी और कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीना भी नहीं पहुंचे।इस संबंध में शहजाद हुसैन का कहना है कि में लगभग ढाई साल से इस पंचायत का उप सरपंच है लेकिन आज दिन तक ऐसे शिवरो में अधिकारियों की उपस्थिति नहीं देखी है मात्र औपचारिकताएं निभाई जाती है।

**0000** **संविधान की रक्षा के लिए 27 जनवरी को कांग्रेस कार्यकर्ता अंबेडकर नगर में जुटेंगे**

# भाजपा की नीति और नीयति की पोल खोली जायेगी: प्रभु सिंह ठाकुर

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

जय वापू, जय भीम और जय संविधान का शुभारम अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा आगामी 27 जनवरी से बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मस्थली महू से किया जाएगा।इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़के, महासचिव राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी,पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के दिग्गज नेता शामिल रहेंगे। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव प्रभु सिंह




ठाकुर ने बताया।आगे बताया कि यह अभियान साल भर चलेगा । इस संविधान के तहत संविधान को बचाने की पहल की जायेगी। 17 दिसंबर को लोकस?भा में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि अंबेडकर,अंबेडकर,अंबेडकर यह फैशन हो गया है। इससे बाबा साहेब अंबेडकर का और संविधान का अपमान हुआ है। इसको लेकर हर गांव, गली, मोहल्ले, ब्लॉक और जिले में सभाओं का आयोजन करके भाजपा की नीति और नीयति की पोल खोली जायेगी। संविधान की रक्षा कैसे हो इस पर चिंतन मनन किया जायेगा।यह बात शुक्रवार को बीना, मंडी बामोरा, खिमलासा मैं आयोजित बैठकों के द्वारा कही।कांग्रेस के सह प्रभारी मनोज कपूर ने कहा कि संघ वालों ने संविधान का अपमान किया है। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ।आजादी के लिए लाखों युवाओं ने जान दी और जेल गए। इसके बाद असली आजादी अब बताई जा रही है। इससे संविधान का अपमान हुआ है। लोकसभा चुनाव के पहले नारा दिया जा रहा था कि अबकी बार 400 के पार और नतीजे आने के बाद पता चला कि 240 में ही सिमट कर रह गए। संविधान बचाने की लड़ाई कांग्रेस लड़ रही है।

### ज्वलंत समस्याओं में ध्यान भटका रही भाजपा

पी पी नायक ने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई जैसे ज्वलंत मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा नाटक कर रही है आम आदमी को कैसे योजनाओं का लाभ मिले। 21 वीं सदी में देश का चहुमुखी विकास कैसे हो इसका चिंतन करने के बजाय ऐसे विचार व्यक्त किये जा रहे हैं। जिससे देश में शांति भंग हो रही है।इस अवसर पर विशेष रूप से जिला संगठन मंत्री पी पी नायक, इंदर सिंह ठाकुर,शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर युवक कांग्रेस अध्यक्ष शालू बिलगैया, सेवादल अध्यक्ष ओमप्रकाश पासु, शहर से सेवादल अध्यक्ष प्रमोद राय, डॉ ओमप्रकाश कैथोरिया,अशोक परिहार, खुर्रम कुरैशी, मनोज केथोरिया, विक्रांत गोलंदाज, शिवकुमार चढ़ार, सत्यपाल पटेल, पीयूष तिवारी, विजय सिंह ठाकुर, खुशी लाल अहिरवार, एडवोकेट कृष्ण केथोरिया, शिवानी बौद्ध आदि उपस्थित थे।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर का अति पिछड़ा वर्ग समाज का फार्मूला मध्य प्रदेश सरकार भी लागू करें:-राजेंद्र सेन

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

ऑल इंडिया सेन जी महासंघ ट्रस्ट शाखा बीना म प्र द्वारा 24 जनवरी 2025 श्री अरविंद सेन मासाहब के निवास पर जन–जन के गरीबों के नेता पूर्व मुख्यमंत्री बिहार भारत रत्न स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी की 101वीं जयंती श्रृद्धांजलि पुष्प माला पुष्प सुमन अर्पित कर मनाईं गई इस जन्म दिवस कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार सेन रज्जु मुख्य अतिथि काशीराम सेन अध्यक्षता विशेष अतिथि बैनी प्रसाद जी सेन ब्रजमोहन सेन थे। रज्जु भैया ने कहा जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का अति पिछड़ा वर्ग समाज का फार्मूला तमिलनाडु एवं बिहार प्रदेश सरकार लागू करें है मध्यप्रदेश सरकार वह फार्मूला लागू कर कामगार आयोग का गठन करें जिससे गरीब अतिपिछड़ों को लाभ प्रदान हो भारत रत्न स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी ने जातिगत राजनीति से ऊपर उठकर इस महापुरुष ने देश ही नहीं विदेशों में अपनी ईमानदारी का लोहा मनवाया। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी राष्ट्रपति जी भारत सरकार का स्व.कर्पूरी ठाकुर जी को मरणोपरांत 30मार्च2024को भारत रत्न सम्मानित किया अरविंद सेन एवं बीना सेन समाज आभार व्यक्त करती है आभारकर्ता राजूसेन ब्लॉक अध्यक्ष केशव सेन तहसील अध्यक्ष दीपक सेन युवाध्यक्ष रामकृष्ण सेन विनोद सेन मनोहर सेन मेहरबान सेन द्रेवेन्द सेन राकेश सेन रूपकिशोर सेन बालकिशन सेन आदि रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### धोनी ने दोस्त की नई कार पर दिया ऑटोग्राफ

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने अलग ही अंदाज के लिए जाने जाते हैं। धोनी अपने दोस्तों के साथ भी कई बार समय बिताते हुए दिखते हैं। धोनी ने अब अपने दोस्त की नई कार पर अपना ऑटोग्राफ दिया। धोनी के दोस्त कुणाल षाड़ंगी नई महिंद्रा थार खरीदकर धोनी के फार्म हाउस जा पहुंचे। धोनी ने उनकी नई कार की सीट पर ऑटोग्राफ देकर उनकी खुशी और बढ़ा दी। धोनी के दोस्त ने इसके तस्वीरें भी साझा की हैं। धोनी के इस अंदाज से महिंद्रा समूह के प्रमुख आनंद महिंद्रा भी अभिभूत हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, एक कार अक्सर वह कैनवास होती है, जिस पर हम दुनिया घूमने और जीवन को खोजने की अपनी आकांक्षाएं चित्रित करते हैं और यह थार रॉक्स उस शख्स के हस्ताक्षर से सज गई, जो आर्ट ऑफ लिविंग में निपुण है।

### बांग्लादेश प्रीमियर लीग में दर्शकों ने गेंद छिपायी

**ढ़ाका।** बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खुलना टाइगर्स और सिलहट स्ट्राइकर्स के बीच हुए मैच में एक अजीब घटना हुई। इस मैच में एक दर्शक ने गेंद ही छिपा ली। जिसे बड़ी मुश्किल से पुलिस ने बरामद किया। इस मैच में बल्लेबाजी करते हुए मेहदी हसन मिराज ने एक शॉट लगाया था जिसपर गेंद दर्शक दीर्घा में जा गिरा। गेंद गिरते ही भीड़ इकट्ठी हो गयी। मैदान में खिलाड़ी गेंद वापस आने का इंतजार करते रहे पर दर्शकों ने गेंद नहीं फेंकी। जब समय हो गया तो पुलिसकर्मियों ने हस्ताक्षेप कर गेंद ली। इस घटना का एक वीडियो भी जमकर वायरल हुआ है। इस मैच में सिलहट की पारी के दौरान पहले ही ओवर में रोनी का विकेट गिरा पर इसके बाद मुनसे और जाकिर हसन ने पारी संभाल और स्कोर 75 तक पहुंचा दिया। मुन्से ने 32 गेंदों पर 6 चौके और 4 छक्कों की सहायता से 58 रन बनाए जबकि जाकिर ने 32 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 44 रन बनाये। जिससे स्कोर 152 तक पहुंच। इसके बाद खुलना ने भी लक्ष्य की शुरुआत करते हुए अच्छी बल्लेबाजी की। कप्तान मिराज ने 50 गेंदों पर 8 चौके और 2 छक्कों की मदद से 70 रन बनाए जबकि मोहम्मद नेम ने 17 गेंदों पर 20 रन बनाए। महिदुल इस्लाम अंकोन ने 17 और विलियम ने 19 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

### जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल से हटे, ज्वेरेव फाइनल में पहुंचे

**मेलबर्न।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच मांसपेशियों में खिंचाव के कारण जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के पुरुष एकल सेमीफाइनल से हटा गये हैं। जोकोविच पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से हारे। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और फिर मैच से हट गये। ऐसे में ज्वेरेव आसानी से फाइनल में पहुंच गये हैं। जोकोविच को कार्लोस अल्कराज के खिलाफ हुए क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान ही पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था जिसका दर्द एक बार फिर मैच में उभर गया। सर्बियाई खिलाड़ी ने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद वह कोर्ट से बाहर चले गए।



वेल्स में फुटबॉल लीग मुकाबले में खेलते हुए वरहेक्सेम और बरमिंघम सिटी के खिलाड़ी।

# भारतीय टीम दूसरे टी20 में जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी

एजेंसी ■ चेन्नई

भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले टी20 में अभिषेक शर्मा की शानदार बल्लेबाजी और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी से जीत हासिल की थी। इससे वह पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। अब अभिषेक इस मैच में भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वहीं इस मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अवसर मिलना भी तय माना जा रहा है। शमी पहले मैच में शामिल नहीं किये गये थे। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी हालांकि यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। शमी को अंतिम ग्याहर में जगह मिली तो स्पिनर रवि बिश्नोई को आराम दिया जा सकता है। बिश्नोई ने पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 4 ओवर फेंके थे. इस दौरान 22 रन दिए थे. लेकिन एक भी विकेट नहीं ले पाए थे. ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी पर चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक सहायता मिलने की संभावना है। ऐसे हालातों में वरुण चक्रवर्ती के अलावा उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को भी अंतिम ग्याहर में जगह मिलन तय माना जा रहा है। दूसरी ओर इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे। अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी और इस बार भी दोनों एक बार फिर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने के इरादे से उतरेंगे। सैमसन पहले मैच में लंबी पारी नहीं खेल पाए थे पर अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रनों की आक्रामक पारी खेल थी। सैमसन का लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना रहेगा। भारतीय टीम की बल्लेबाजी कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलाव नितीश रेड्डी और तिलक वर्मा पर आधारित रहेगी।

दूसरी ओर इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा कि उनकी टीम को सीरीज में वापसी करने के लिए आक्रामक खेल खेलते हुए भारतीयच टीम पर दबाव बनाये रखना होगा।




#### दोनो संभावित टीमें भारत

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), फिल साल्ट (विकेट कीपर), बेन डकेट, हैरी ब्रुक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

## जडेजा की शानदार गेंदबाजी से सौराष्ट्र ने दिल्ली को 10 विकेट से हराया

एजेंसी ■ नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी में दिल्ली की टीम को सौराष्ट्र के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा है। सौराष्ट्र ने दूसरे दिन के खेल में ही 10 विकेट से दिल्ली पर शानदार जीत हासिल की। इस मैच में दिल्ली की ओर से खेल रहे ऋषभ पंत भी दोनो ही पारियों में विफल रहे। ऋषभ दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा की गेंद पर आउट हुए। इस मैच में जडेजा ने कुल 12 विकेट लिए। दिल्ली ने आयुष बदोनी के 60 रनों की सहायता से पहली पारी में सिर्फ 188 रन बनाए थे। ऋषभ पहली पारी में 1 रन बनाकर धर्मेंद्र सिंह जडेजा की गेंद पर पेवेलियन लौटे। वहीं पहली पारी में सौराष्ट्र ने हार्विक देसाई की शानदार 93 रन की पारी की सहायता से 271 रन बनाए। इस प्रकार उसे 83 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में दिल्ली की टीम केवल 94 रन ही बना पायी। ऋषभ ने इस पारी में 26 गेंदों में 17 रन बनाये। वह रवींद्र जडेजा की गेंद पर आउट हुए। ऋषभ के अलावा दिल्ली के लिए सबसे अधिक रन आयुष बदोनी ने 44 बनाए। दिल्ली ने सौराष्ट्र को 11 रन का लक्ष्य दिया जिसे सौराष्ट ने 3.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। जडेजा ने दिल्ली के खिलाफ पहली पारी में कुल 5 विकेट अपने नाम किए थे वहीं, दूसरी पारी में 7 विकेट अपने नाम किए। इस तरह उन्होंने कुल 12 विकेट लिए। .

## नकली दाड़ी और मूंछ लगाकर एसए 20 लीग मुकाबले देखने पहुंचे डिविलियर्स



एजेंसी ■ जोंहांसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के स्टार खिलाड़ी एबी डिविलियर्स एक अलग ही अंदाज में नजर आये हैं। डिविलियर्स यहां टी20 लीग एसए 20 मुकाबले देखने के लिए नकली दाड़ी और मूंछ लगाकर पहुंचे। इससे उन्हें पहचानना कठिन हो गया। डिविलियर्स ने अपनी पत्नी के साथ ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो भेजकर लिखा, मैं ग में भेष बदलकर, एक प्रशंसक के रूप पहुंचा।

वहीं इससे पहले उन्होंने क्रिकेट मैदान में वापसी की भी इच्छा जतायी थी। उन्होंने हालांकि से नहीं बताया वह कम वापसी करेंगे पर कहा कि वह ऐसे मुकाबले खेलना चाहते हैं जो आनंद के लिए हों और उनमें आईपीएल और एस20 जैसा दबाव न हो। डिविलियर्स ने कहा कि 'मैं जल्द ही क्रिकेट खेल सकता हूं हालांकि, अभी कुछ भी तय नहीं है।' इस दौरान उन्होंने ये भी साफ किया कि अब वह अंतरराष्ट्रीय या कोई पेशेवर क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हैं। वह दक्षिण अफ्रीका के लिए आईपीएल में नहीं खेलेंगे। उन्होंने कहा कि मैं आरसीबी या द अफ्रीका टूर या किसी सीरियस खेल की बात नहीं कर रहा हूं। मैं किसी ऐसे जगह खेलना चाहता हूं, जहां मजे कर सकूं और जिससे मेरे बच्चों को भी खुशी मिले।

डिविलियर्स ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 114 टेस्ट मैच में 50.66 की औसत से 8765 रन बनाए हैं जिसमें 22 शतक और 46 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं 228 एकदिवसीय मुकाबले में वो 53.50 की औसत से 9577 रन बनाने में विफल रहे। उनके एकदिवसीय में 25 शतक और 53 अर्धशतक हैं। 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय में वह 26.12 की औसत और 135 के स्ट्राइक रेट से 1672 रन बना चुके हैं।

## 14,505 गेंदों के साथ लिखा, 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम

### एमसीए का नाम 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

एजेंसी ■ मुंबई

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के नाम अब एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के अवसर पर एमसीए ने 14,505 गेंदों के साथ ही सबसे बड़ा वाक्य बनाकर विश्व रिकार्ड बनाया है। इससे एमसीए का नाम गिनीज बुक में दर्ज हो गया है। एमसीए ने सबसे बड़े वाक्य के लिए 14,505 लाल और सफेद गेंदों का इस्तेमाल किया। वानखेड़े स्टेडियम देश के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक मान जाा है और इसमें से कई स्टार खिलाड़ी निकले हैं। इसी स्टेडियम में भारत ने दूसरी बार विश्वकप अपने नाम किया। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद क्रिकेट गेंदों का उपयोग करके क्रिकेट गेंद से सबसे बड़ा वाक्य 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम बनाकर 'गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि वानखेड़े में पहले टेस्ट मैच की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह अविश्वसनीय उपलब्धि स्वर्गीय एकनाथ सोलकर और मुंबई के अन्य पूर्व खिलाड़ियों की स्मृति को समर्पित है जिन्होंने पूर्व में मुंबई क्रिकेट के लिए समर्पित होकर खेला है।



यह रिकॉर्ड 1975 में 23 से 29 जनवरी तक भारत और वेस्टइंडीज के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले अंतरराष्ट्रीय मैच की सालगिरह पर बनाया गया। सोलकर ने इस मुकाबले में शतक बनाया था। एसमीए ने कहा कि एमसीए इस रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए इस्तेमाल की गई गेंदों को शहर के स्कूलों, क्लबों और गैर सरकारी संगठनों के उभरते हुए क्रिकेटरों को देगा जिससे उन्हें भी बेहतर प्रदर्शनक की प्रेरणा मिल सके।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे में फ्लिंटॉफ के सामने बेटे ने शतक लगाया

**ब्रिस्बेन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ ने ऑस्ट्रेलिया दौरें में धमाकेदार शतक लगाया है। रॉकी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में इंग्लैंड लायंस की ओर से खेलते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ तेजी से शतक लगाया है। उन्होंने यह रिकार्ड ब्रिस्बेन में बनाया। रॉकी ने यहां 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 127 गेंदों पर 108 रन बनाये। उन्होंने अपनी इस पारी में 6 छक्के और 9 चौके लगाये। इस दौरान उनके पिता एंड्रयू फ्लिंटॉफ भी उपस्थित थे। वहीं इंग्लैंड लायंस का स्कोर 7 विकेट पर 161 रन था। इसके बाद रॉकी ने शानदार बल्लेबाजी कर अपनी टीम को 316 रन तक पहुंचाया।

रॉकी इससे इससे पहले वाले मुकाबले में विफल रहे थे। तब उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ पहली पारी में 19 जबकि दूसरी पारी में 4 रन ही बनाए थे। इंग्लैंड लायंस वह मैच 7 विकेट से हार गई थी।

## अलग हो सकते हैं सहवाग और आरती

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग और उनकी पत्नी आरती अहलावत के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। शादी के 20 साल बाद इस जोड़े के अलग होने की भी चर्चाएं हैं। ये आशंकाएं इसलिए भी जोर पकड़ रही हैं क्योंकि ये दोनो आजकल अलग रहे रहे हैं। इसके अलावा दोनो ने ही सोशल मीडिया में भी एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। सहवाग और आरती के दो बेटे हैं। दिवाली की तस्वीरें सहवाग ने अपने बेटों और अपनी मां के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की थी पर इसमें आरती शामिल नहीं थी। वहीं दो सप्ताह पहले सहवाग ने पलक्कड़ में विश्व नागयक्षी मंदिर का दौरा किया और यात्रा की तस्वीरें भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा कीं हैं। सहवाग और आरती ने हालांकि अभी तक इसको लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है। इन दोनो ने ही प्रेम विवाह किया था और उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा आर्यवीर 17 साल के जबकि



वेदांत 14 साल का है। सहवाग की पत्नी आरती ने दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी कॉलेज से कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा पूरा करने से पहले लेडी इरविन सेकेंडरी स्कूल और भारतीय विद्या भवन में अपनी शिक्षा हासिल की है।

दोनों के बीच पहली मुलाकात पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के आवास पर एक शादी समारोह में हुई थी। इसके बाद से ही दोनो के बीच मुलाकातें बढ़ने लगीं और ये दोनो ही शादी तक पहुंच गये। सहवाग दूसरे क्रिकेटर हैं जिनके तलाक की चर्चाएं चल रही हैं। इससे पहले यजुवेन्द्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के बीच भी तलाक की खबरें आईं थीं।

### भारत- ऑस्ट्रेलिया का कोई क्रिकेटर शामिल नहीं

## आईसीसी की साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित, असलंका बने कप्तान

एजेंसी ■ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ टीम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के किसी क्रिकेटर के शामिल नहीं होने से सभी हैरान हैं। इस टीम में श्रीलंका के चार खिलाड़ी और अफगानिस्तान और पाकिस्तान के तीन-तीन क्रिकेटरों को जगह मिली है श्रीलंका के चरित असलंका को इसका कप्तान बनाया गया है। आईसीसी ने शुक्रवार 24 जनवरी को यह टीम जारी की। इस टीम में पाकिस्तान



की टीम के सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ को शामिल किया गया है जबकि अफगानिस्तान से रहमानुल्लाह गुरबाज, अजमतुल्लाह ओमरजई और अल्लाह गजनफर को जगह मिली है। वहीं इसमें श्रीलंका के चार खिलाड़ियों पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका और वानिंदु हसरंगा को भी शामिली किया गया है जबकि वेस्टइंडीज से शेरफेन रदरफोर्ड को इसमें जगह मिली है।

इसके कप्तान बनाये गये असलंका अगस्त 2024 में भारत के खिलाफ टीम को मिली जीत के समय श्रीलंका के कप्तान थे। उन्हें आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर 2024 का कप्तान बनाया गया है। वहीं 17 मैचों में 742 रन बनाकर श्रीलंका के कुसल मेंडिस ने 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारतीय टीम ने साल 2024 में केवल तीन वनडे मैच खेले, जिसके कारण कोई भी भारतीय खिलाड़ी आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर 2024 में जगह नहीं बना पाया। भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड का भी कोई खिलाड़ी इस टीम में नहीं है। आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर 2024ः चरित असलंका (श्रीलंका), सैम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्ट इंडीज), अजमतुल्लाह ओमरजई (अफगानिस्तान), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ (पाकिस्तान), अल्लाह गजनफर (अफगानिस्तान)।

## रणजी में गुजरात के सिद्धार्थ ने 9 विकेट लेकर बनाया रिकार्ड

एजेंसी ■ मुम्बई

रणजी ट्रॉफी के दूसरे सत्र में गुजरात के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई ने सबसे ज्यादा विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। सिद्धार्थ ने उत्तराखंड के खिलाफ चल रहे मुकाबले में 9 विकेट लिए विरोधी उसे केवल 111 रनों पर ही आउट कर दिया। सिद्धार्थ ने केवल 36 रन देकर 9 विकेट लिए। वह हालांक 10 नहीं ले पाये। देसाई ने 15 ओवर में 5 मेडन फेंकते हुए 2.40 के इकोनॉमी रेट से रन दिए। यह रणजी ट्रॉफी इस वर्तमान सत्र का अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्पैल है। यह गुजरात के एक गेंदबाज के लिए भी सबसे अच्छा आंकड़ा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड राकेश ध्रुव के नाम था, जिन्होंने साल 2012 में सौराष्ट्र के खिलाफ 31 रन देकर 8 विकेट लिए थे। एक पारी में सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों के मामले में देसाई से अब केवल दो खिलाड़ी अंशुल कंबोज और अंकित चव्हाण हैं। अंशुल ने 10 विकेट लिए थे जबकि अंकित ने 23 रन देकर 9 विकेट लिए थे। इस प्रकार पहले दिन का खेल खत्म होने तक गुजरात ने 79 रन की बढ़त हासिल कर ली थी।

सत्ता सुधार

प्रयागराज। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने सनातन बोर्ड के गठन की मांग तेज कर दी है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि वह महाकुंभ में दक्षिणा के रूप में पीएम मोदी और सीएम योगी से सनातन बोर्ड लेंगे। पुरी ने प्रयागराज धर्म संसद को लेकर भी अपनी बात रखी। इसके आयोजन की पूरी रूपरेखा उन्होने मीडिया के सामने साझा की।



## उपचुनावः गरजे सीएम योगी, स्थानीय नेताओं को भी दे गए संदेश

# यूपी : मिल्कीपुर में ना जातिवाद-ना परिवारवाद, इस बार सिर्फ राष्ट्रवाद

## माफिया-डकैतों को बड़े पद देती थी सपा, हम उन्हें भेज रहे जहन्नुम

## सीएम योगी जैसे ही मंच पर पहुंचे लगे जय श्रीराम के नारे

## मुख्यमंत्री ने भाषण का प्रारंभ महाकुंभ का जिक्र कर किया, महाकुंभ में 10 करोड़ लोगों ने बिना भेदभाव के किया स्नान

### सपा ने एक साल पहले प्राण प्रतिष्ठा का भी विरोध किया था

सत्ता सुधार ■ अयोध्या

अयोध्या के मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव पर सभी की निगाहें गड़ी हैं। बीजेपी और समाजवादी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। शुक्रवार को बीजेपी के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में योगी ने समाजवादी पार्टी और उनके प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए एक नया नारा दिया- ना जातिवाद, ना परिवारवाद, इस बार सिर्फ राष्ट्रवाद। वहीं, दूसरी तरफ नाबालिग बच्ची से रेप के आरोपी सपा नेता मोईद खान के मुद्दे पर भी सीएम ने सपा को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार के समय जितना बड़ा माफिया होता था, उसको उतना बड़ा ओहदा मिल जाता था। यही तो इनकी पहचान थी। सीएम की इस रैली के बाद बीजेपी के कार्यकर्ता से लेकर बड़े पदाधिकारी तक उत्साहित हैं। उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव में जीत का दावा किया है।

**परिवारवादी लोग जातिवाद के नाम पर समाज को तोड़ रहे**



**योगी ने साधा जातिगत समीकरण-** सीएम योगी ने रैली के माध्यम से मिल्कीपुर में जातिगत समीकरण को जहां साधने की कोशिश की। वहीं दूसरी तरफ पार्टी के स्थानीय नेताओं के विरोध को भी खत्म किया। मंच पर जहां एक तरफ मिल्कीपुर से पूर्व विधायक और इस बार टिकट के प्रबल दावेदार बाबा गोरखनाथ नजर आए तो वहीं दूसरी तरफ ब्राह्मण वोट बैंक का चेहरा कहे जाने वाले पूर्व विधायक खब्बू तिवारी भी दिखाई पड़े। सीएम योगी ने मंच से कहा कि एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं।

### हमें सरयू मैया पर विश्वास

योगी ने कहा कि आज भी इस इलाके का नाम हैरिंगटनगंज है। यहां का नाम किसी स्वामी रामदेव के नाम पर या फिर विष्णु नगर क्यों नहीं हो सकता है। हम गुलामी की मानसिकता लेकर कब तक आगे बढ़ते रहेंगे। हम तो राम की परंपरा पर विश्वास करने वाले हैं। हम कृष्ण की परंपरा पर विश्वास करने वाले हैं। हम बाबा विश्वनाथ और में सरयू मैया पर विश्वास करने वाले लोग हैं। सपा का वश चलता तो अयोध्या नाम को भी खत्म कर दिया जाता।

### सपा के राज में नहीं निकलती थीं बेटियां

योगी ने कहा कि भाजपा की सरकार में कानून का राज स्थापित हुआ है। लोग सुरक्षित महसूस करते हैं। व्यापारी सुरक्षित महसूस करते हैं। सपा की सरकार में बेटियां सड़क पर नहीं निकल सकती थीं। व्यापारियों को लूट लिया जाता था। लोगों की संपत्ति पर भूमाफिया कब्जा कर लेते थे और जो जितना बड़ा डकैत उसे उतना बड़ा ओहदा दिया जाता था पर अब माफियाओं को जहन्नुम भेजा जा रहा है। अयोध्या का विकास हो रहा है।

### सपा ने सरयू के जल को खून से किया था लाल

दूसरी तरफ सपा के लोग महाकुंभ के बारे में दुष्प्रचार कर जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ये वही सपा है जिसने अपनी सरकर में सरयू के जल को रामभक्तों के खून से लाल कर दिया था। ये परिवारवादी लोग जातिवाद के नाम पर समाज को तोड़ने का काम करते हैं। बीजेपी में परिवारवाद नहीं विकासवाद और राष्ट्रवाद है। योगी ने दो टूक कहा कि मिल्कीपुर की जनता-जनार्दन ने परिवारवाद को प्रश्रय देने वाली सपा को खारिज करने का मन बना लिया है। यहां चहुंओर सुशासन, समृद्धि एवं विकास का कमल खिलने जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### सफाईकर्मी के भतीजे और भांजे की गला रेतकर हत्या

**गोरखपुर।** गोरखपुर में सहजनवा के भक्सा गांव के बाहर सफाईकर्मी के भतीजे और भांजे की गला रेत कर हत्या कर दी गई। शुक्रवार की दोपहर में शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बच्चों की पहचान अभिषेक (14) और प्रिंस (11) के रूप में हुई। दोनों के हाथ और पैर बांधा कर गला रेता गया था। गुरुवार की शाम से दोनों बच्चे लापता हुए थे। देर शाम तक उनका पता न चलने पर घरवालों ने तलाश शुरू की थी। हत्या क्यों की गई है अभी इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। दोनों बच्चे के शव निर्वस्त्र हाल में थे, उनके साथ कुकर्म की भी आशंका जताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कर्तव्य शुरू कर दी है।

### नीट की तैयारी करने वाली छात्रा से दुष्कर्म

**वाराणसी।** वाराणसी में लंका थाना क्षेत्र में हॉस्टल में रह कर मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाली एक छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि छात्रा को परिचित युवक मिलने के लिए बुलाकर नशीला पेय पदार्थ पिलाया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। छात्रा की शिकायत पर लंका थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता छात्रा ने लंका थाने की पुलिस को बताया कि वह भोंगाबीर स्थित एक हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी करती है। राज जान को वह जानती थी। राज जान ने उसे फोन कर मिलने के लिए एक पेईंग गेस्ट हाउस में बुलाया। जब वह वहां गई तो राज जान ने उसे नशीला पेय पदार्थ पिला दिया। इसके बाद उसे कुछ समझ में नहीं आया। ऐसा एहसास हुआ कि राज जान द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। राज जान ने उसके दुष्कर्म का वीडियो भी बनाया है। उसने धमकी दी है कि यदि वह दुष्कर्म की शिकायत पुलिस से की तो उसका वीडियो यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल कर देगा।

### गुरूकुल आचार्य को बदमाशों ने पीटा, हाथ-पैर बांधकर सड़क पर फेंक गए, पुलिस ने शुरू की जांच

**अलीगढ़।** चार बदमाशों ने गुरूकुल के आचार्य को पीटकर बेहोश कर दिया। हाथ-पैर बांध कर सड़क पर फेंक गए। थाने में तहरीर प्राप्त होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गंगीरी के नीम नदी तट स्थित गुरूकुल में 23 जनवरी की रात एक बजे के करीब आचार्य गंगादयाल शौच कर आ रहे थे, तभी चार बदमाशों ने आचार्य को पकड़ लिया। बदमाशों ने उन्हें पीटा, जिससे वह बेहोश हो गए। बदमाश उनके हाथ-पैर बांध कर गुरूकुल से बाहर तक खींच कर ले जा रहे थे। आचार्य की चिल्लाने की आवाज सुनकर गुरूकुल के छात्रों ने डंडा लेकर बदमाशों का पीछा किया।

# जिस सेक्टर में नहाएंगे लोग वहीं से भेजा जाएगा वापस

## मौनी अमावस्या के लिए प्रशासन का रोडमैप तैयार

सत्ता सुधार ■ प्रयागराज

प्रयागराज। महाकुंभ में मौनी अमावस्या अमृत स्नान के अवसर पर श्रद्धालुओं के सुचारू यातायात और सुरक्षित मूवमेंट के लिए मेला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए मेला प्रशासन ने सेक्टर लेवल पर श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जिस सेक्टर या जोन में श्रद्धालु आ रहे हैं उसी सेक्टर या जोन से उन्हें वापस भेजा जाए। किसी भी सूरत में उन्हें संगम नोज या किसी अन्य जोन में न जाने दिया जाए। सभी एडीएम, एडिशनल एसपी, सीओ, एसडीएम और सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके कार्यक्षेत्र में रहकर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मौनी अमावस्या महाकुम्भ का सबसे प्रमुख पर्व है। महाकुम्भ में।सारी व्यवस्थाएं इसी पर्व को ध्यान में रखकर की जाती हैं। इस बार योगी सरकार ने महाकुम्भ को पहले से कहीं भव्य और दिव्य बनाने का जो प्रयास किया है, उसको देखते हुए भरी संख्या में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की प्रयागराज में मौजूदगी की संभावना है। सभी को सुविधा के साथ सुगम स्नान कराना मेला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी को देखते हुए निर्देश दिए गए हैं कि हर सेक्टर और जोन में आने वाले श्रद्धालु अपने गंतव्य स्थान पर उसी जोन से प्रस्थान करें।



### पांच फरवरी को महाकुंभ में स्नान करेंगे पीएम

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भी लगाएंगे डुबकी**



इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाली 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करेंगे। उनका कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इसी दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी त्रिवेणी में डुबकी लगाएंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही पार्टी के कई नेता व पदाधिकारी भी स्नान करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर महाकुंभ में अव्यवस्था होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि मौनी अमावस्या पर होने वाले स्नान से पहले सरकार सभी तैयारी पूरी करे। तीन फरवरी के बाद कांग्रेस नेता महाकुंभ में डुबकी लगाने जाएंगे।

### 12 किमी लंबे घाट का निर्माण

संगम नोज या अन्य जोन पर 27-29 जनवरी को मूवमेंट कम से कम रखा जाए। लोगों की सुविधा के लिए 12 किमी लंबे घाट का निर्माण किया गया है। उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है कि जिस घाट पर वो पहुंच रहे हैं, वहीं स्नान करें और फिर वहीं से वापस लौट जाएं। घाटों पर भीड़ न जमा हो, इसके लिए इवैक्युएशन गैंग तैयार की जाएगी। घाटों से भीड़ की सुरक्षित निकासी प्राथमिकता होगी।

# महाकुंभ में अब साधु-संत भी करेंगे 'मन की बात'

### पीठाधीश्वरों को मिलेगा विचार रखने का मौका

सत्ता सुधार ■ प्रयागराज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चर्चित कार्यक्रम मन की बात की तर्ज पर प्रयागराज महाकुंभ में साधुओं के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में सनातन धर्म के प्रमुख विषयों और योगी सरकार के दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के विभिन्न विषयों को केंद्र में रखकर साधु संत अपनी बात रखेंगे। प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर आयोजित हो रहे महाकुम्भ में हर तरफ भक्ति , मुक्ति और तत्व ज्ञान की बातों की चर्चा है। इस विचार मंथन को वृहद स्वरूप प्रदान करने के लिए महाकुम्भ में पहली बार साधु संतों के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रवक्ता श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महा मंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद बताते हैं कि महा कुम्भ के सेक्टर 20 में हरि धाम सनातन सेवा ट्रस्ट में इस कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगा।

#### कंप्यूटर बाबा भी होंगे शामिल

सन्यासी, बैरागी और उदासीन सभी अखाड़ों के प्रमुख संतों के अलावा सभी हिन्दू सम्प्रदायों के साधु संत हिस्सा लेंगे। इसमें तपोनिधि श्री पंचायती अखाड़ा आनंद के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी, श्री पंच दशनाम अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी, महा मंडलेश्वर कनकेश्वरी देवी, श्री पंच दिगम्बर अनी अखाड़े के श्री महंत माधवदास, शनि धाम पीठाधीश्वर महा मंडलेश्वर परमहंस दाती महराज, श्री शंभू पंच -अग्नि अखाड़े के संपूर्णानंद ब्रह्मचारी, श्री दिगम्बर अखाड़े के महा मंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा प्रमुख हैं।



### साधु-संतों के संकल्पों पर होगी बात

प्रयागराज महाकुंभ में आए लाखों साधु संत अपने विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संकल्पों को लेकर श्रद्धालुओं के बीच आए हैं। महाकुंभ जैसा विशाल आयोजन साधु संतों के साथ श्रद्धालुओं को जोड़ता है जहां सामान्य तौर पर श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक उन्नति और मुक्ति के विषयों पर ही प्रवचन या सत्संग के कार्यक्रम होते हैं। वर्तमान समय में सामाजिक व्यवस्था में आई चुनौतियों पर संत समाज की बात के लिए मंच नहीं मिल पाता। इसे मंच प्रदान करने का माध्यम बनेगा साधु कहें मन की बात कार्यक्रम। कार्यक्रम के प्रवक्ता स्वामी प्रकाशानंद बताते हैं कि साधु संतों के धार्मिक और सामाजिक संकल्पों पर साधु संत इस मंच से अपनी मन की बात करेंगे। इसमें गौ हत्या पर रोक के साथ दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के विभिन्न आयाम सम्मिलित हैं।

**फर्जी डिग्री केस में डिप्टी सीएम केशव को कोर्ट का झटका**

## पुनरीक्षण याचिका खारिज करने वाला हाईकोर्ट का आदेश रद्द

सत्ता सुधार ■ लखनऊ



सुप्रीम कोर्ट से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को तगड़ा झटका लगा है। फर्जी डिग्री के खिलाफ दाखिल पुनरीक्षण याचिका को खारिज करने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। साथ ही नए सिरे से गुण-दोष के आधार पर सुनवाई के लिए मामले को हाईकोर्ट वापस भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने उक्त मामले में सुनवाई की है। आरटीआई कार्यकर्ता व याची दिवाकर नाथ त्रिपाठी ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या पर फर्जी डिग्री के आधार पर पेट्रोल पंप की डीलरशिप हासिल करने और 2007 विधानसभा चुनाव के नामांकन में गलत हलफनामा दाखिल करने का आरोप लगाया था। साथ ही एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। याची की अर्जी को इलाहाबाद जिला अदालत की अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद देरी के आधार पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याची की पुनरीक्षण याचिका भी रद्द कर दी थी। फिर हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याची ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए कहा कि महज एक महीने की देरी के आधार पर पुनरीक्षण याचिका खारिज नहीं की जानी चाहिए थी। वह भी तब जब डेंगू से पीड़ित होने का ठोस कारण बताते हुए याची ने देरी के लिए माफी की अर्जी दाखिल की थी। लिहाजा, याची की पुनरीक्षण याचिका पर गुण-दोष के आधार पर सुनवाई कर फैसला सुनाया जाना चाहिए था।

## अभिनेता राजपाल के पिता नौरंग यादव का निधन

### आज पैतृक गांव कुंडरा में होगा अंतिम संस्कार

**शाहजहांपुर।** फिल्म अभिनेता राजपाल यादव के पिता नौरंग यादव का निधन हो गया है। वह 75 वर्ष के थे। कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका दिल्ली के अस्पताल में इलाज हो रहा था, जहां शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। राजपाल यादव के बड़े भाई श्रीपाल यादव के अनुसार, अंतिम संस्कार 25 जनवरी को लगभग पूर्वाह्न 11 बजे बंडा क्षेत्र स्थित पैतृक गांव कुंडरा में होगा। मूलरूप से बंडा के कुंडरा गांव के रहने वाले अभिनेता राजपाल यादव ने बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनके पिता नौरंग यादव अन्य परिजनों के साथ पैतृक गांव कुंडरा में ही रहते थे। बीते कई दिनों से वह बीमार चल रहे थे। दिल्ली एम्स में उनका उपचार हो रहा था। राजपाल के पिता का निधन होने पर जनपद के लोगों ने शोक जताया है। पिता के निधन के बाद अभिनेता राजपाल यादव की एक पुरानी सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो रही है। इसमें उनको पिता संग देखा जा सकता है।

**मदद** साइकिल सवार फ्रांसीसी नागरिक रात में डैम के करीब पहुंचे, पुलिस ने दिखाया सही रास्ता

# बरेली में गूगल मैप ने फिर दो विदेशी नागरिकों को भटकाया

सत्ता सुधार ■ बरेली

दिल्ली से नेपाल के काठमांडु जा रहे साइकिल सवार दो फ्रांसीसी नागरिक रास्ता भटककर बरेली के बहेड़ी में चुरैली डैम के करीब पहुंच गए। रास्ता भटकने पर वो पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिसकर्मियों से मदद मांगी। फ्रांसीसी नागरिकों की भाषा न समझने से पुलिसकर्मी उनकी समस्या नहीं समझ पाए। इस पर एसएसपी समेत अन्य अधिकारियों से फोन पर उनकी बात करा दी। तब पुलिस ने उन्हें सुरक्षा में सही रास्ते पर पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक फ्रांस के ब्रायन जैक्स गिलबर्ट और सेबेस्टीयन फ्रैंकॉइस ग्रेबियल सात जनवरी को फ्लाइट से दिल्ली आए थे। उन्हें साइकिल से नेपाल के काठमांडु जाना था। वो दोनों अगले दिन ही दिल्ली से साइकिल लेकर चल दिए। बताया जा रहा है कि दोनों साइकिल सवार पर्यटक गूगल मैप के सहारे रास्ता देखकर जा रहे थे।



### स्थानीय लोगों ने चौकी पहुंचाया

फ्रांसीसी नागरिकों को पीलीभीत होकर उत्तराखंड के टनकपुर के रास्ते काठमांडु जाना था, लेकिन वह रास्ता भटककर बहेड़ी के चुरेली डैम की ओर पहुंच गए। वहां गुरुवार देर रात 11 बजे करीब भटके तो स्थानीय लोग उन्हें पुलिस चौकी ले आए। फ्रांसीसी नागरिकों की फ्रेंच भाषा पुलिसकर्मी नहीं समझ पाए तब एसएसपी अनुराग आर्य तक जानकारी पहुंची। एसएसपी ने फोन पर उनसे बात की। अंग्रेजी में बात करके समस्या समझी और फिर पुलिस ने उन्हें सही दिशा का नक्शा बनाकर रास्ता समझाया और अपने क्षेत्र से निकलवा दिया।

### तीन लोगों की जा चुकी जान

बरेली में गूगल मैप से गलत रास्ते पर जाने के पहले भी मामले सामने आ चुके हैं। बीते साल 24 नवंबर को गूगल मैप के सहारे गुरुग्राम से बरेली जा रहे तीन लोगों की कार अधूरे पुल पर चल गई। पुल खत्म होते ही उनकी कार नीचे जा गिरी, जिससे तीनों की मौत हो गई थी। इस मामले में बदायूं के दातागंज कोतवाली में गूगल के क्षेत्रीय प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। इसके बाद आईआईटी छात्रों की कार टूटी सड़क से नहर में जा गिरी थी। गनीमत रही कि हादसे में छात्रों की जान बच गई थी। अब फ्रांसीसी नागरिक गूगल मैप से गलत रास्ते पर चल गए थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुरुद्वारा चौराहा, शिवपुरी से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- 403553 ।स्थानीय संपादक दीपक अरोरा*।
आर.एन.आई. नं. एम पी एच आई एन/2000/2530 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।